बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 10, वर्ष 12, अंक 12, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, रविवार, 30 अप्रैल, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : उदार और उदात्त स्त्री के प्रश्नों में गांधी

अन्दर : रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में विराट करें कप्तानी: रवि शास्त्री



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# माफिया डॉन मुख्तार को 10 साल की सजा

## सांसद अफजाल को चार साल का कारावास और एक लाख जुर्माना

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी ब्रदर्स की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोनों भाइयों को सजा सुनाई है। मुख्तार को दस वर्ष और बड़े भाई और बसपा सांसद अफजाल अंसारी को चार साल की कैद हुई है। इसके साथ ही मुख्तार पर पांच लाख और अफजाल पर एक लाख का जुर्माना भी कोर्ट ने लगाया है। यह फैसला 16 साल पुराने गैंगस्टर के मुकदमे में आया है।

वहीं इस फैसले से अफजाल की सांसदी जानी तय है। कोर्ट का फैसला आते ही पुलिस ने अफजाल को कस्टडी में ले लिया। जिला प्रशाासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई और न्यायालय के तेज फैसले से माफिया जेल के सलाखों में जाने लगे हैं। शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एमपी-एमएलए कोर्ट में गैंगस्टर के पुराने मामले में अफजाल अंसारी कोर्ट में मौजूद रहे। जबकि मुख्तार अंसारी

**कोर्ट का फैसला**

**मुख्तार अंसारी पर पांच लाख जुर्माना, अफजाल की जाएगी सांसदी, हो सकता है उपचुनाव**

**मुख्तार की अरबों की संपत्ति हो चुकी है जब्त, पुलिस छावनी में तब्दील रहा कोर्ट**

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ा रहा। 29 नवंबर 2005 को तत्कालीन भाजपा विधायक कृष्णानंद राय और गनर सहित सात लोगों की बसनियां गांव के सामने स्वचालित हथियार से ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर हत्या कर दी गई थी। उसके दो वर्ष बाद 22 नवंबर 2007 को पुलिस ने माफिया ब्रदर्स पर गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया था। वहीं इस केस में वाराणसी के कोयला व्यवसाई नंदकिशोर रूंगटा अपहरण कांड को भी जोड़ा था। दरअसल, पुलिस ने हत्या के बाद आगजनी से लेकर तोड़फोड़ को आधार बनाया था। हालांकि, माफिया



ब्रदर्स विधायक हत्याकांड में बरी हो गए थे। लेकिन गैंगस्टर में फैसला शनिवार को आया।

जिले में मुख्तार अंसारी और सांसद अफजाल अंसारी के फैसले को लेकर शनिवार को कोर्ट परिसर पुलिस छावनी में तब्दील रहा। पीड़ित परिवार ने जहां न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। वहीं माफिया के समर्थकों में मातम छा गया। एसपी आफिस के पास बैरिकेडिंग कर दी गई थी। नगर के प्रमुख चौराहों पर भारी पुलिस और पीएसी बल तैनात था।



माफिया मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों पर बुलडोजर और छापेमारी कर अब तक अरबों की संपत्ति जब्त हो चुकी है। 2017 से 2023 तक लगभग तीन अरब से अधिक की संपत्तियों पर बुलडोजर गरजा और धनराशि गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त की गई है। मऊ, गाजीपुर और आजमगढ़ में सबसे अधिक ध्वस्तीकरण और जब्तीकरण की कार्रवाई हुई। मऊ में सबसे अधिक 16 करोड़ 80 लाख की चल और अचल संपत्ति पर ध्वस्तीकरण और 65 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। गाजीपुर में 12 करोड़ की संपत्ति पर बुलडोजर चला और इतनी ही धनराशि जब्त की गई। आजमगढ़ में उसके करीबियों की एक करोड़ 96 लाख की सपंत्ति जब्त हो चुकी है। उनके बड़े भाई सांसद की 12 करोड़ 35 लाख की संपत्ति कुर्क हो चुकी है।

### फैसले से अंसारी परिवार सकते में

एमसी-एमएलए कोर्ट ने जैसे ही सजा का ऐलान किया, अंसारी समर्थकों पर सकता छा गया। अफजाल के चेहरे के भाव बदल गये। वैसे यह फैसला अंसारी परिवार के लिए झटका है। गैंगस्टर का यह मामला भांवरकोल,मुहम्मदाबाद तथा वाराणसी में दर्ज आपराधिक मुकदमों से बनाए गए गैंगचार्ट पर आधारित है। दरअसल, 23 सितंबर 2022 को माफिया ब्रदर्स के खिलाफ न्यायालय में आरोप तय हो चुका था। फैसले के लिए कोर्ट ने 15 अप्रैल की तिथि तय की थी। मगर न्यायाधीश के छुट्टी पर चले जाने से फैसला अटका रहा।

### बसपा सांसद अफजाल की सांसदी खतरे में

अदालत के फैसले के बाद बसपा सांसद अफजाल अंसारी की सांसदी जानी तय है। यहां उपचुनाव होना तय हो गया है। दरअसल, अफजाल अंसारी 2019 में गाजीपुर लोकसभा सीट पर पूर्व मंत्री मनोज सिन्हा को पराजित कर बसपा से सांसद बने। अफजाल अंसारी पहली बार वर्ष 1985 में भाकपा से विधायक बने। इसके बाद 1989,91,93 व 96 में इनको कोई हरा नहीं सका। लेकिन 2002 विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कृष्णानंद राय ने पराजित कर दिया। इसके बाद 2004 लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनोज सिन्हा को हराए। वहीं 2009 लोकसभा गाजीपुर और 2014 बलिया लोकसभा चुनाव में पराजित हुए।

# गलवान हीरो की पत्नी सेना में बनीं लेफ्टिनेंट



**नई दिल्ली।** गलवान में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच साल 2020 में हुई हिंसक झड़प में बिहार रेजीमेंट के नायक दीपक सिंह बलिदान हो गए थे। अब खबर आई है कि नायक दीपक सिंह की पत्नी रेखा सिंह, सेना में शामिल हो गई हैं और वह बतौर लेफ्टिनेंट सेना में कमीशन हुई हैं। खास बात ये है कि रेखा सिंह को पहली तैनाती पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर दी गई है। रेखा सिंह ने चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी से एक साल की ट्रेनिंग पूरी की है, जिसके बाद उन्हें बतौर लेफ्टिनेंट सेना में शामिल किया गया है। बता दें कि लेफ्टिनेंट रेखा सिंह के पति नायक दीपक सिंह बिहार रेजीमेंट की 16वीं बटालियन में तैनात थे और साल 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवां घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हुई झड़प में बलिदान हो गए थे। नायक दीपक सिंह को मरणोपरांत 2021 में वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

भारतीय सेना ने ट्वीट करके लिखा महिला कैडेट रेखा सिंह, दिवंगत नायक दीपक सिंह की पत्नी, भारतीय सेना में कमीशन हुई हैं। उन्होंने चेन्नई की ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी से अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है। दीपक सिंह साल 2012 में सेना में शामिल हुए थे और बिहार रेजीमेंट में बतौर नर्सिंग स्टाफ तैनात थे। जनवरी 2020 में उनकी पोस्टिंग लद्दाख में हुई थी लेकिन पांच महीने बाद ही चीनी सैनिकों के साथ मुठभेड़ में नायक दीपक सिंह शहीद हो गए थे।

**सम्मान**

**शादी के आठ महीने बाद ही शहीद हो गए थे दीपक सिंह**

**जहां पति को मिली शहादत वहीं मिली पहली तैनाती**

# काशी में भाजपा के तीन दर्जन वर्कर्स निष्कासित

**वाराणसी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल स्थानीय तीन दर्जन कार्यकर्ताओं को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। निष्कासित किये गये कार्यकर्ताओं में कई पूर्व पार्षद भी है, जो बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा कई वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है, जो विभिन्न वार्डों में पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ कार्य कर रहे हैं। इसकी पुष्टि करते हुए महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने बताया कि निष्कासित किये गये 36 कार्यकर्ताओं पर निकाय चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होना पाया गया है। निष्कासित किये गये कार्यकर्ताओं में पूर्व/निवर्तमान पार्षद व बागी प्रत्याशी मनीष यादव, इंद्रदेव पटवा, राकेश जायसवाल, संतोष शर्मा, शंकर साहू, गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, संदीप त्रिपाठी, सुनील सोनकर, राजकुमार जायसवाल व चंद्रकला मौर्या शामिल है। इसके अलावा बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे सतीश गुप्ता, दुर्गा सेठ, अमर बोस, अजय वर्मा, मुन्ना यादव, शकील अहमद, विनय जायसवाल, मनीष गुप्ता, विजय चौरसिया, देवेश वर्मा, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, विपिन गुप्ता, सौरभ कक्कड़, संजय विशाम्भरी, रजत, कृष्णकांत तिवारी 'कुन्नू', विकाश जायसवाल व अनिल मौर्या के खिलाफ भी कार्रवाई हुई है।

उन्होंने बताया कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए गए पूर्व पार्षद पूर्णमासी गुप्ता, गणेश गुप्ता, इंद्र बहादुर पटेल, रविंद्र सिंह, अजय गणेशु के अलावा आदित्य शर्मा, भरत जायसवाल, वीरू यादव, वैभव मिश्र, मनोज कुशवाहा, हरिओम जायसवाल, अशोक कुशवाहा, राजन बिंद, चंदन बारी, मंगल बिंद, रवि गुप्ता, अमित गुप्ता, दीपक विश्वकर्मा, जितेंद्र सोनकर, शिवम गुप्ता, राहुल गुप्ता व रेनू कुरैशी को भी निष्कासित कर दिया गया है।

**ऐक्शन**

**बागियों के खिलाफ प्रदेश नेतृत्व ने उठाया सख्त कदम**




### एन. वेंकटेश्वर लू ने संभाला निगम के अध्यक्ष का कार्यभार

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने उप्र. परिवहन निगम की ई-टिकट बुकिंग वेबसाइट हैक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार को हटा दिया है। फिलहाल के लिए प्रबंध निदेशक का कार्यभार प्रमुख सचिव परिवहन विभाग व परिवहन निगम के अध्यक्ष एन.वेंकटेश्वर लू को दिया गया है। बताते हैं कि वेबसाइट हैकर्स ने डाटा रिलीज करने के लिए परिवहन निगम के एमडी से 40 करोड़ की फिरौती मांगी थी। इसकी एफआईआर 26 अप्रैल को साइबर क्राइम थाना गोमतीनगर, लखनऊ में दर्ज करायी गयी है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन निगम की बसों में ई-टिकटिंग प्रणाली तीन से चार दिन में फिर से बहाल हो जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सड़क परिवहन निगम की बस टिकटिंग परियोजना के डाटाबेस को अज्ञात हैकर्स द्वारा इनक्रिप्ट कर दिया गया था।

# यूपी के 63 शहरों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**लखनऊ।** यूपी में शनिवार को लखनऊ, कानपुर, रायबरेली, बहराइच समेत 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 40 से 50 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती है। कानपुर, लखनऊ में सुबह से बादल छाए हैं। शुक्रवार की बात करें तो मुजफ्फरनगर में सबसे ज्यादा 7.8 मिमी. बारिश हुई। वहीं, शाहजहांपुर सबसे ठंडा रहा है।

कानपुर की सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया, "दक्षिण पाकिस्तान में बने चक्रवात की वजह से यूपी में 2 मई तक आंधी-पानी का अलर्ट है। पहले मौसम विभाग ने 30 अप्रैल तक बारिश का अंदेशा जताया था। अब तेज हवाएं, आकाशीय बिजली के साथ बारिश की आशंका बनी हुई है। जिन जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। उनमें कानपुर, शाहजहांपुर, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, आगरा, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मुरादाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा, संभल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, एटा, हाथरस, कासगंज, इटावा, औरैया और फरुर्खाबाद समेत 63 शहर शामिल हैं। लखनऊ में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। जोकि सामान्य से 3.7 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 22.4डिग्री रहा। लखनऊ में शनिवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे। आस-पास के एरिया में तेज हवाएं चली। कहीं कहीं हल्की बारिश हुई। आने वाले 24 घंटे में लखनऊ में अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 24डिग्री रह सकता है। हवाएं 40 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं।

**मौसम**

**कानपुर-लखनऊ में बादल छाए, मौसम हुआ सुहावना अब दो मई तक आंधी-पानी के आसार**

**लखनऊ में तेज हवा के साथ हो सकती है बारिश**






# एसपी-बीएसपी का फेल इंजन फैलाता था प्रदूषण

**देवरिया।** देवरिया राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में शनिवार को चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा-बसपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा और बसपा का फेल्ड इंजन प्रदूषण पैदा करता था। भ्रष्टाचार का प्रदूषण, राजनीति के अपराधीकरण का प्रदूषण, विकास की योजनाओं के बंदरबांट का प्रदूषण और डकैती का प्रदूषण। लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार में विकास घर-घर तक पहुंच रहा है। सबका समान रूप से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह देवरिया को फिर से चीनी का कटोरा बनाएंगे। अगर सुप्रीम कोर्ट से परमिशन मिलती है तो यहां शुगर कॉम्प्लेक्स के साथ ही वहां पर बिजली का प्लांट भी लगाएंगे। नगर निकाय प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद की 17 निकायों के पांच लाख से अधिक मतदाताओं को साध गए। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाइए, विकास के लिए पैसे की कमी हम नहीं होने देंगे। सीएम योगी तय समय से 10 मिनट पहले ही जनसभा में पहुंच गए। अपने कुल 22 मिनट के भाषण में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम देवरिया की चीनी को विदेश में भी पहचान दिलाएंगे। हम यहां फाइन शुगर बनाएंगे। जितनी आवश्यकता होगी उतना हम उपयोग करेंगे, बाकी चीनी दुनिया के बाजारों में जाएगी। तब देवरिया की, यहां के किसानों की छाती गौरव से चौड़ी हो जाएगी। अब कर्फ्यू नहीं लगता है कावड़ यात्रा चल रही हैयोगी ने कहा कि आज से छह साल पहले पर्व व त्योहारों पर डर व भय का माहौल रहता था। कर्फ्यू लगता था। लेकिन अब कर्फ्यू नहीं लगता है, कावड़ यात्रा चल रही है। अब उपद्रव नहीं होते हैं। अब उत्सव होते हैं। कहीं दीपोत्सव, कहीं देव दीपावली तो रंगोत्सव। आज किसी भी पर्व पर भय व डर का माहौल नहीं है। आज हजारों लाखों लोग एक साथ पर्व मनाते हैं। सपा-बसपा के शासन में युवाओं के हाथों में तमंचे होते थे, लेकिन हमारी सरकार उन्हें टैबलेट देकर सशक्त बना रही है।

**साधा निशाना**

**देवरिया और महराजगंज में चुनावी सभा से विपक्ष पर सीएम योगी का करारा हमला**

**बोले-पहले की सरकारें भ्रष्टाचार-अपराधीकरण और बंदरबांट का फैलाती थीं प्रदूषण**



# यूपी में कक्षा एक में प्रवेश की आयु छह वर्ष तय, शासन ने जारी किया निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश में उच्च शिक्षा के साथ-साथ बेसिक-माध्यमिक स्तर पर भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसी क्रम में शासन ने प्रदेश में कक्षा एक में प्रवेश की न्यूनतम आयु छह वर्ष तय कर दी है। इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है। इस सत्र 2023-24 में इसे लेकर थोड़ी राहत दी गई है लेकिन अगले साल से इसे लेकर सख्ती की जाएगी। शासन की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि कक्षा एक में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु छह साल तय की जाती है। वर्तमान में जिन छात्रों का कक्षा एक में प्रवेश हुआ है और उनकी आयु पांच से छह साल के बीच है, उन्हें कक्षा एक में पढ़ाई की अनुमति दी जाएगी। इस आदेश के जारी होने के बाद होने वाले नामांकन में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कक्षा एक में उन्हीं बच्चों का नामांकन हो जो 31 जुलाई तक छह वर्ष की उम्र पूरी कर रहे हैं।



बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा है कि वर्तमान में प्री-स्कूल (नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी) में पढ़ रहे ऐसे बच्चे जो कक्षा एक में दाखिले के समय छह साल से कम आयु के होंगे, उन्हें भी कक्षा एक में प्रवेश दिया जाएगा, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। लेकिन, अगले साल से प्री-स्कूल में विद्यालयों के लिए यह व्यवस्था बाध्यकारी होगी। उन्हें इस तरह न्यूनतम उम्र का निर्धारण करना होगा कि कोई भी बच्चा छह साल से कम उम्र में कक्षा एक में प्रवेश न ले सके। यही व्यवस्था आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भी लागू होगी। एजेंसी

# 'सारी गालियां मिल जायेंगी मिट्टी में'

## कर्नाटक के हुमनाबाद, बेलगावी और विजयपुरा से पीएम मोदी ने जनसभा कर विधानसभा चुनाव का किया शंखनाद

**हुमुनाबाद/बेलगावी/विजयपुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक के हुमुनाबाद, बेलगावी और विजयपुरा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। बेलगावी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, यहां विकसित भारत के लिए विकसित कर्नाटक का मंत्र गूंज रहा है। कुछ महीने पहले मुझे यहां आने का अवसर मिला था। तब पूरे रास्ते माताओं और बहनों ने मुझपर जिस तरीके से अपना आशीर्वाद बरसाया मैं उसे कभी भूल नहीं सकता। बेलगावी में पीएम मोदी सभा के बाद एक रोड शो में भी शामिल हुए।

बीदर में प्रधानमंत्री ने कहा- मुझे कांग्रेस के लोगों ने 91 बार गालियां दीं। गालियों के शब्दकोष में टाइम खराब करने के बजाय अगर कांग्रेस ने इतनी मेहनत गुड गवर्नेंस में की होती तो इनकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 अप्रैल को कलबुर्गी में एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री को जहरीले सांप की तरह बताया था। मोदी का इशारा खड़गे पर था। खड़गे ने कहा था- आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं, लेकिन अगर उसे चखेंगे, तो आपकी मौत हो जाएगी। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद खड़गे ने माफी मांग ली थी।पीएम ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा आपका इतनी बड़ी संख्या में यहां आना... आपका यह अपार स्नेह...आपका यह अपनापन मुझे कर्नाटक के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। आज मैं आपके बीच बीजेपी के एक समर्पित कार्यकर्ता...आपके एक साथी के रूप में आया हूं। पीएम ने कहा, आप कार्यकताओं ने बीजेपी को अपने परिश्रम से सींचा है। आपने एक छोटे से पौधे को वटवृक्ष बनाने में बहुत बड़ा सहयोग दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में परंपरा भी है और तकनीक भी। यहां स्टार्टअप्स और संस्कृति को एक साथ मजबूत करने की जरूरत है। कर्नाटक वह अद्भुत भूमि है जहां भारत की प्राचीन और आधुनिक पहचान एक साथ मिलती है और समृद्ध होती है।

पीएम ने कहा कि अस्थिर सरकारों के कालखंड से कर्नाटक का बहुत नुकसान हुआ है। कर्नाटक जैसे समृद्ध महान परंपरा वाले राज्य में अस्थिर सरकार के कारण यहां के युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए। कर्नाटक को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए भाजपा ही एक स्थिर और मजबूत सरकार दे सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमने हमेशा जन सेवा को राष्ट्र सेवा माना है।

**मंच से बोले पीएम**

**'कांग्रेस मुझे 91 बार गाली दे चुकी, इतना टाइम सुशासन में लगाती तो दयनीय स्थिति न होती'**

**लोगों से की अपील-'थकी हारी कांग्रेस नहीं, जोश से भरी भाजपा को चुनें'**

**अस्थिर सरकारों के कालखंड से कर्नाटक का बहुत नुकसान हुआ**



### कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नाम पर योजनाएं शुरू कीं, पर लाभ बिचौलियों को मिला

पीएम ने कहा, कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नाम पर कई योजनाएं शुरू की मगर लाभ बिचौलियों और भ्रष्टाचारियों को मिला। असली लाभार्थी तक तो उसका हक पहुंचा ही नहीं था। कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने कहा था कि केंद्र से 1 रुपया भेजते हैं तो सिर्फ 15 पैसा पहुंचता है मगर 85 प्रतिशत भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। कर्नाटक की माताओं-बहनों और बेटियों ने कांग्रेस सरकार की लापरवाही और अनदेखी की वजह से सबसे ज्यादा तकलीफें झेली हैं। कांग्रेस ने कभी महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनके रोजगार की चिंता नहीं की। पीएम ने कहा, मुझे यकीन है कि कर्नाटक की जनता थकी और हारी कांग्रेस को नहीं बल्कि जोश से भरी भाजपा की टीम को अवश्य चुनने वाली है। कांग्रेस के एक नेता अपनी सेवानिवृत्ति के नाम पर वोट मांग रहे। उन्होंने कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए कहा, "कांग्रेस के एक नेता अपनी सेवानिवृत्ति के नाम पर वोट मांग रहे हैं। यह उनका सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा है। 'यह मेरा आखिरी चुनाव है। मुझे एक मौका दीजिए। पीएम ने कहा वे कितनी दयनीय स्थिति में पहुंच गए हैं।

# महाराष्ट्र के भिवंडी में गोदाम धराशाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में शनिवार को एक तीन मंजिला गोदाम ढह गया इसमें परिसर में रहने और काम करने वाले लोग फंस गए। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अब तक 12 लोगों को बचा लिया गया है। इनमें 10 घायल हैं।क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख अविनाश सावंत ने कहा कि मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा, वर्धमान कंपाउंड में ग्राउंड प्लस दो मंजिला इमारत दोपहर करीब 1.45 बजे ढह गई। चार परिवार ऊपरी मंजिल पर रहते थे, जबकि मजदूर भूतल पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भिवंडी, ठाणे और अन्य आसपास के इलाकों से दमकल गाड़ियों को खोज और बचाव अभियान के लिए तैनात किया गया है। महाराष्ट्र के भिवंडी में ढहे गोदाम में हादसे के समय कुछ लोग काम कर रहे थे। महाराष्ट्र के भिवंडी में ढहे गोदाम में हादसे के समय कुछ लोग काम कर रहे थे। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और ठाणे आपदा प्रतिक्रिया बल की एक-एक टीम के साथ मनकोली के वालपाड़ा में बड़े पैमाने पर बचाव और राहत अभियान चल रहा है। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष प्रमुख अनीता जवांजा ने बताया कि एनडीआरएफ की एक और टीम पहुंच रही है। यह इमारत कैलाशनगर के वालपाड़ा में वर्द्धमान कंपाउंड में थी। इस इमारत के नीचे गोदाम और ऊपर मकान था।

**हादसा**

**2 की मौत, मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका, 12 को बचाया**

## संक्षेप

### महाबल सिंह कालेज के विद्यार्थियों ने स्कूल का नाम किया रौशन

**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के लेंहड़ी स्थित महाबल सिंह इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने इंटर और हाईस्कूल की परीक्षा में अच्छे अंक पाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय की छात्रा शिखा गुप्ता ने हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम आने पर 86.33%,मानसी पटेल ने 85.66%,सुभाष चंद ने 84.33%,अमरेंद्र कुमार ने 84.16% तथा खुशी दुबे ने 83.5% और नीति सिंह ने 82% अंक पाया। वहीं इंटर में शीतल विश्वकर्मा ने 81.4%,नेहा पटेल ने 76.6 % तथा आंचल गुप्ता ने 76 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। मेधावी छात्रों ने विद्यालय के शिक्षकों और माता पिता को अपनी सफलता का श्रेय दिया है। बच्चों के अनुसार विद्यालय में गणित के शिक्षक धनेश कुमार शुक्ल के अनुशासन के कारण बच्चों में पढ़ाई के प्रति जागरूकता बनी रही।

# ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ा बाइक सवार, अस्पताल पहुंचने से पहले निकले प्राण

**हादसा**

**ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत**

**बारा।** यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। यह हादसा रानीगंज चौराहे के नजदीक हुआ। हादसे के बाद 108 एंबुलेंस से घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बाइक सवार किसी कार्य से ससुराल गया था और वहीं से लौटकर अपने घर की तरफ जा रहा था। शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया गया है। जैसे ही इस हादसे की सूचना घर पहुंची, घर में कोहराम मच गया। ससुराल पक्ष से भी रोते-बिलखते लोग अस्पताल पहुंच गए।

जानकारी के मुताबिक यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के जूही (जूही चौराहा) निवासी धर्मेंद्र वर्मा (28) पुत्र रामलाल वर्मा की ससुराल में बीती शाम एक कार्यक्रम था, जिसमें भाग लेने के लिए धर्मेंद्र अपनी ससुराल गया था। कार्यक्रम से खाली होने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में रानीगंज चौराहे (बसहरा) के पास वह असंतुलित होकर सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गया। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि धर्मेंद्र वर्मा वहीं पर गिरकर लहूलुहान हो गया। हादसे के बाद मौके पर जुटे राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घायल को 108 एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, पर कोई फायदा नहीं हुआ। हादसे की सूचना जैसे ही धर्मेंद्र के घर पहुंची, वहां मातम पसर गया। ससुराल पक्ष में भी शोक की लहर दौड़ गई। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।



युवक की मौत के बाद पूंछताछ करती पुलिस

### थरवई पुलिस द्वारा वारंटी हुआ गिरफ्तार

**थरवई।** सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना थरवई लोकेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एनबीडब्लू धारा 323 / 504 से सम्बंधित वारंटी अभियुक्त अजय कुमार पुत्र गहरू निवासी बड़नपुर को उसके ग्राम बनकेसरी से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सोहराब अहमद, प्रेम शंकर, राघवेंद्र आदि पुलिस टीम मौजूद रही।

# मोदी, योगी का हर घर जल पहुंचाने का सपना, सपना ही रह गया

**विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते करोड़ों की पेयजल योजना अधर में**

**मेजा।** देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का हर घर टोंटी से पेयजल पहुंचाने का सपना विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण सपना ही रह गया । तहसील क्षेत्र में करोड़ों की दर्जनों पेयजल योजनाएं अधर में पड़ी है । जल जीवन मिशन(नीर निर्मल)योजना के तहत वर्ष विकास खंड उरुवा के पकरी सेवार में 2015-16 में पेयजल टँकी और पाइप लाइन का कार्य शुरू किया गया था लेकिन आज तक योजना पूर्ण नहीं हो पाई है ।

गौरतलब हो कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर टोंटी से जल पहुंचाने के लिए पकरी सेवार में करोड़ों की लागत से जलनिगम विभाग से पेयजल योजना का शुभारंभ हुआ लेकिन आज तक पूर्ण नहीं हो पाया ।

प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश पाण्डेय ने बताया कि यह पेयजल योजना लगभग 7 वर्ष पहले शुरू की गई थी लेकिन आज तक पूर्ण नहीं हो पाई है । 8योजना का न तो पम्प हाउस और टँकी पूर्ण है और न ही पाइप लाइन का कनेक्शन । श्री पाण्डेय ने बताया की उक्त पेयजल योजना से लाभान्वित होने वाले ग्रामीणों ने योजना का बहिष्कार किया है । उन्होंने बताया कि पूर्व में रहे प्रधानों को इसका चार्ज भी नहीं दिया गया है । मिथिलेश पाण्डेय ने बताया कि इसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन सम्बन्धित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है इस लिए ग्रामीणों ने इसका बहिष्कार कर दिया है।



## संक्षेप

### डॉक्टर बाबूलाल तिवारी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विद्यालय के छात्रों में बैंड बाजे से स्वागत किया



**नैनी ।** राजर्शी पुरुषोत्तम दास टंडन इंटर कॉलेज के प्रांगण में नवनिर्वाचित शिक्षक विधायक (इलाहाबाद झांसी मंडल) डॉक्टर बाबूलाल तिवारी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया । विद्यालय के छात्रों में बैंड बाजे से स्वागत किया तत्पश्चात सरस्वती जी एवं राजर्शी पुरुषोत्तम दास टंडन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रधानाचार्य स्वामी नाथ त्रिपाठी ने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन किया तथा कालेज के छात्र छात्राओं ने बैच अलंकरण किया। प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री भगवत प्रकाश कुशवाहा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में ज्ञापन में दिए गए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया तथा विद्यालय का भौतिक सत्यापन किया । तत्पश्चात मिड डे मील एमडीएम में बने भोजन को चखा और प्रशंसा की । विद्यालय के मुख्य गेट के पास जलजमाव का निरीक्षण किया तथा उसके त्वरित समाधान कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल मिश्रा, डीके राय, विश्वनाथ प्रताप सिंह, युवराज सिंह, विनोद दुबे कल्याण प्रधान दिनेश यादव मनोज कुमार, बबीता जयसवाल, निशा चंद्रा, रचना सिंह, आकांक्षा कुशवाहा, अतुल कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, शिवकांत, अजीत सिंह, दुर्गेश मिश्रा, सुभाष चंद, सुनीता, अर्चना, प्रदीप भारतीय, राजकुमार जयसवाल, विजय रावत, टार्जन भारतीय आदि उपस्थित रहे ।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में जनपद में चौथा स्थान प्राप्त करने पर छात्र को प्रबंधक द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित



**खीरी।** कोरांव तहसील अंतर्गत खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत के कुलदीप जायसवाल पुत्र बैजनाथ जायसवाल का पुत्र दसवीं बोर्ड परीक्षा में जनपद में चौथा स्थान प्राप्त किया है जहां पर परिणाम आने के दिन से ही लगातार जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के सम्मानित लोगों को आना जाना लगा हुआ है और होनहार बच्चे को उत्साहवर्धन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह बाबू रूप नारायण सेवा समिति के प्रबंधक एवं भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के तहसील अध्यक्ष बृजेश कुमार भुर्तिया द्वारा छात्र के घर पहुंच कर सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा की इस बच्चे से सभी को सीख लेनी चाहिए निश्चित रूप से जो मेहनत करेगा उसी को आगे सफलता मिलेगी। जब छात्र से बातचीत किया गया तो उसके द्वारा बताया गया कि इसमें मेरे माता पिता और गुरुजनों का पूरा श्रेय जाता है और हम अपने अन्य छात्र भाइयों से कहना चाहेंगे कि मेहनत करने से ही सफलता मिलती है।सभी को मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए क्योंकि हर माता-पिता की इच्छा होती है कि मेरा पुत्र आगे चलकर नाम रोशन करेगा। इस लिए सभी को दृढ़ शक्ति के साथ माता पिता की इच्छा को साकार करने के लिए मेहनत करनी चाहिए। इस मौके पर मोहनलाल जायसवाल, कमलेश कुमार कुशवाहा, विजय बहादुर कुशवाहा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### गोपाल विद्यालय के छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**कोरांव।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा में गोपाल विद्यालय इण्टर कालेज कोरांव प्रयागराज के छात्र छात्राओं ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई ने समस्त छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉ साबिर अली ने बताया कि हिन्दी माध्यम के दिव्या सिंह, देवांशू जायसवाल आस्था सिंह तथा अंग्रेजी माध्यम से सौरभ पाण्डेय ने जिले स्थान प्राप्त किया। हिन्दी माध्यम में कक्षा 12 में श्रद्धा पाण्डेय प्रथम, विकाश सिंह द्वितीय और अनामिका सिंह तृतीय साथ ही अंग्रेजी माध्यम में आलोक मिश्रा प्रथम, अनामिका केशरी द्वितीय, पूनम जायसवाल तृतीय ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा0 सन्त लाल मौर्य ने बताया कि कक्षा 10 और 12 में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले सर्वाधिक छात्र छात्राए हैं जिसमें अमृता सिंह, शिवराम मिश्रा, आस्था सिंह, प्रीति मौर्या, रिया सिंह, मनोज कुमार कुशवाहा, आकांक्षा सिंह, सोनी, स्वेता शुक्ला, आनंद सिंह, श्रेया गौड़, तनय शुक्ला, आशीष तिवारी के अलावा अन्य छात्र छात्राएं भी हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, राजेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, गोविन्द मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय और अंग्रेजी माध्यम के समस्त अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद को लेकर जम कर चले लाठी डंडे तोड़फोड़ की गई, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर पडोसी घर में घुस कर मारे पीटे और तोड़ फोड़ किए। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कहली गांव निवासी शशीकांत यादव पुत्र सन्त लाल का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी एक राय होकर घर में घुस कर आधा दर्जन कुर्सी तोडते हुए परिवार के शांति देवी, विक्रम दित्य को लाठी डंडो से मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी दिए। शशिकांत यादव ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर राम मूरत, सुषमा देवी, सधरा देवी, निशा, संध्या देवी, सुमन देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# आदिवासी महिलाओं का लौटाया उज्वला गैस सिलेंडर, महिलाओं ने ली राहत की सांस

**राहत**

**बगल के गांव में दिया सिलेंडर, चिलचिलाती धूप में हाँफती हुयी पहुँची घर**

**लालापुर।** क्षेत्र के सोनौरी गांव के आदिवासी बस्ती के उज्वला गैस सिलेंडर बरगला कर राज लक्ष्मी गैस एजेंसी महेवा नैनी गाड़ी डिलवरी संचालन करने वाला उठा ले गया था।कई महीने बीत जाने के बाद जब वापस नही मिला तब महिलाएं परेशान होकर शिकायत करना शुरू कर दी।

बृहस्पतिवार को एक बीडियो आदिवासी महिलाओं का शोसल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल होते ही स्थानीय समाचार पत्रों ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर प्रकाशित होते ही गैस एजेंसी संचालिका ने तत्काल संज्ञान में लेकर जितने भी सिलेंडर गाड़ी डिलेवरी संचालन करने वाला व्यक्ति से शुक्रवार को दोपहर खाली सिलेंडर वापस कर दिया।

दीपावली त्यौहार पर सरकार की तरफ से निःशुल्क भरा सिलेंडर देने का कहकर ले गया था सिलेंडर।सात महीने बाद वापस किया खाली सिलेंडर,किस तरह गरीब महिलाओं को झांसा दिया कि सभी महिलाओं के घर मे सात महीने तक लकड़ी से खाना बनना शुरू हो गया था।गनीमत ए रही कि किसी प्रकार की चूल्हे की चिंगारी से किसी की गृहस्थी जलकर राख नही हुई, नही तो बहुत बड़ी जवाबदेही तय हो जाती।

धूप में आदिवासी महिलाओं को बगल के गांव गोबरा तरहार दूरी आधा किलोमीटर पर वापस किया सिलेंडर।महिलाएं चिलचिलाती धूप में शिर पर रखकर अपने घर हाँफते हुए पहुँची।खैर आज भी इस समाज मे ऐसे ऐसे लोग है जहाँ एक तरफ सरकार को बदनाम करने की कोर कसर नही छोड़ रहे है तो दूसरी तरफ भोली भाली महिलाओं को किस तरह सरकार के देने वाला तोहफा बताकर सात महीने से सिलेंडर इधर से उधर करते रहे महिलाएं परेशान होती रही।



आदिवासी महिलाओं को गैस सिलेंडर देता गैस एजेंसी का वाहन

# अपना पैसा वापस मांगना महिला को पड़ा महंगा

**दबंगई**

**दबंगो ने महिला सहित पति को जमकर पीटा**

**भुक्तभोगी महिला की तहरीर पर 2 महिलाओं सहित 12 लोगों पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज**



**मेजा।** क्षेत्र के कनिगड़ा गाँव मे एक महिला को अपना पैसा मांगना महंगा पड़ गया,गाँव के दबंग किस्म के लोगों ने महिला और उसके पति को जम कर मारा पीटा । भुक्तभोगी महिला की तहरीर पर पुलिस ने दो महिला सहित 12 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है । गौरतलब हो कि कनिगड़ा गांव निवासी भुक्तभोगी दीपिका सिंह पत्नी संदीप सिंह ने लिखित तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उसके पति संदीप सिंह ने 2 वर्ष पूर्व विनय कुमार पुत्र जयशंकर निवासी कनिगड़ा थाना मेजा को उधार पैसे किसी काम के लिए दिए थे, जो एक माह में वापस कर देने की बात कही थी, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद विनय कुमार ने पैसा नहीं दिया । भुक्तभोगी के पति संदीप सिंह ने विनय से पैसे मांगे तो विनय ने अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध असलहा व धारदार हथियार व लाठी डंडा से पिटाई कर दी । मामले में दीपिका सिंह के तहरीर पर मेजा पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट व महिला से अभद्रता करने के आरोप सहित कई संगीन धाराओं में आरोपी विनय कुमार पुत्र जयशंकर, कमलेश कुमार पुत्र जयशंकर,आशीष पुत्र कमलेश अनुज पुत्र कमलेश, हरिशंकर पुत्र बिजय बहादुर, प्रमोद कुमार पुत्र हरिशंकर, विमल कुमार पुत्र प्रमोद, संतोष कुमार पुत्र विजय बहादुर, सुरेश चंद पुत्र लालसाहब शैलेंद्र पुत्र प्रेम शंकर निवासी कनिगड़ा, सहित दो महिलाओं पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है । दबंगो के इस कारनामें से भुक्तभोगी परिवार काफी डरा सहमा हुआ है।

# पीड़िता महिला के पति को पुलिस ने बैठाया , बाद में किया चालान

**सोरांव।** इलाके की एक महिला के अश्लील हरकत की गई । शिकायत करने आए पीड़िता के पति को पुलिस ने थाने में बैठा लिया। जानकारी होने पर जब बात आगे बढ़ी तो पुलिस ने शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया । बताया जाता है कि सोरांव इलाके की एक महिला 15 अप्रैल की शाम गेहूं काटने के बाद घर वापस आ रही थी। गांव के निकट स्थित तालाब के किनारे पहुंची ही थी कि पहले से घात लगाए बैठे एक दबंग किस्म के व्यक्ति ने बदनियति से महिला का हाथ पकड़ कर अश्लील हरकत करने लगें। किसी तरह से छुड़ा कर घर वापस आने पर आपबीती परिजनों को बताई। पीड़िता महिला के पति ने थाने में शिकायत किया था। तो पुलिस पुलिसिंग का रौब दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय पीड़ित को ही थाने बैठा लिया। उक्त मामले में पुलिस का कहना है कि पीड़िता व उसके पति द्वारा थाने में कई बार शिकायत पत्र दिया। जब पुलिस जांच पड़ताल करने जाती तो पीड़िता और उसका पति गायब हो जाता है। इसलिए पीड़िता के पति के आने पर थाने में बैठा लिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सलैया कला वि0खं0 मेजा, प्रयागराज।**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचात सलैया कला विकास खण्ड मेजा, जनपद प्रयागराज में 14/15वॉ वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नाली निर्माण, नाली मरम्मत एवं पाइप, खड़ंजा निर्माण खड़ंजा मरम्मत कार्य, हैंडपम्प मरम्मत और रिबोर कार्य, आंगनवाड़ी केन्द्र, शौंचालय निर्माण एवं मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन सफाई किट व सामुदायिक शौंचालय एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत एस0एल0 डब्ल्यू0 एम0 के तहत होने वाले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ईंट, सीमेन्ट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एस0एल0 डब्ल्यू0 एम0 सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त कार्य कोरोना वायरस संबंधित साफ-सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, माक्स, सेनीटाइजर स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूड़ा गाड़ी/ई-रिक्शा सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आंत्रित की जाती है। दिनांक 28/04/2023 से 13/05/2023 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 14/05/2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा सामग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष 2023-24 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

**अजीत कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सलैया कला**

**दरबारी लाल**
**सचिव**
**विकास खण्ड मेजा, प्रयागराज**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोना वि0खं0 मेजा, प्रयागराज।**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचात कोना विकास खण्ड मेजा, जनपद प्रयागराज में 14/15वॉ वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नाली निर्माण, नाली मरम्मत एवं पाइप, खड़ंजा निर्माण खड़ंजा मरम्मत कार्य, हैंडपम्प मरम्मत और रिबोर कार्य, आंगनवाड़ी केन्द्र, शौंचालय निर्माण एवं मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन सफाई किट व सामुदायिक शौंचालय एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत एस0एल0 डब्ल्यू0 एम0 के तहत होने वाले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ईंट, सीमेन्ट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एस0एल0 डब्ल्यू0 एम0 सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त कार्य कोरोना वायरस संबंधित साफ-सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, माक्स, सेनीटाइजर स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूड़ा गाड़ी/ई-रिक्शा सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आंत्रित की जाती है। दिनांक 28/04/2023 से 13/05/2023 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 14/05/2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा सामग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष 2023-24 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

**शशिकांत पाण्डेय**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कोना**

**दरबारी लाल**
**सचिव**
**विकास खण्ड मेजा, प्रयागराज**

**ग्रीष्मकालीन विशेष अतिरिक्त रेलगाड़ियों का संचालन**

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

**1. गाड़ी सं. 04066/04065 आनंद विहार (ट.)-पटना वातानुकूलित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी**

गाड़ी सं. 04066 आनंद विहार (ट.) से-प्रति सोमवार एवं गुरुवार, दिनांक 01.05.2023 से 29.06.2023 तक।
गाड़ी सं. 04065 पटना से- प्रति मंगल. एवं शुक्र., दि. 02.05.23 से 30.06.23 तक।
गाड़ी संरचना: वातानुकूलित प्रथम-01, वातानुकूलित द्वितीय-05, वातानुकूलित तृतीय-13, एसएलआर-02

| गाड़ी सं. 04066 आनंद विहार (ट.)-पटना आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04065 पटना-आनंद विहार (ट.) आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23.00 | आनंद विहार टर्मिनस | 10.40 | -- |
| 06.10 | 06.15 | कानपुर सेन्ट्रल | 02.40 | 02.45 |
| 08.50 | 08.55 | प्रयागराज | 23.30 | 23.35 |
| वाया-प्रयाग-फाफामऊ-वाराणसी-दावर वेस्टर्न-दानापुर | | | | |
| 16.00 | -- | पटना | -- | 17.45 |

**2. गाड़ी सं. 04062/04061 दिल्ली-बरौनी आरक्षित विशेष रेलगाड़ी**

गाड़ी सं. 04062 दिल्ली से- रविवार, दिनांक 30.04.2023 को
गाड़ी सं. 04061 बरौनी से- सोमवार, दिनांक 01.05.2023 को
गाड़ी संरचना: सामान्य श्रेणी-05, वातानुकूलित-तृतीय श्रेणी-01, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय-01, स्लीपर-15, एसएलआर-02

| गाड़ी सं. 04062 दिल्ली-बरौनी आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04061 बरौनी-दिल्ली आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 08.05 | दिल्ली | 05.50 | -- |
| 10.07 | 10.09 | अलीगढ़ | 02.28 | 02.30 |
| 11.25 | 11.27 | टूण्डला | 00.53 | 00.55 |
| 12.35 | 12.37 | इटावा | 23.33 | 23.35 |
| 15.20 | 15.25 | कानपुर सेन्ट्रल | 21.50 | 21.55 |
| 06.30 | -- | बरौनी | -- | 08.30 |

नोट: ट्रेनों के समय-सारणी से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे G20 687/23 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

टेण्डर संख्या-230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2023/494 दिनांक 28.04.2023

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु **ई निविदा** आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

| निविदा सं0 | कार्य का विवरण | | |
|---|---|---|---|
| 230-क0वि0-कार्य ठेका-863-2023 | एन सी रेलवे के प्रयागराज मंडल के DDU-RRH सेक्शन में विभिन्न ट्रैक्शन सब- स्टेशन, स्विचिंग स्टेशन (एसपी/एसएसपी/एसडब्ल्यूएस) में स्थापित उपकरणों और ऑक्सीलिरि ट्रांसफार्मर के व्यापक और निवारक रखरखाव का कार्य (दो साल की अवधि के लिए) | | |
| अनुमानित लागत | ₹39670544.29 | बिड सुरक्षा राशि | ₹348400 |
| कार्य अवधि | 24 महीना | बोली प्रणाली | एक पैकेट |
| निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय | 19.05.2023, 14.00 बजे | निविदा खुलने की तिथि तथा समय | 19.05.2023, 15.00 बजे |
| एलोकेशन | Revenue (07042232) | यूडब्ल्यूआईडी नं0 | |

नोट : 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 860/23 (ADN)

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 23/29 दिनांक: 28.04.2023

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001- 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 80235061C | लिक्वीड ऑक्सिजन गैस | 663300 किलो | 22.05.2023 |
| 2 | 80235033E | पेंटर केबरिंग | 65 नग | 22.05.2023 |
| 3 | 69235007 | डिजीटल अल्ट्रासोनिक डबल रेल टेस्टर | 29 नग | 24.05.2023 |
| 4 | 69235010 | डिजीटल अल्ट्रासोनिक सिंगल रेल टेस्टर | 16 नग | 23.05.2023 |
| 5 | 40233022E | टेप पोलीमेराइज्ड फ्लैट्स अड्हीसिव | 11000 मीटर | 25.05.2023 |
| 6 | 64231003 | वर्किंग लाइट एलईडी 24 वीडीसी/27 वाट | 160 नग | 22.05.2023 |
| 7 | 64235041 | हाईड्रोलिक होस पाइप | 1260 एम्पटीबार | 29.05.2023 |
| 8 | 64235045 | कम्प्लीट सेट ऑफ क्रिम्पड हाईड्रोलिक होस ऐसेम्बलीस | 04 सेट | 25.05.2023 |
| 9 | 64235046 | कम्प्लीट सेट ऑफ क्रिम्पड हाईड्रोलिक होस ऐसेम्बलीस | 15 सेट | 25.05.2023 |
| 10 | 20232521 | रबर स्प्रिंग | 1200 नग | 24.05.2023 |
| 11 | 20232458 | 1-1/4" x 26" हॉक डायरिंग | 5885 नग | 24.05.2023 |


नोट- उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 655/23 (P)

North central railways @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



मुण्डेरा में जनसभा को संबोधित करते समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 39.00 |
| न्यूनतम : | 28.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

## 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**थरवई।** शनिवार की शाम थाना क्षेत्र थरवई के सरायचंडी रेलवे स्टेशन के निकट 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी जिससे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बहरिया ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया उसके पश्चात घटना की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने थरवई पुलिस को दी पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# प्रशिक्षण में नहीं आए 106 मतदान कार्मिक

### 30 अप्रैल को मिलेगा अंतिम मौका, अनुपस्थित होने पर दर्ज कराई जाएगी एफआईआर

**प्रयागराज।** प्रयागराज में नगर निकाय का चुनाव 4 मई को होने जा रहा है। इसके लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन इसमें कुछ मतदान कर्मी लापरवाही कर रहे हैं। जो मतदान के लिए प्रशिक्षण नहीं लेने आ रहे हैं। 106 मतदान कर्मियों की सूची बनाई गई है जो प्रशिक्षण के लिए नहीं उपस्थित हुए हैं।मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण 28 और 29 अप्रैल को बिशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज तथा मैरी लूकस स्कूल एंड कॉलेज में चल रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जगदंबा सिंह ने बताया कि 28 अप्रैल को 106 मतदान कर्मी प्रशिक्षण में अनुपस्थित मिले। उन्हें आखिरी मौका 30 अप्रैल को दिया जाएगा जो सुब 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक बिशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज में उपस्थित होकर प्रशिक्षण ले सकते हैं। इसमें भी न उपस्थित होने पर इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते जिलाधिकारी

### मतदान करने में भी पीछे रहे मतदान कर्मी

नगर निकाय चुनाव कराने में करीब 8 हजार मतदान कार्मिकों को लगाया गया है। प्रशिक्षण के दौरान ऐसे मतदान कार्मिक जो नगर निकाय क्षेत्र के के तहत मतदाता है उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान देने का अधिकार दिया गया। इसमें मतदान को लेकर रूचि नहीं दिखी। पोस्टल बैलेट से महज 342 मतदान कार्मिकों ने ही मतदान किया। महापौर तथा पार्षद पद के लिए 153-153 तथा नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए महज 18-18 मत ही पड़े।

## अतीक और अशरफ के हत्यारों की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी, अब 12 मई को कोर्ट में होगी पेशी

**प्रयागराज।** अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या करने वाले तीनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। शनिवार को तीनों हत्यारोपियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। अब पुलिस 12 मई को आरोपियों को फिर से सीजेएम कोर्ट में पेश करेगी। सुरक्षा कारणों के चलते तीनों आरोपियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ही पेशी कराई गई। बता दें कि शूटर लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य और सनी की ज्यूडिशियल कस्टडी रिमांड अब 12 मई तक बढ़ा दी गई है। पुलिस जब अतीक और अशरफ को अस्पताल मेडिकल के लिए लेकर जा रही थी तो तीनों हत्यारों ने दोनों भाईयों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मौके पर ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं तीनों आरोपी अभी प्रतापगढ़ की जिला जेल में बंद हैं। वहीं हत्या की जांच कर रही एसआईटी तीनों की 4 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड लेकर पूछताछ कर चुकी है।

## संक्षेप

### प्रियदर्शनी परिवार ने हाई स्कूल इंटरमीडिएट में सफलता प्राप्त करने पर छात्राओं को दी बधाई



**प्रयागराज।** जमुनीपुर स्थित प्रियदर्शनी इंटर कॉलेज परिवार की ओर से हाई स्कूल इंटरमीडिएट में सफलता प्राप्त करने पर छात्राओं को प्रधानाचार्य तथा शिक्षिकाओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। हाई स्कूल में वैष्णवी पांडेय ने 95.4%. अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त की है।नीलू पांडेय ने- 80.9% प्रतिशत अंक पाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य ने अपनी ज्ञान-साधना से पूरे प्रदेश को सम्मोहित करने वाले स्कूल के तमाम छात्र छात्राओं को हाईस्कूल एवं इंटर में पास होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में हजारों वर्षों से सुनी-सुनायी जा रही कई कथाएँ इस बात की साक्षी हैं कि सच्ची प्रतिभा की पराजय किसी भी स्थिति में सहज संभव नहीं है।विवेक के साथ झेली गयी हर चुनौती अंततः एक शुभ परिणाम पर आकर ही खत्म होती है। सभी बालिकाओं को हमारे प्रियदर्शिनी परिवार की तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं।

### सेंट्रल एकेडमी के सराय इनायत शाखा में उद्घोष कार्यक्रम आयोजित



**प्रयागराज।** सेंट्रल एके-डमी के सराय इनायत शाखा में उद्घोष कार्यक्रम आयोजित हुओ यह आयोजन विद्यालय के स्थापना दिवस के रूप में मनाया गयाे इस अवसर पर डयरेक्टर एस. के. तिवारी, झूसी शाखा के प्रधानाचार्य आनंद पाण्डेय पैरेन्टस प्राइड प्रधानाचार्या दीप्ति मिश्रा जी उपस्थित रहेे सराय इनायत शाखा की प्रधानाचार्या ऋचा त्रिपाठी ने इस अवसर पर अतिथियों और कार्यक्रम में आए अभिभावको का स्वागत और अभिनंदन कियाे सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित किया गया और सरस्वती वन्दना नृत्य के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे अच्चुतं केशवं, ज्ञान की रोशनी, टाइनी टॉट्स, पर्यावरण पर माईम, ठुमरी, बूंद-बूंद आदि सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें नन्हे मुन्ने ने जमकर जलवा बिखेरा है इसके पश्चात सराय इनायत शाखा की प्रधानाचार्या ऋचा त्रिपाठी ने अतिथियों का तथा सभी सम्मानित सदस्यों का धन्यवाद और आभार प्रकट किया तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चे और उनके माता-पिता को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

### झूंसी कोहना वार्ड के लिए भाजपाइयों ने कसी कमर मंथन जारी



**प्रयागराज।** नगर प्रमुख के लिए भाजपा ने गणेश केसरवानी को चुनाव मैदान में उतारा है । वही झूंसी के कोहना वार्ड से सभासद प्रत्याशी पंकज ओझा चुनाव मैदान में है मंगलवार देर शाम झूसी के आवास विकास कॉलोनी योजना नंबर 3 स्थित कार्यालय में भाजपाइयों का मंथन जारी रहा । भाजपा चुनाव प्रभारी संजय मिश्र बनकटा कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव जीतने की रणनीति तैयार करने में जुटे रहे। देर रात तक मंथन जारी रहा तभी भाजपा महापौर प्रत्याशी गणेश केसरवानी की पत्नी कार्यकताओं के साथ कोहना कार्यालय पहुंची तो भाजपाइयों ने जोरदार नारेबाजी करना शुरू कर दिए गणेश केसरवानी तथा पंकज ओझा जिंदाबाद के नारे लगाए जाने लगे। वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता संजय मिश्र बनकटा ने बताया कि महापौर सहित सभी वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रहे हैं सभी वर्गों का जोरदार समर्थन मिल रहा है । भाजपा नेता संजय मिश्र बनकटा से सवाल पूछा गया किआपका टक्कर किस्से है तो उन्होंने दो टूक में कहा कि हमारा टक्कर किसी से नहीं है भारतीय जनता पार्टी नगर निगम में सरकार बनाने जा रही है। हालांकि कार्यालय पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे चुनावी रणनीति तैयार करने में जुटे रहे।

### ज्वाला देवी गंगापुरी में बोर्ड परीक्षा 2023 के मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान



**प्रयागराज।** प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गंगापुरी रसूलाबाद प्रयागराज के प्रांगण में प्रतिभा अलंकरण सम्मान समारोह बोर्ड परीक्षा-2023 के घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा दशम व द्वादश के प्रदेश व जिले में स्थान प्राप्त छात्रों के साथ- साथ प्रथम 15 स्थान प्राप्त छात्र/ छात्राओं एवं उनके माता- पिता को विशेष रूप से विद्यालय की तरफ से सम्मान पत्र,शील्ड एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. राममनोहर जी (संगठन मंत्री भारतीय शिक्षा समिति काशी प्रांत) शेषधर द्विवेदी (प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश काशी प्रांत), डॉ.आनंद कुमार श्रीवास्तव (विद्यालय प्रबंध समिति प्रबंधक) एवं श्रीमान शरद गुप्त जी (विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष)उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीपार्चन, पुष्पार्चन एवं सरस्वती वन्दना से हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री युगल किशोर मिश्र ने उपस्थित बन्धुओं का परिचय कराया तत्पश्चात उन्हें श्रीफल, अंगवस्त्रम व सम्मान पत्र प्रदान किया गया। वहीं ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर गंगापुरी निश्चित रूप से प्रयागराज महानगर में शिक्षा और संस्कार के प्रति अपने कर्तव्य का सफलता से निर्वहन कर रहा है। इस हेतु उन्होने विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रसंशा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र जी ने विद्यालय के सम्पूर्ण परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए आगामी योजनाओं को बताया। आभार ज्ञापन विद्यालय समिति के प्रबन्धक डॉ. आनन्द श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य सरोज सिंह ने किया। कार्यक्रम में कक्षा नवम से द्वादश तक के भैया बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कल्याणमंत्र के साथ हुआ।

### जनपद न्यायालय इलाहाबाद सदर मुन्सरिम सुरेश सेवानिवृत्त लोगों ने दी बधाई



**प्रयागराज।** जनपद न्यायालय इलाहाबाद के बहुत ही कर्मठ एवं मृदुभाषी कर्मचारियों में से एक थे सभी कर्मचारियों ने बहुत ही दुखी मन से अपने बीच के साथी को बारी बारी से माल्यार्पण कर भावभीनी बिदाई दिये। सेवानिवृत्ति समारोह में सर्व संजय श्रीवास्तव (चीफ रीडर) जिला जज, श्याम शंकर सरोज (कैश नाजिर)राजीव श्रीवास्तव रीडर, रवि सक्सेना, रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, अमित सोनकर, अफजल हसन, सन्त लाल पाल, आदित्य प्रजापति, आलोक मिश्रा, रवीन्द्र ,पीयूष सिन्हा (डाक्टर साहब)त्रिपाठी, उमाशंकर राय, एवं महिला कर्मचारियों में संहिता श्रीवास्तव, संध्या तिवारी, साक्षी मालवीय, प्रीती पाल आदि उपस्थित रहे सभी नजरत के कार्यलय कर्मचारीगण उनको बधाई एवं शुभकामनायें दी।

### नरेश उत्तम पटेल ने जनसभा को किया संबोधित

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल शनिवार को प्रयागराज में थे। वह मुंडेरा के एक गेस्ट हाउस में नगर निकाय चुनाव को लेकर एक जनसभा को भी संबोधित किए। यहां उन्होंने मेयर प्रत्याशी अजय कुमार श्रीवास्तव सहित पार्षद एवं नगर पंचायत के सभी अन्य पदों पर पार्टी की ओर से उतरे प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव सपा के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की अनुपस्थिति में हो रहा है। वह तो इस दुनिया में नहीं रहे लेकिन उनके विचार हम लोगों के बीच में आज भी जिंदा हैं। कहा कि भाजपा सबसे झूठी पार्टी है। इसे समाजवादी पार्टी ही कड़ा टक्कर देकर सत्ता से बेदखल करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि 2014 में महंगाई कम करने का वादा कर सत्ता में आने वाली भाजपा सरकार में पेट्रोल, डीजल, गैस आदि के दाम तीन गुना बढ़ गए। हर वस्तु के दाम बढ़ते जा रहे हैं, महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी कम नहीं हो रही। स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार किसानों की उपज का मूल्य उसकी लागत का डेढ़ से दो गुना देने का वादा झूठा निकला।

# किसी भी बेटी के साथ अब अन्याय नहीं होता भाजपा में सभी सुरक्षित हैं : प्रभारी मंत्री स्वतंत्रता देव सिंह

**मऊआइमा।** भाजपा सरकार में जितना विकास हुआ आज तक किसी भी सरकार में नही हुआ। शौचालय, आवास, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड आदि भाजपा सरकार ने सब को दिया सरकार किसी के लिए भेद भाव नही रखती सब का साथ सब का विकास का काम करती है।अब बहन बेटियों की इज्जत से खेलने वाले जेल जाते हैं। सभी सुरक्षित हैं। उक्त बातें प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मऊआइमा के नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के मोहम्मद आलम के पक्ष में मऊआइमा के इतिहासिक नाटी इमली के मैदान में कहीं। प्रदेश के सिंचाई, एंव जनसंसाधन, बाढ नियंत्रण परती भूमि, विकास ,लघु सिंचाई, नमानि गंगे एंव ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव ने कस्बा के नाटी इमली के मैदान में कहा टेल तक पानी पहुंचाना, सहित कई विभाग है। आज मोदी योगी के इस युग में हर कोई सुरक्षित है। 2017 के पहले बहन,बेटियों को उठा लिया जाता है। अब किसी की हिम्मत नहीं है जो किसी भी धर्म के बहन बेटियों को आंख उठा कर देख सके। गुंडा, मवाली जेल जा रहे हैं।योगी बाबा के इस युग में बदमाशों को जेल भेजा जा रहा है। कोई अत्याचारी बच नहीं पा रहा है।आतिक्रमणकारी बुलडोजर झेल रहे हैं। उनहोंने एकत्रित भीड से भाजपा प्रत्याशी मोहम्मद आलम की भारी मतों से जीताने की अपील किए। ताकि क्षेत्र में जमकर विकास हो। इस अवसर पर सभा की अध्यक्षता हाजी स्वालेह ने संचालन शारदा प्रसाद शुक्ला निकाय संयोजक ने किया। इस के पूर्व एम एलसी सुरेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी ,जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी, प्रेम जायसवाल उर्फ बबलू,कविता पटेल, जिला पंचायत सदस्य अभिषेक यादव, , बेलाल, अंसार, नौशाद, मिठाई लाल, निमिष खत्री, नवीन पटेल, राम पलट पटेल, आशीष भारतीय, राम सुन्दर मिश्रा, विजय सिंह, दीपक कुमार मिश्रा आदि बडी संख्या में लोगों ने सभा को सम्बोधित किए।



कार्यक्रम में मंचासीन प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व अन्य

# प्राथमिक विद्यालय चपरतला में पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित



जया भारती को सम्मानित करते मनीष तिवारी

**सम्मान**

### शिक्षक नेता मनीष तिवारी ने हाईस्कूल में 85%अंक पाने वाली छात्रा जया भारती को किया सम्मानित

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड मेजा के प्राथमिक विद्यालय चपरतला में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मनीष तिवारी अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ व कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान नंदलाल कुशवाहा ने किया ।पुरातन छात्र सम्मेलन में प्राथमिक विद्यालय चपरतला में कक्षा 5 तक की शिक्षा प्राप्त करने वाली छात्रा जया भारती को हाई स्कूल की परीक्षा में 85% अंक प्राप्त होने पर विद्यालय परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया। जया वर्तमान में भगवंती देवी इंटर कॉलेज की छात्रा है। पूरातन छात्र सम्मान के अवसर पर अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों की तरह परिषदीय स्कूलों में भी इस प्रकार के आयोजनों से अध्ययनरत छात्र पुराने छात्रों का अनुभव प्राप्त करते है और उनसे प्रेरित होकर पढ़ने में अधिक परिश्रम करते है। उन्होंने कहा कि पूरा छात्र का अपने प्रारम्भिक स्कूल से भावनात्मक लगाव ज्यादा होता है इसलिए वह स्कूल को और अधिक बेहतर करने के लिए सुझाव भी दे सकते है तथा सक्षम व्यक्ति विद्यालय को आर्थिक रूप से शैक्षणिक सहायक सामग्री की मदद कर सकते है। सम्मेलन में जया की माता सुमन देवी व पिता महेश भारती, ए आर पी पुष्पराज सिंह, पूनम सिंह, बृजेश सिंह, राजेश पाल, कहार तारा बेन आदि उपस्थित रहे। सम्मेलन के अंत के विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पुरानी रंजिश को लेकर महिला व उसके पुत्र के साथ मारपीट मुकदमा दर्ज

**सोरांव।** इलाके के जमुआ गांव में चरी काटने गई महिला व उसके बेटे को दबंगों ने मार-पीट कर घायल कर दिया गया । पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज। सोरांव थाना क्षेत्र के जमुआ (भीटा) नसरतपुर निवासिनी उर्मिला पांडेय पत्नी रामअधार अपने पुत्र नमोः कृष्ण पांडेय के साथ शनिवार की सुबह खेत में चरी काटने गई थी । कि पुरानी रंजिश को लेकर देवा, राज, रमन एक राय होकर पीड़िता व उसके पुत्र गाली गुप्ता देने लगे, विरोध करने पर मार पीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के पति राम अधार की तहरीर पर देवा, राज व रमन के खिलाफ विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क, मांगा समर्थन

**जनसंपर्क**

### नगर पंचायत के हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा : श्यामकृष्ण यादव

**मेजा।** नगर पंचायत सिरसा में समाजवादी पार्टी से अध्यक्ष पद के प्रत्यासी निवर्तमान अध्यक्ष श्यामकृष्ण यादव उर्फ पप्पू ने शनिवार को नगर पंचायत में डोर टू डोर संपर्क कर जनसमर्थन मांगा। मतदाताओं से अपने पक्ष में समर्थन की अपील करते हुए श्याम कृष्ण यादव ने कहा कि नगर पंचायत में पेयजल, विद्युत, साफ सफाई, नाली, पेंशन आदि समस्याओं को हल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत सिरसा के सर्वांगीण विकास एवं अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मुझे आशीर्वाद देते हुए एक बार और अवसर दें। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी श्याम कृष्ण यादव ने कहा कि सिरसा नगर पंचायत के मतदाताओं का अपार स्नेह मुझे लगातार 10 वर्षों से मिलता चला रहा है। मतदाताओं का सहयोग इस बार भी मिला तो जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करूंगा। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। नगर पंचायत के हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा। सब का भरपूर सम्मान होगा। डोर टू डोर संपर्क के दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रमिल यादव, अंशु सिंह, संजय प्रधान, हरी प्रजापति, दिलीप विश्वकर्मा सहित दर्जनों लोग रहे ।



नगर पंचायत सिरसा में जनसंपर्क करते श्यामकृष्ण यादव उर्फ पप्पू

# अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश मतदाताओं से की अपील

**रोडशो**

### रोडशो कर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने भाजपा के लिए मांगा वोट

### नगर पंचायत को अंजू देवी जैसा चेयरमैन मिलने पर यहां के विकास में और गति आएगी : अभिलाषा गुप्ता नंदी

**बारा/शंकरगढ़।** प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना की राष्ट्रीय ब्रांड एंबेस्डर (प्रचार-प्रसार अभियान) व निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने शनिवार की शाम नगर पंचायत शंकरगढ़ में रोड शो किया। नगर पंचायत शंकरगढ़ से भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी के समर्थन में आयोजित रोड शो में अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कस्बे की सभी बहन-बेटियों और बहुओं से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। कहा, नगर पंचायत को अंजू देवी जैसा चेयरमैन मिलने पर यहां के विकास में और गति आएगी।

अभिलाषा गुप्ता नंदी के रोड शो की शुरूआत शनिवार की शाम पांच बजे कस्बे के रामभवन चौराहे से हुई। खुली जिप्सी में अभिलाषा गुप्ता नंदी के साथ भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी, सभासद प्रत्याशी रंगीता केसरवानी भी सवार थे। रामभवन चौराहे से निकला अभिलाषा गुप्ता का रोड शो सदर बाजार, लाइनपार, मोदीनगर, पटहट रोड, पुरानी बाजार होते हुए पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय (आर्य रामवाटिका) पहुंचा, जहां पर पार्टीजनों ने अभिलाषा गुप्ता का जोरदार इस्तकबाल किया।

अभिलाषा गुप्ता ने भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी के हौसले की भी तारीफ की। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं का आह्वान किया कि वह सारे गिले-शिकवे भूलकर पार्टी प्रत्याशी को जिताने केलिए पूरी तरह से कमर कस लें और कस्बे के सभी वार्डों में कमल खिलाएं। इसके पूर्व शंकरगढ़ पहुंचने पर अभिलाषा गुप्ता का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा के सभी सभासद प्रत्याशी, जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, ज्ञान सिंह पटेल, विजयशंकर शुक्ल, चतुर्भुज दास गुप्ता, राजेश गुप्ता, राजेश्वरी तिवारी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, उमा वर्मा, शिवराम सिंह परिहार, पवन केसरवानी, अंजनी लाल, फंटू महराज, मसुरियादीन वर्मा, दिलीप चतुर्भुज दास गुप्ता, शालिनी श्रीवास्तव, मुकेश पाठक, अशोक केसरवानी, अलीम अली, हरिशंकर पांडेय, रवि सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। अंत में भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



रोड शो कर भाजपा के लिए वोंट मांगती अभिलाषा गुप्ता नंदी व समर्थक

# छुटभैया नकली कथित नवीन भाजपा नेता गरीबों को मतों के लिए कर रहे हैं मजबूर

### भाजपा को मत दे दो वरना मुकदमे में फंसा कर जेल भेजे जाओगे

**मऊआइमा।** कल तक बसपा का झोला ढोने वाले अपने निजी स्वार्थ के लिए भाजपा के लिए गरीबों, असहायों को यह कह रहे हैं कि शासन सत्ता भाजपा की है। भाजपा को मत दे दो वरना फर्जी मुकदमा में जेल चले जाओगे। जिससे गरीबों में असमंजस की स्थिति बन गई है। उक्त बातों का जब भंडा फूटा तो कथित स्वार्थी सड़क छाप कथित नेता झूठ बोल कर मुकरने लगा। इसे लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा नगर पंचायत चुनाव में अजीब गरीब ढंग से कथित भाजपा छुटभैये नेता वोट मांगने का तरीका अपना लिए हैं। बताते हैं कि कल तक बसपा का झोला ढोने वाले कथित स्वार्थी नेता जिनके उपर कई संगीन मुकदमा दर्ज है। अपना गुनाह छिपाने के लिए ।अब भाजपा का दामन थाम कर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के लिए। गरीबों, असहायों को यह कह रहे हैं कि वह भाजपा को वोट करें। वरना शासन सत्ता उनके उपर फर्जी मुकदमा लाद कर जेल भेज देगी। जब उक्त बातें अन्य लोगों तक पहुंची तो उक्त नवीन कथित नकली भाजपा नेता साफ मुकर गया। जिसे लेकर लोगों में चर्चा बन गया है। कथित स्वार्थी नेता अब मोहल्ला में नजर नीची करके इधर उधर भाग रहा है।

## संक्षेप

### 04 मई को बन्द रहेंगे न्यायिक अधिष्ठान के न्यायालय व कार्यालय

**कौशाम्बी।** मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत 04 मई को जनपद न्यायालय, कौशाम्बी में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह जानकारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जनपद न्यायालय ने देते हुए बताया कि चार मई को नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 होने के कारण न्यायिक अधिष्ठान के न्यायालय एवं कार्यालय बन्द रहेंगे।

### छेड़खानी का विरोध करने पर किशोरी को पीटा

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी घर पर अकेली थी। परिवार के लोग खेत की ओर गए थे। इसी दौरान मोहल्ले का युवक बहाने से घर पर पहुंचा। किशोरी से छेड़खानी करने लगा। किशोरी ने शोर मचाया तो आरोपित ने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। देर शाम मां के साथ थाने पहुंची पीड़िता ने मामले की नामजद शिकायत की। पीड़िता के मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कैदियों के साथ सांसद सुनेंगे मन की बात

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व कौशांबी सांसद विनोद सोनकर रविवार को अपने लोकसभा कौशांबी के जिला कारागार में निरुद्ध कैदियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जा रही मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे। उक्त मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो प्रत्येक माह में की जाती है उसका 100 वा विशेष संस्करण भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री और कौशांबी सांसद विनोद सोनकर जिला जेल में निरुद्ध कैदियों के साथ सुनेंगे। उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पांडे ने दी है।

### जुए की फड़ पर छापामारी, चार गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** कोखराज थाने की पुलिस ने अहिरारा गांव के समीप जुए की फड़ में छापामारी करते हुए चार जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने जुए की फड़ से 1500 रुपये नकदी के साथ ताश के पत्ते बरामद किया है। पकड़े गए जुआरी अमरनाथ, दशरथ, निब्बू व ज्ञान प्रकाश निवासी अहिरारा है। पुलिस ने सभी जुआरियों को जेल भेज दिया है।

# द्वाबा के दो पालिका सहित आठ नगर पंचायतों में खिलेगा कमल : केशव

**नगर निकाय चुनाव**

**मुख्यालय के डायट मैदान में दहाड़े डिप्टी सीएम**

**कौशाम्बी।** द्वाबा में नगर निकाय चुनाव की बैतरणी पार लगाने को सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को मुख्यालय के डायट मैदान में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। हालांकि इस दौरान उन्होंने सपा, बसपा समेत कांग्रेस को भी आड़े हाथो लिया। कहा कि द्वाबा की दो नगर पालिका परिषद सहित आठ नगर पंचायतों में कमल खिलाओ, ताकि जो विकास का पहिया दौड़ रहा है उसे और गति मिल सके। हालांकि केशव जी के सम्बोधन को सुन जनता खूब हूटिंग भी किया।

बता दें कि शनिवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंझनपुर स्थित डायट मैदान में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित किए। इस दौरान उन्होंने जिले के दो नगर पालिका परिषद सहित आठ नगर पंचायतों में भारी बहुमत से भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने के लिए जनता से अपील भी किया। उन्होंने विकास के मुद्दे पर तमाम बाते कहीं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में गुंडे माफियाओं का बोलबाला तो खत्म ही हो रहा है साथ में प्रदेश के विकास में चारचांद लग रहा है। पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस अंधकार के गर्त में जा रही है। कहा कि मुद्दा विहीन कांग्रेस, सत्ता विहीन कांग्रेस भविष्य में उनके पास कोई नीति नहीं है, कोई नेता नहीं है। इस तरह से उन्होंने जनता से कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस के बहकावे न आकर भाजपा प्रत्याशियों को भारी जीत दिलाएं। इस मौके पर नगर पालिका परिषद प्रत्याशी वीरेंद्र सरोज, पार्टी जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता व जनता मौजूद रही।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते डिप्टी सीएम

## खाता न खुलवाने से विकास कार्य हुए ठप

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के मढ़ी गांव में विकास कार्य तीन माह से ठप चल रहा है। इसके पीछे नए सेक्रेटरी के साथ प्रधान का संयुक्त खाता न खुलना प्रमुख कारण है। विकास कार्य ठप होने से ग्रामीणों में पंचायत प्रशासन के प्रति नाराजगी है।

मढ़ी गांव में बतौर सेक्रेटरी विनोद शर्मा की तैनाती थी। उनके कार्यकाल में ग्रामसभा में विकास कार्य कराया जा रहा था। उनका स्थानांतरण जनवरी 2023 को हो गया। स्थानांतरण के बाद ग्रामसभा की जिम्मेदारी नए सेक्रेटरी शरद श्रीवास्तव को दी गई। नए सेक्रेटरी को अधिकारियों ने ग्रामसभा का चार्ज तो दे दिया पर प्रधान के साथ आज तक संयुक्त खाता नहीं खुल सका। खाता बंद होने से न तो विकास कार्य कराने के लिए धन निकाला जा रहा है और न ही कहीं पर विकास कार्य हो रहे हैं। ग्रामसभा में विकास कार्य पूरी तरह ठप होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। मामले में एडीओ पंचायत जितेंद्र शुक्ल का कहना है कि खाता खुलवाने के लिए पत्राचार किया गया है। अब तक खाता क्यों नहीं खुल सका इसकी जानकारी नहीं है।

## सिराथू नगर नगर पंचायत : दलीय उम्मीदवारों का समीकरण बिगाड़ रहे निर्दल

**निर्दल उम्मीदवार दिलीप पटेल सहित दलीय उम्मीदवार झोंक रखे हैं ताकत**

**त्रिकोणीय संघर्ष के आसार, अपनी साक बचाने को दलीय उम्मीदवारों में बेचैनी**

**कौशाम्बी।** सिराथू नगर पंचायत में नगर निकाय का चुनाव दिलचस्प मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। यहां भाजपा ने यादव कार्ड खेलते हुए पूर्व चेयरमैन रहे भोला यादव को उम्मीदवार बनाया है तो समाजवादी ने भी यादव कार्ड खेलते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष पर भरोसा जताया है। ऐसे में इन दो उम्मीदवारों के सामने निर्दल के रूप में दिलीप पटेल भी अपने को कम नहीं आंक रहे हैं इनके बारे में कहा जा रहा है कि यह पूर्व सभासद भी हैं। हालांकि मतदाता बहुत कुछ न बोलकर चुप्पी तोड़ना नहीं चाह रहा लेकिन दबी जुबां से हो रही चर्चाओं पर जाएं तो इतना जरूर सुनने को मिल रहा है कि दलीय उम्मीदवारों के गढ़ में निर्दल सेंध लगाने में पूरी ताकत झोंक रखे हैं। ऐसे में यदि निर्दल सेंधमारी में कामयाब हुए तो कहीं न कहीं सपा, भाजपा के उम्मीदवारों के समीकरण में पानी फिर सकता है।

यहां पर बताना जरूरी होगा कि द्वाबा में नगर निकाय चुनाव वैसे तो पूरे फार्म पर पहुंच गया है और नगर पंचायत सिराथू की बात करें तो यह सीट भी हाट बनती दिख रही है। हालांकि बीते विस चुनाव में यहां सपा ने भाजपा को मात भी दिया था और यही तश्वीर निकाय चुनाव में दोहराने के लिए समाजवादी ने यहां से पार्टी जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव को मैदान में उतारा है, लेकिन सपा के लिए यह नगर पंचायत की सीट इतना आसान भी नहीं दिख रही है, क्योंकि निर्दल के रूप में दिलीप पटेल भी चुनावी मैदान में हैं और पूर्व सभासद भी हैं, अब यदि राजनीतिज्ञ पंडितों की जुबां पर हो रही चर्चाओं पर जाएं तो कहा जा रहा है कि दलीय उम्मीदवार जहां पार्टी वोट बैंक पर अपनी साक बना रहे हैं तो वहीं निर्दल विकास का मुद्दा लेकर जनता के बीच मतदाताओं का रिझाने में जुटे हैं, लेकिन जिस तरह से निर्दल प्रत्याशियों द्वारा ताकत झोंकी जा रही है ऐसे में कहीं न कहीं दलीय उम्मीदवारों को लोहे के चने भी चबाने पड़ सकते हैं।

## तीसरे दिन मतदान कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

**नौ अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी के नेतृत्व में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए शनिवार को तीसरे दिन एम.वी कॉन्वेन्ट स्कूल एण्ड कॉलेज, ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।

मतदान कार्मिकों को 02 पालियों-प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में 56 पोलिंग पार्टियों के कुल 224 मतदान कार्मिकों एवं द्वितीय पाली में 55 पार्टियों के कुल 220 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिसमें प्रथम एवं द्वितीय पाली को मिलाकर कुल 09 मतदान कार्मिक यथा-सहायक अध्यापिका रेनू सिंह, विभा सिंह, उमारानी, अलारानी एवं सविता देवी तथा सहायक अध्यापक वीरेन्द्र तिवारी एवं प्रत्यूष मिश्रा तथा प्रधानाध्यापिका सुधा कुमारी व समरीन खातून अनुपस्थित पाये गये, जिस पर मुख्य विकास धिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।

## विवाहिता ने खुदकुशी का किया प्रयास

**कौशामबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के अकबरपुर मिजार्पुर गांव की एक विवाहिता ने कमरे में खुद को बंद कर फांसी लगा ली। जानकारी परिजनों को हुई तो दरवाजा तोड़कर उसे उतारा और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरो ने उसकी हालत ठीक बताया है।

अकरपुर मिजार्पुर निवासी युवक गांव में मजदूरी करता है। किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से शुक्रवार की दोपहर विवाद हो गया। बताते हैं कि पति ने उसे फटकार लगाई थी। इससे नाराज होकर विवाहिता ने शाम लगभग चार बजे घर के एक कमरे में फांसी का फंदा गले में डाल लिया। जैसे ही उसने फंदा गले में डाला तभी परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और उसे नीचे उतारा। उसे प्रयागराज स्थित अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत ठीक बताई है।

## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ हुई बैठक

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने शनिवार को समस्त जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पीठासीन हैण्डबुक का भली-भॉंति अध्ययन करने तथा पोलिंग पार्टी रवानगी तीन मई को प्रातः 08 बजे पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर पहुॅंचकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा 03 मई की सायं को अपने-अपने बूथां का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टी पहुॅंचने आदि का जायजा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मतदान के दिन 04 मई को समय से बूथों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पनन कराने के लिए 10 जोनल एवं 32 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी सहित सभी जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी

## नगर निकाय चुनाव का प्रचार प्रसार हुआ तेज



मतदाताओं को रिझाते प्रत्याशी व समर्थक

**दारानगर, कौशाम्बी।** जिले की दो नगर पालिका परिषद सहित आठ नगर पंचायतों में इन दिनों चुनाव प्रसार तेज देखा जा रहा है। दलीय उम्मीदवार पार्टी सेंबल के लिए तो निर्दलीय उम्मीदवार अपने चुनाव चिंह को दिखाकर मतदाताओं को रिझाने में जुटे हैं। वहीं दारानगर कड़ाधाम की निर्दल प्रत्याशी सुमन देवी पत्नी बबलू कबाड़ी ने धर-घर जाकर मतदाताओं से समर्थन मांगा कहा कि मौका मिला तो क्षेत्र में दिखेगा विकास। इस तरह से उम्मीदवार अपने-अपने चुनावी मुद्दों पर जनता को रिझाने के लिए पूरी ताकत झोंक रखे हैं।

## विवाहिता की मौत मामले में तीन पर केस

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव में ब्याही युवती की संदिग्ध मौत ने नया मोड़ ले लिया है। मृतका के पिता ने ससुरालवालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। कोखराज पुलिस ने आरोपित पति समेत सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। करारी थाना क्षेत्र के अडहरा निवासी फुर्ती लाल ने बताया कि दो साल पहले उसने बेटी मालती देवी की शादी कोखराज के शहजादपुर गांव में राजू से की थी। आरोप है कि शादी में मिले दहेज से ससुरालवाले संतुष्ट नहीं थे। दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। 17 अप्रैल को विवाहिता की संदिग्ध दशा में मौत हो गई थी। कोखराज थाने पहुंचे मृतका के पिता ने मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपित पति राजू, ससुर भगवत प्रसाद व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मां-बेटी को पीटकर किया जख्मी

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के हिनौता गांव में दबंगों ने महिला और उसकी बेटी को पीट दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। हिनौता गांव की माया देवी पत्नी जयचंद्र ने बताया कि पड़ोसी से उसके परिवार का विवाद चल रहा है। आरोपित से कहासुनी हो गई। तीखी झड़प के बाद आरोपित ने भाइयों के साथ मिलकर माया देवी को पीट दिया। मां को पिटता देख बेटी गुड़िया बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपितों ने उसकी भी पिटाई कर दी। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर भाग निकले। पुलिस ने घायल मां-बेटी का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़िता की तहरीर पर आरोपित शिवरतन, लवकुश समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रंजिशन घर में घुसकर कुनबे को पीटा

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के हकीमपुर रक्सवारा गांव में शनिवार की सुबह दबंगों ने पड़ोसन के घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए कुनबे को पीट दिया। पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हकीमपुर रक्सवारा गांव की सुरेखा देवी पत्नी बीनू ने बताया कि पड़ोसी सोनू से उसकी रंजिश चल रही है। जमीन के अदावत में शनिवार की सुबह दबंगों ने विवाहिता के घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए कुनबे को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपित सोनू, मोनू, बाबूलाल व गुलाब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दर्जनभर सचिवों को वेतन रोकने का नोटिस

**कौशाम्बी।** विकास खंड के 34 गांवों में तैनात सेक्रेट्रियों का वेतन रुक सकता है। इसके लिए एडीओ पंचायत ने तैनात 12 सेक्रेट्रियों को नोटिस जारी कर दिया है। हिदायत दी कि सप्ताह भर के भीतर जीडी डीपी फीडिंग नहीं हुई तो नोटिस को अमल में लाया जाएगा। कौशाम्बी ब्लॉक की 57 ग्राम सभाओं में वित्तीय वर्ष 2023-24 की जीडी डीपी (वार्षिक कार्ययोजना) की फीडिंग कराने का निर्देश सेक्रेट्रियों को दिया गया था। अप्रैल खत्म हो रहा है और महज 23 ग्रामसभाओं की फीडिंग हो सकी है। बाकी के 34 ग्रामसभाओं की जीडी डीपी की फीडिंग नहीं हो सकी है। बार-बार की हिदायत के बाद सेक्रेट्री फीडिंग का काम पूरा नहीं कर रहे हैं। मामले को एडीओ पंचायत जितेंद्र शुक्ल ने संबंधित गांवों के दर्जनभर सेक्रेट्रियों का वेतन रोकने की नोटिस जारी किया है। हिदायत दी कि सप्ताह भर के भीतर फीडिंग नहीं हुई तो उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

### महाथेरों भिक्खु धम्म मित्र का स्थापना दिवस सोमवार को

**कौशाम्बी।** धम्म मित्र बुद्ध विहार के भिक्खु धम्म मित्र का मूर्ति(चैत्य) का स्थापना कार्यक्रम सोमवार को आयोजित होगा। इस मौके पर सभी बौद्ध अनुवाइयों को स्थापना दिवस समारोह में पहुंचने की अपील की गई है। कौशाम्बी खास में 27 जुलाई को प्रयागराज से आकर भिक्खु धम्म मित्र ने धम्म मित्र बुद्ध विहार की स्थापना किया। कौशाम्बी खास में सबसे पहले बौद्ध महाथेरो भिक्खु धम्म मित्र ने ही किया था, 1 मई 2022 को उनका परिनिर्वाण हो गया था। जिनका चैत्य स्थापना दिवस निर्वाण उनके जेष्ठ पुत्र धम्म रत्न एवं भिक्खु संघ द्वारा चैत्य (स्टैचू) की स्थापना बौद्ध धर्म द्वारा विधि विधान से किया जाएगा।

## अधेड़ लापता, पांच लोगों पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना के जमुनापुर गांव का अधेड़ साल भर से लापता है। वर्ष भर पहले वह पड़ोसी के साथ खेत की ओर गया था। इसके बाद से उसका कहीं पता नहीं चल सका। पति की तलाश करने के बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जमुनापुर गांव की मोतलिया देवी पत्नी मोती लाल ने बताया कि 22 अप्रैल 2022 की शाम पड़ोसी ने घर आने के बाद पति को खेत की ओर चलने की बात कहकर साथ ले गया था। इसके बाद से आज तक कहीं पता नहीं चल सका। आरोप है कि उसके पति को पड़ोसी ने साथियों के साथ मिल गायब कर दिया है। लापता पति की तलाश करते हुए उसने कई बार मामले की शिकायत पुलिस से की। आरोप है कि नामजद शिकायत करने के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता अदालत पहुंची। अदालत के आदेश पर शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित भगवत, राजा, छोटा, सतीश व पुष्पेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

### गांव नहीं आ रहा सफाई कर्मी, गुस्सा

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के हसनपुर पूरब आदि दर्जनों गांव में तैनात सफाईकर्मियों के नियमित गांव नहीं आने से जगह-जगह पर गंदगी की अंबार लगा हुआ है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गलियों में लोगों के घरों का जमा रहता है। ऐसे में लोग कीचड़ भरे रास्ते से निकलने को मजबूर हैं। सफाईकर्मी के गांव नहीं आने से पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियां कूड़ा-करकट से पटी हुई है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार लापरवाह सफाईकर्मी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है।

## चार मई बंद रहेंगे निजी प्रतिष्ठान

**कौशाम्बी।** दुकानों, वाणिज्यक अधिष्ठानों सार्वजनिक प्रतिष्ठानों एवं निजी प्रतिष्ठानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। बता दें कि जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी (न.नि) सुजीत कुमार ने उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में जनपद की दो नगर पालिका परिषद-मंझनपुर एवं भरवारी तथा आठ नगर पंचायत-पूरब पश्चिम शरीरा, करारी, सराय अकिल, चायल, चरवा, सिराथू, दारानगर कड़ाधाम एवं अझुवा के मतदान दिवस चार मई को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) के प्राविधानों के अनुसार दुकानों एवं वाणिज्यक अधिष्ठानों, अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों तथा निजी प्रतिष्ठानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है तथा आगामी साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिया जायेंगा।

## सपा प्रत्याशियों की नैय्या पार लगाएंगे दिग्गज

**चरवा, कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव में उम्मीदवारों की नैय्या पार लगाने के लिए अब सपाई दिग्गज भी मैदान में आ चुके हैं। शनिवार को सपा राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज सहित कई दिग्गज चरवा में चुनावी जन सभा को सम्बोधित किया।

बता दें कि शनिवार को चरवा चैराहे पर नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राम सरन निर्मल के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे सदर विधायक इंद्रजीत सरोज ने कहा कि नगर निकाय के चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ दिखाई देगा। जनता किसी के बहकावे में न आकर सपा के उम्मीदवारों को विजयी बनाएं। इस मौके पर चायल की विधायक पूजा पाल व कर्वी के पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल , लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राम सरन निर्मल,बाबा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र शेखर सहित तमाम समाजवादी नेताओं ने सभा को सम्बोधित किया।




कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन पदाधिकारीगण

## संक्षेप

### अब सुबह 7 से 1 बजे के बीच होगी राजस्व न्यायालयों में सुनवाई

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने हाई कोर्ट इलाहाबाद के अनुपालन में तथा जिला बार एसोसिएशन, वकील परिषद एवं जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) की सहमति पर राजस्व न्यायालयों के समय में परिवर्तन किया है। 1 मई से 30 जून तक कलेक्ट्रेट, तहसील के सभी राजस्व न्यायालय अब सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे खुला रहेगा। सुबह 10.30 बजे से 11.00 बजे तक आधे घण्टे का लंच रहेगा। जिला जज ने भी अपने 26 अप्रैल के आदेश में दीवानी, फौजदारी न्यायालयों का समय सुबह 7 बजे से 1 बजे तक निर्धारित किया है। उन्होने बताया है कि डीएम के निर्देश पर राजस्व न्यायालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। एडीएम ने कहा कि कार्यालय का समय पूर्ववत् सुबह 10 बजे से साम 5 बजे तक चलता रहेगा।

# भाजपा विधायक द्वारा सोनिया गॉधी को विष कन्या कहना पूरे देश की मातृ शक्ति का अपमान : प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता कॉग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने शनिवार को नगर के एक पैलेस में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तीन बार पीएम का पद ठुकराने वाली सोनिया गॉधी को कर्नाटक में भाजपा विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल द्वारा विषकन्या कहना उनका ही नहीं बल्कि पूरे देश की मातृशक्ति का अपमना है। श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में जाती हुई सत्ता को देखते हुए पीएम और कर्नाटक के सीएम के इशारे पर भाजपा विधायक ने अमर्यादित वयान दिया। इस अपमान के लिए पार्टी निर्वाचन आयोग, न्याय पालिका और जनता की अदालत में लेकर जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव के दौरान विदेशों से कालाधन वापस लाने का झूठा वादा किया था। जबसे भाजपा की




प्रेसवार्ता में भाजपा सरकार पर हमला बोलते प्रमोद तिवारी

सरकार बनी है तब से और कालाधन विदेशों में गया। हर वर्ष दो करोड़ नौकरी देने के झूठे वादे के बावजूद नौकरियॉ खत्म की जा रही हैं। देश के तमाम सरकारी संस्थान कौड़ियों के दाम बेंचे जा रहे हैं। आड़ानी और अंबानी को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार देश को गिरवी रख रही है। कच्चे तेल के दाम गिरने गे बावजूद देश में तेल के दाम में बढोत्तरी की गई। कॉग्रेस सरकार में गैस सिलेण्डर चार सौ रूपए थ जो बढ़ाकर ग्यारह सौ पचास रू0 कर दिया। किसानों की आय दुगुनी तो नहीं हुई लेकिन फसल छुट्टा जानवार चर रहे हैं। डालर के मकाबले भारतीय रूपया बयासी रूपए पर पहुंच गया है। इससे देश की साख गिरती है। भाजपा सरकार में चीन देश की सीमाओं का अतिक्रमण कर रहा है। कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं घट रही हैं। प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश का गरीब और अधिक गरीब अमीर और अधिक अमीर होता जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से नगर निकाय चुनाव में कॉग्रेस के सभी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। इस दौरान पं0 श्याम किशोर शुक्ल, डा0 प्रशांत देव शुक्ल, डा0 नीरज त्रिपाठी, इरफान अली, कपिल द्विवेदी, डा0 लालजी त्रिपाठी, महेन्द्र शुक्ल समेत कई कॉग्रेस के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कुएं में मिले शव की हुई पहचान, सूरत जाने के लिए घर से निकला था युवक

**प्रतापगढ़।** कोहंडौर इलाके के ईशीपुर में गुरुवार को कुंए में मिले शव की शिनाख्त हो गई है। उसकी पहचान पड़ोसी थाना कंधई के वीरमऊ माधो गांव का रहने वाला रंजीत कुमार (26) के रूप में हुई। ईशीपुर में खेतों के बीच स्थित कुंए के पास चरवाहे पहुंचे तो दुर्गंध का अहसास होने पर उसमें शव दिखा। पुलिस ने शव बाहर निकलवाया तो उसकी जेब में मोबाइल मिला। सर्विलांस सेल से सिमकार्ड का धारक का पता निकलवाकर उसके घर वालों को सूचना दी। शनिवार को वीरमऊ माधो की शीला गौतम पोस्टमार्टम हाउस पहुंची। उसने मृतक की पहचान अपने पति रंजीत कुमार के रूप में की। बताया कि रंजीत 20 अप्रैल को घर से गुजरात जाने की बात कहकर निकला था। दूसरे दिन से ही उसका मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा तो उसके बारे में जानकारी की जा रही



थी। पहचान के बाद पोस्टमार्टम हुआ तो परिजन शव लेकर घर चले गए। सूत्रों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुंए में डूबने से ही मौत की पुष्टि हुई। एसओ अजीत शुक्ला ने बताया कि रंजीत नशेड़ी किस्म का था। घर से गुजरात जाने की बात कहकर निकलने की बात परिजन बता रहे हैं। यहां कैसे आया, इसकी जानकारी की जा रही है।

## प्रेक्षक ने प्रशिक्षण स्थल, कन्ट्रोल रूम एवं स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव के लिए नियुक्त प्रेक्षक सत्य प्रकाश (अपर आयुक्त आबकारी प्रयागराज) ने शनिवार को सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल एवं कार्मिकों के मतदान हेतु बनाये गये पोस्टल बैलेट काउण्टर का निरीक्षण किया। उन्होने चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों के मतदान हेतु काउण्टर पर डाक मतपत्र की प्रक्रिया के बारे में जानकारी की। प्रेक्षक कमरों में गए जहां मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक एवं अधिकारी प्रशिक्षण के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को समझकर चुनाव को सम्पन्न कराएं। प्रेक्षक ने ट्रेनिंग ले रहे मतदान कार्मिकों से सवाल भी किया। उन्होंने जिला सेवायोजन कार्यालय में बनाये गये कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों के रजिस्टर का अवलोकन भी किया एवं निर्देश दिये। उसके बाद



निरीक्षण करते प्रेक्षक

प्रेक्षक ने राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में बनाये गये स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा से स्ट्रांग रूम की सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी ली। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शस्त्र जमा कराने के फरमान पर सरगर्मी

**लालगंज।** निकाय चुनाव को लेकर शस्त्र जमा कराने को लेकर शासन के फरमान पर प्रशासन को हलाकान देखा जा रहा है। पुलिस इलाके भर मे शस्त्र के लाइसेंसधारियों के शस्त्र जमा करने के लिए दिन रात मशक्कत मे पसीना बहा रही है। वहीं लोगों में यह चर्चा इस बार देखी जा रही है कि नगर पंचायत सीमा के बाहर के भी निवासियों को भी शस्त्र जमा करने के पुलिसिया फरमान के क्या मानक बनाये गये है। पुलिस आंकडो को दुरूस्त करने के लिए लालगंज ही नही सर्किल के थानों मे भी असलहाधारियों को शस्त्र जमा करने की हिदायत देती देखी जा रही है। अधिवक्ताओं को भी लाइसेंसी शस्त्र जमा किये जाने की पुलिस की सूचना को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में माहौल सरगर्म देखा गया। वहीं दूसरी ओर लोगों को तहसील से सीओ कार्यालय तक शस्त्र जमा न करने के प्रार्थना पत्रो के साथ दौड़ भाग मे भी मशगूल देखा गया।

## गोली से मारे गए युवक के अंतिम संस्कार से परिजनों ने किया मना

**आक्रोश**

**अफसरों के आश्वासन पर माने परिजन**

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में गोली से घायल युवक की इलाज के दौरान प्रयागराज मे मौत हो गयी थी। पीएम के बाद बीती रात युवक का शव घर लाया गया। शनिवार को परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी समेत विभिन्न मांगो के पूरा होने तक शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। जानकारी होते ही एसडीएम व सीओ फोर्स के साथ मृतक के घर पहुंचे और परिजनों का मान मनौवल करने लगे। करीब छः घण्टे के मान मनौवल के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। लीलापुर थाना के घरौरा निवासी अशोक वर्मा 26 पुत्र श्रीराम वर्मा का चचेरे भाई समरजीत वर्मा पुत्र छोटे लाल आदि से विवाद चल रहा है। सत्ताईस अप्रैल को सुबह करीब ग्यारह बजे अशोक बाइक से रानीगंज अजगरा बाजार जा रहा था। घरौरा चैराहे पर चचेरे भाई समरजीत वर्मा ने अनिल वर्मा पुत्र मंगरू, अनुज वर्मा पुत्र कल्लू,



मृतक के परिजनों को समझाने का प्रयास करते अफसर

प्रिंस वर्मा पुत्र रामलखन वर्मा व कई अज्ञात ने उसे रोककर फायरिंग करते हुए जानलेवा हमला बोल दिया था। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल अशोक वर्मा की अटठाईस अप्रैल को एसआरएन में इलाज के दौरान मौत हो गयी। रात मे शव पीएम के बाद यहां घर लाया गया। अगले दिन शनिवार सुबह परिजनों ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी, शस्त्र लाइसेंस, मृतक की पत्नी के आश्रय हेतु पन्द्रह लाख की आर्थिक सहायता की मांग करने लगे। परिजनों ने मांग पूरी न होने तक शव का अंतिम संस्कार न करने की बात पर अड़ गये। जानकारी होने पर एसडीएम उदयभान सिंह, सीओ रामसूरत सोनकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अफसर पीडित परिवार को मनाने मे जुट गये। करीब छः घण्टे की मान मनौवल व मांगो को पूरा करने का आश्वासन देने के बाद किसी तरह लोग माने और करीब ग्यारह बजे शव को अंतिम संस्कार के लिए श्रृंगवेरपुर लेकर चले गये। एसओ सुभाष यादव ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## संचारी रोग के रोकथाम में विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ



शपथ लेते विद्यार्थी

**प्रतापगढ़।** संचारी रोगों को फैलने से रोकने के लिए जिले के माध्यमिक विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके क्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाकर संचारी रोगों को फैलने से रोकने की अपील की गई। शपथ के दौरान विद्यार्थियों को दिमागी बुखार, वक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों, हीटवेव आदि के संबंध में विस्तार से बताया गया। इससे बचने के भी छात्र-छात्राओं को उपाए सुझाए गये। इस दौरान विद्यालयों के प्रधानाचार्य डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 रूचि पाण्डेय, कुसुम मौर्य, दीपक कुमार सिंह, राजेश कुमार, आजाद अहमद, अंसार अहमद, राम प्रकाश, डा0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह, डा0 सालिगराम प्रजापति आदि लोग मौजूद रहकर बच्चों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया।

## तमाम शिकायतों के बाद प्रतापगढ़ लौटी पद्मावत एक्सप्रेस, मेंटिनेंस का यहीं होगा काम

**प्रतापगढ़।** शराबी कर्मचारियों के सिर फुटौव्वल की घटना के बाद दिल्ली से प्रतापगढ़ के बीच चल रही पद्मावत एक्सप्रेस का मेंटीनेंस कार्य यहां के कर्मचारियों से छीनकर अयोध्या कैंट (तत्कालीन फैजाबाद) स्टेशन के स्टाफ को दो साल पहले सौंप दिया गया था। अब इस ट्रेन का मेंटिनेंस दुबारा से प्रतापगढ़ से कराने पर विचार हुआ है। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो इसका मेंटीनेंस एक मई से पुनः प्रतापगढ़ से शुरू होगा। जिसका लाभ कर्मचारियों को भी मिलेगा। रेल प्रशासन को अयोध्या कैंट स्टेशन द्वारा ट्रेन के मेंटिनेंस में लापरवाही की शिकायतें मिल रही थी जिसके परिणाम स्वरूप अधिकारियों ने यह कदम उठाया है। इसी के साथ ही बेहतरीन कार्य का प्रदर्शन कर चुके पूर्व सीडीओ(कोचिंग डिपो अधिकारी) दिनेश यादव पर अधिकारियों ने विश्वास जताया है। उनको दुबारा यहां का इंचार्ज बनाया जा सकता है। इसकी कवायद तेज हो गई है।

बता दें कि दो साल पहले होली के सीजन में पद्मावत एक्सप्रेस से सप्लाई करके आई शराब और उसके पैसे के बंटवारे को लेकर मेंटीनेंस स्टाफ में सिर फुटौव्वल हुआ था। गुस्साए अफसरों ने दोषी स्टाफ का यहां से ट्रांसफर कर दिया था और पद्मावत के मेंटीनेंस का कार्य इनसे छीनकर अयोध्या वालों को दे दिया गया था। इसमें अफसरों की बड़ी छीछालेदार हुई थी। इससे कर्मचारियों का काफी नुकसान हुआ। उनको ट्रेन में जाने का मौका गंवाना पड़ा। जिससे यात्रा भत्ता इत्यादि की चपत लगी। सूत्रों का कहना है कि अयोध्या वाले भी मेंटीनेंस का कार्य सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। यात्रियों को आए दिन शिकायत रहती है। बताया जाता है कि इसको लेकर रेलवे बोर्ड गंभीर हुआ है। पता चला है कि एक मई से पद्मावत का प्राइमरी मेंटीनेंस प्रतापगढ़ वाशिंग लाइन से शुरू हो जाएगा। अब दुबारा से यहां का स्टाफ ड्यूटी करेगा। इस बारे में सीडीओ वीबी शुक्ला ने बताया है कि पद्मावत एक्सप्रेस का मेंटीनेंस एक मई से प्रतापगढ़ में होगा। जो अभी तक अयोध्या कैंट में होता था।

## अपर पुलिस महानिदेशक को दी गई सलामी



**प्रतापगढ़।** अपर पुलिस महानिदेशक व महानिरीक्षक रेंज प्रयागराज भानु भाष्कर के प्रतापगढ़ पहुंचने पर शनिवार को पुलिस लाइन में उन्हें गार्ड द्वारा सलामी दी गई। उनके आगमन की खबर पर पुलिस लाइन में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। सभी तैयारियां पूरी करते हुए थानों को लकदक किया गया था। सलामी के दौरान एसपी सतपाल अंतिल, एएसपी पूर्वी और पश्चिमी, सीओ नगर आदि राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे।

## दरोगा पर मारपीट का आरोप, एसपी को भेजा शिकायती पत्र

**प्रतापगढ़।** पीडित ने एसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर लालगंज कोतवाली के एक दरोगा के खिलाफ मारपीट व जानलेवा धमकी का आरोप लगाया है। लालगंज कोतवाली के पूरे गनेश भदारी निवासी सुनील कुमार यादव पुत्र रामबरन यादव ने एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती सत्ताईस अप्रैल को उसकी बहन बिटान का पडोसी से विवाद हो गया था। जिसमे पडोसी ने उसकी बहन को मारापीटा था। घटना को लेकर पीडित की बहन अगले दिन अटठाईस अप्रैल को तहरीर देने कोतवाली गयी थी। आरोप है कि यहां कोतवाली के एक दरोगा ने पीडित को भी कोतवाली बुलवाया और गाली देते हुए उसे लात घूंसो से मारापीटा व जान से मारने की धमकी भी दी। मामले को लेकर पीडित ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है।

## सपा विधायक डा0 आरके वर्मा ने क्षेत्र में किया भ्रमण, सुनी समस्याएं




कार्यकर्ताओं के साथ सपा विधायक डॉ. आरके वर्मा

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के सपा विधायक डा0 आरके वर्मा शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं व चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों से मुलाकात की। उन्होंने चुनाव के संबंध में प्रत्याशियों को जरूरी टिप्स दिए। लोगों से सपा प्रत्याशी को वोट देकर चुनाव में जीत के लिए अपील की। सपा विधायक ने क्षेत्र में लोगों की समस्याओं को सुना और नुक्कड़ सभा की। सपा विधायक ने सुवंशा समेत कई बाजारों में जाकर कार्यकताओं से मुलाकात की। सपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे।

## पति समेत ससुरालीजनों पर विवाहिता की हत्या का आरोप

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में विवाहिता की मौत पर मृतका के भाई ने पति समेत ससुरालीजनों पर दहेज के कारण हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कौशाम्बी जिले के करारी थाना क्षेत्र के सैबसा गांव निवासी अधिवक्ता अन्सार अली पुत्र ननकू अली ने लालगंज एसओ व एसपी को भेजी गयी तहरीर में कहा है कि दस वर्ष पूर्व उसकी बहन जरीना बानो का विवाह नेहाल अहमद पुत्र बटटन उर्फ चांद निवासी रामपुर बावली लालगंज के साथ हुआ था। नेहाल अहमद पीडित की बहन जरीना के साथ रायबरेली जिले के सलोन थानान्र्तगत करहिया बाजार में रहता है और वहीं जूता चप्पल का कारोबार करता है। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर पति नेहाल अहमद ससुरालीजनों के साथ मिलकर पीडित की बहन जरीना बानो को मारता पीटता था। पन्द्रह अप्रैल को भी दहेज की मांग को लेकर उसे जान से मारने की धमकी दी गयी थी। अटठाईस अप्रैल को आरोपियों ने उसकी बहन की हत्या कर दी और शव को करहिया बाजार से रामपुर बावली ले आये। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा फोन से मृतका के भाई को मिली तो वह भागकर रामपुर बावली पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। पीएम रिर्पोट से मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच की जा रही है, उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एक मई को सीएम योगी का प्रतापगढ़ आगमन सभा को करेंगे संबोधित



**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 01 मई को प्रतापगढ़ आने का कार्यक्रम निश्चित हुआ है। सीएम बम्हरौली एयरपोर्ट से 12.55 बजे चलकर 1 बजकर 20 मिनट पर प्रतापगढ़ पुलिस लाइन हेलीकाप्टर से पहुंचेगे। जहॉ से नगर के जीआईसी मैदान में पहुंचकर 1 बजकर 25 मिनट से 2 बजकर 10 मिनट के बीच जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल जीआई मैदान का निरीक्षण किया। मैदान की साफ सफाई के लिए नगर पालिका के कर्मचारियों व सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा की चाक चैबंद व्यवस्था के लिए शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भाष्कर, डीएम डा0 नितिन बंसल, एसपी सतपाल अंतिल, एसडीएम सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, सीओ नगर समेत कई अफसरों ने सभास्थल व हेलीपैड का निरीक्षण किया।

## पुलिस ने चौपाल लगाकर मतदाताओं को किया जागरूक, सुरक्षा का दिया भरोसा

**प्रतापगढ़।** लालगंज पंचायत चुनाव में निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान को लेकर पुलिस ने शनिवार को चौपाल के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि सीओ रामसूरत सोनकर की अगुवाई में पूरे हरिकिशुन व अझारा वार्ड में चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके जरिए वार्ड के मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। वहीं मतदाताओं को भयमुक्त होकर निष्पक्ष अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति प्रेरित भी किया। पुलिस ने लोगों को बताया कि अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। बाहरी लोगों को अपने यहां किसी भी दशा में शरण न दें। किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सीओ ने कहा कि चुनाव के दौरान गडबडी फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।



मतदाताओं को जागरूक करती पुलिस

### अधिवक्ताओं को शस्त्र जमा करने से छूट को लेकर डीएम को लिखा पत्र

**लालगंज।** नगर निकाय चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं को उनके लाइसेंसी शस्त्र न जमा कराए जाने को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डीएम को पत्र लिखा है। श्री शुक्ल ने डीएम को लिखे गये पत्र में कहा है कि अधिवक्ताओ के ऊपर विभिन्न मुकदमों मे पैरवी को लेकर अज्ञात तमाम असामाजिक तत्वों से खतरे की संभावना बनी रहती है। जिले भर मे कई अधिवक्ताओं के ऊपर जानलेवा हमले भी हो चुके है और कई अधिवक्ता घरों मे चोरी की घटनाओं से भी पीडित हुए है। ऐसे में रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डीएम से कहा है कि अधिवक्ताओं के द्वारा विधि के पेशे मे होने के कारण उन्हें चुनावी माहौल मे भी सुरक्षा की दृष्टि से शस्त्र जमा कराए जाने की पाबंदियों से अलग रखा जाय।

## जनसंपादकीय

# अरुणाभ सौरभ को 'ईश्वर के बिक जाने' की चिंता है

**नेहल शाह**



प्रभाकर प्रकाशन से हालिया प्रकाशित 'मेरी दुनिया के ईश्वर' युवा कवि अरुणाभ सौरभ का हिंदी भाषा का चौथा काव्य संग्रह है। इससे पहले उनके तीन लोकप्रिय काव्य संग्रह 'दिन बनने के क्रम में', 'आद्य नायिका' एवं 'किसी और बहाने से' प्रकाशित हैं। धर्मों में ईश्वर की सत्ता अनादि-अनंत मानी गई है। लोग उसे अपने तरीके से संबोधित करते हैं, उससे संवाद करते हैं। कवि अरुणाभ सौरभ का काव्य संग्रह 'मेरी दुनिया के ईश्वर', ईश्वर जैसी शक्ति सम्पन्न व्यवस्था को कटघरे में खड़े करने का प्रयास करता है, 'मेरी एक दुनिया है /जहां ईश्वर की उपस्थिति चहुंओर बताई गई है /मेरी दुनिया को संवारने-निखारने की जवाबदेही / मनुष्य की नहीं / ईश्वर की है / कई ईश्वर उभरकर आ रहे हैं रोज-रोज।'

शीर्षक कविता में कवि ईश्वर को लाचार, दुर्बल, मजबूर और डर फैलाने का



कारोबार बता कर उसकी जरूरत इस संसार में कमतर मानता है। वहीं वह समाज में जरूरी बदलाव के लिए कवि और कविता की श्रेष्ठता भी साबित करता है, 'दरअसल ईश्वर /महज धर्म का नहीं /डर का एक कारोबार बन गया /हमारे लिए /सुना है/दुनिया के कुख्यात सौदागरों ने /खरीद लिया है / ईश्वर का ठौर- ठिकाना/ अब ईश्वर / भव्यता के आवरण में / लपेट दिए गए हैं / सौदागरों की खरीद-फरोख्त / और सौदाई में / कहीं गुम हो गई / खुदा की खुदाई।'

ईश्वर के बरक्स विज्ञान का कवि समर्थन करता है। संग्रह की अधिकतर कविताएँ गहरे असंतोष और अतृप्ति के पीड़ा बोध से भरी हुई हैं। इसका कारण गहरी अराजकता और कुव्यवस्था है। यह यातना रोजमर्रा की जिंदगी में एक खीझ में तब्दील हो चुकी है, जिससे मुक्त होने की तीव्र आकुलता कवि के भीतर दिखाई देती है। 'खीझ', 'यातना', 'तुलनात्मक', 'चारण काल में एक कविता', 'खुश करने की कोशिश में', और 'शहर में आत्मा की कातर पुकार' ऐसी ही कुछ कविताएँ हैं। मानसिक पीड़ा के चलते कवि के भीतर प्रेम भी एक थकी हुई आशा की तरह आता है, 'असुरक्षित जीवन /निरस्थान स्वयं में /कोई जगह नहीं इतनी बड़ी दुनिया में /जहां /प्रेम सुमति /जहां खुलापन/ मेरी तरह करोड़ों लोग / अतृप्ति में जीवन बिताकर / एकदिन चुपचाप /जीवन से बाहर चले जाते है।'

कवि अपने इर्दगिर्द सब ठीक हो जाने का सपना तो देखता है लेकिन अपने सपने के प्रति आशंका और घोर अविश्वास भी दिखाता है, 'तो साथियों/ क्या कोई ऐसा दिन / हमारे हिस्से में आएगा /जिस दिन किसी को /प्रार्थना न करनी पड़े /अपने-अपने वास्ते /अपने-अपने ईश्वर के आगे /गिड़गिड़ाना न पड़े?'

अरुणाभ सौरभ कवि के साथ आलोचक भी हैं, इसीलिए उनके यहाँ कविता अभिधा, व्यंजना और लक्षणा तीनों शब्द शक्ति के साथ उपस्थित है। कवि के पास अपनी बात कहने के लिए सुविचारित चिंतन, सुगठित भाषा और सुगढ़ शिल्प है लेकिन मेरा मानना है कि किसी भी कवि को इन बातों के अतिरेक से भी बचना चाहिए जिससे कविता में आकर्षण की अति न हो और काव्य की सौम्यता बची रहे। इस काव्य संग्रह में प्रेम और आशा की अभिव्यक्ति की उपज से कुछेक सौम्य, सुंदर कविताएँ बन पड़ीं हैं जैसे 'पिता होना', 'बारिश या पुण्यवर्षा', 'दुनिया बदलने तक', ने इस संग्रह को निराशा की ओर झुकने से बचा लिया है। दुनिया, कविता, विज्ञान और ईश्वरत्व के चौराहे पर खड़ा कवि जीवन की जद्दोजहद को बारीकी से बुनना जानता है। सूक्ष्म संवेदना और बारीक कविताई अरुणाभ को अलग कवि बनाने में मदद करते हैं। काव्य संग्रह पठनीय है।

**(लेखिका स्वयं कवयित्री हैं)**

# सुखी घर सोसाइटी : बेबाकी से अपनी बात कहते हैं विनोददास

**राहुल देव**



राजकमल से प्रकाशित 'सुखी घर सोसाइटी' विनोद दास का सद्य प्रकाशित उपन्यास है। विनोद दास हिंदी के सुपरिचित रचनाकार हैं। वह मूल रूप से कवि हैं। उपन्यास के रूप में यह उनकी पहली कृति है। कवियों का गद्य वैसे भी हमेशा से मुझे प्रीतिकर लगता रहा है। विनोद दास का गद्य लेखन भी उसी श्रेणी का है। अपने इस उपन्यास में वे महानगर से अधिक उसके उपनगरों की कथा कहते हैं। सुखी घर सोसाइटी मुम्बई के ऐसे ही एक उपनगर मीरा रोड में बसी हुई 104 फ्लैट्स की मध्यमवर्गीय सोसाइटी है। आकाश और वसुधा इस उपन्यास के मुख्य पात्र हैं। इस उपन्यास को पढ़ते हुए लगता है कि लेखक ने महानगरीय जीवन को बहुत करीब से देखा है। वे लिखते हैं- 'हर बड़ा शहर कई उपनगरों को मिलाकर बनता है जहां लोग रहते नहीं बस बस जाते। जितना शहर बढ़ता उतना ही गांव मरता और उपनगर बढ़ता जाता। हर उपनगर अपने महानगर की अवैध संतान की तरह होता है जिसे वैध संतान की तरह न तो प्यार न ही सुख संपत्ति और न ही नाम मिलता।' उपन्यास थोड़ा बड़ा है लेकिन आखिर



तक पठनीय है। उपन्यास के रूप में यह सोसायटी के तमाम पात्रों उनके जीवन की घटनाओं, कथाओं, उपकथाओं के जरिए पाठक के समक्ष धीरे-धीरे खुलता है और उनकी रोजमर्रा के समस्याओं की गहराई में जाकर शिनाख्त करता है। बड़े शहरों में पानी की समस्या पर उपन्यास में मुख्य रूप से फोकस किया गया है। लेखक लिखता है कि, 'सुखी घर सोसाइटी में पड़ोसी चीनी उधार देते लेकिन पानी उधार नहीं देते।' इस उपन्यास की भाषा बहुत ही सरल-सहज है और घटनाओं के छोटे-छोटे ऑब्जरवेशन पाठक को कथानक से जोड़ते हैं। यह उपन्यास सुखी घर सोसाइटी के बहाने पूरे आधुनिक समाज के भीतरी सच को सामने खोल कर रख देता है। हर समस्या के पीछे एक सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक कारण होता है जिनसे हमारा दैनिक जीवन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है। यह उपन्यास गाँव से शहर तक उन कारणों की तह तक जाकर पड़ताल करता है। न सिर्फ उन कारणों की बल्कि उस पूरे घुटन भरे वातावरण की सजीवता उसके पात्रों की मनोवैज्ञानिक चरित्र चित्रण उपन्यास में दृश्यों का एक ऐसा कोलाज बनाता है जिससे गुजरकर पाठक एक अलग ही अनुभव से भर जाता है। अलग-अलग कथानक को एक सूत्र में जोड़ती है उनकी मार्मिकता, संवेदना, मूल्यों को सहेजने की जीवटता और जिजीविषा, अतीत की पड़ताल और वर्तमान का चिंतन, सपनों को पूरा करने के क्रम में संघर्षों की आग में झुलसा देने वाले वर्गसंघर्ष के बावजूद जीवन की सुंदरता, उसकी उम्मीद को खोजने की अंतहीन जिद। उपन्यास में शिल्पगत बुनावट का अपना महत्व होता है पर यथार्थपरक मूल्य ही उसे प्रासंगिकता प्रदान करता है। वह अपने समय और समाज की समझ और सूक्ष्म पर्यवेक्षण से ही संभव हो पाता है। जिसे शामिल किए बिना समय का संघर्ष अपनी समग्रता में प्रकट नहीं हो पाता। विनोद जी का यह उपन्यास मानवीय सरोकारों और संघर्षों को उनके समूचे परिप्रेक्ष्य के साथ रूपाकार कर देता है। दमन और शोषण के बदलते पैंतरे, सवर्ण और दलित शोषित जातियों की सामाजिक भूमिकाओं में बदलाव, राजनीतिक छुटभैयापन, संघर्ष मुक्ति का आस्वाद लेती बेबसी, मनुष्य का सहज स्वभाव, आम आदमी के संत्रास, बेतुकेपन और विरोधाभासों को उभारता यह उपन्यास इन सब से पार पाने की जद्दोजहद में पाठक के मन को कुरेदते हुए जीवन की अर्थवत्ता की हरसंभव तलाश करता है। विनोद दास का यह उपन्यास महानगरीय मध्यवर्ग के जीवन और समाज की समस्याओं को पूरे सच और बेबाकी के साथ हमारे सामने रखता है। इस उपन्यास ने बगैर किसी अतिरिक्त वैचारिक दखल के लगभग सारे साहित्यिक विमर्शों को धता बताते हुए अपनी मजबूत कथा के जरिये उनपर जमी हुई तमाम परतों को खुरच-खुरचकर उघाड़ डाला है। यह सब बातें लेखक की इस कृति को अपने आप बड़ा बना देती हैं। यह सच है कि बीते साल प्रकाशित हुए इस उपन्यास को साहित्यिक हलकों में जितनी चर्चा मिलनी चाहिए थी उतनी नही मिली। मुझे लगता है जैसे जैसे समय और कठिन होता जाएगा ऐसी कृतियों का महत्व बढ़ता जाएगा।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# उदार और उदात्त स्त्री के प्रश्नों में गांधी

## उपन्यास-चर्चा

**सूरज पालीवाल**



**'आपकी हंसी तो हिंदुस्तान की संपदा है ।' महात्मा गांधी**
**'मेरी बीवी तो पंजाब की शेरनी है ।' रामभज दत्त चौधरी**
**'दीदी, तुम तो खुद बंकिमचंद्र की देवी चौधरानी हो ।' ठाकुरमणि**
**'तुम सरस्वती हो ।' नाना मोशाय**

'कुलभूषण का नाम दर्ज कीजिये' के बाद 'गांधी और सरलादेवी चौधरानी' अलका सरावगी का नया उपन्यास है । यह महज संयोग नहीं है कि उपन्यास प्रकाशित होते ही चर्चित हो गया । चर्चा के केंद्र में सहज उत्सुकता थी कि गांधी जैसे महात्मा के गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की भांजी सरलादेवी के साथ कैसे संबंध थे । स्त्री पुरुष संबंधों को लेकर समाज का हर वर्ग अतिरिक्त रूप में उतावला रहता है, यह एक प्रकार से मानवीय कमजोरी है । कहना न होगा कि महात्मा गांधी और सरलादेवी दोनों ही बड़े व्यक्तित्व हैं, इन्हें 'को बड़ छोट' के अंदाज में कमतर नहीं आंका जा सकता । गांधीजी का जीवन पारदर्शी है, वे अक्सर कहा करते थे कि 'मुझे मेरे कहे से अधिक किये से जानना चाहिये ।' जाहिर है कि उन्होंने राजनीति में जिस शुचिता को मानक बनाया, वह सार्वजनिक जीवन के लिये आदर्श थी । वह आदर्श आज कहां है, इस विषय पर मैं फिलहाल इसलिये कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता कि बात महात्मा गांधी और सरलादेवी पर हो रही है, जो अब इतिहास के पात्र हैं । लेकिन ऐसे पात्र इतिहास के पन्नों में दबे नहीं रहते, वे बार-बार बाहर निकलकर आते हैं और अपनी उपस्थिति दर्ज.कराते हैं । अलका सरावगी ने निश्चित ही कठिन श्रम से इस उपन्यास को रचा है । उनके पास गांधीजी के 80 पत्र थे लेकिन सरलादेवी के बमुश्किल पांच पत्र ही उपलब्ध थे । इसलिये उन्होंने टैगोर परिवार की आत्मकथाएं, जीवनियां और स्वयं सरलादेवी चौधरानी की आत्मकथा 'जीवनेर झरा पत्ता' को स्रोत सामग्री के रूप में इस्तेमाल किया है । गांधीजी पर लिखना हमेशा कठिन रहा है और रहेगा भी, जो जितना सार्वजनिक है वह उससे अधिक लोकमानस में जीवित है । गांधी हमारी स्मृतियों में है, वे हर अवसर पर याद आते हैं इसलिये नाथूराम जैसे लाखों हत्यारे उनकी हत्या नहीं कर सकते । वे वाद और विवाद दोनों के मुख्य आधार हैं, इसलिये पूरी दुनिया उन्हें समझने के लिये लगी हुई है । कहा जाता है कि दुनिया में सबसे अधिक ईसाइयत पर लिखा गया है लेकिन उससे अधिक गांधी पर लिखा गया है । धर्म पर लिखना और किसी व्यक्ति पर लिखने में बुनियादी फर्क होता है, जिसे समझे बिना हम गांधी का महत्व नहीं समझ सकते ।

उपन्याय को इस तरह बुना गया है कि एक बार तो यह लगता है यह केवल गांधी और सरलादेवी चौधरानी की प्रेम कथा है । उपन्यास के प्रकाशित होते ही इस प्रकार की चचाएं होने लगीं, यह हमारा मनमाफिक विषय है इसलिये लोगों ने तुरत-फुरत इस उपन्यास को पढ़ना चाहा । गांधी के संदर्भ में इस तथ्य को नकारा या किनारे नहीं किया जा सकता कि वह समय 1919 और 1920 का वह समय था, जब जलियांवाला बाग हत्याकांड को बमुश्किल 6 महीने ही गुजरे थे और पंजाब अंग्रेजों की क्रूरता के विरुद्ध भयानक रूप में आक्रोशित था, गांधी 'असहयोग आंदोलन' की तैयारी में जुटे थे और लोगों को यह विश्वास दिलाना चाहते थे कि यदि लोग उनका साथ दें तो आजादी मिलना मुश्किल काम नहीं होगा । यह भी द्रष्टव्य है कि दो वर्ष पहले 1917 में वे 'चंपारन आंदोलन' के माध्यम से सत्याग्रह की ताकत दिखा चुके थे । दक्षिण अफ्रीका में उनके योगदान को आम भारतीयों से अधिक अंग्रेज जानते थे । मैं फिर से कहना चाहूंगा कि चंपारन आंदोलन के बाद गांधी की जो स्वीकार्यता बढ़ी थी, उसे नजरअंदाज करके ही हम इस उपन्यास को केवल प्रेम संबंधों का उपन्यास मान सकते हैं । गांधी उस समय सार्वजनिक शुचिता के साथ खुला जीवन जी रहे थे, इसलिये प्रेम संबंधों के लिये जिस एकांत की आवश्यकता होती है, वह गांधी के पास नहीं था । अलका सरावगी उनके सार्वजनिक जीवन के बारे में लिखती हैं 'गांधी से मिलने वालों का हुजूम चला आ रहा है । दरवाजे के बाहर सैकड़ों लोग बैठे हैं । घर के बाहर मुजांग रोड पर तो सुनते हैं कि मेला लगा रहता है ।' गांधी खुद मानते हैं कि वे जहां रहते हैं वह जगह धर्मशाला हो जाती है । दूसरा इस तथ्य पर भी ध्यान देना चाहिये कि सरला के पति रामभजदत्त चौधरी जलियांवाला बाग कांड के बाद से जेल में हैं, स्वाधीनता आंदोलन को समर्पित और उर्दू अखबार 'हिंदुस्तान' के संपादक चौधरी जी की पूरे पंजाब में प्रतिष्ठा इसलिये भी थी कि 'पंजाब की शूद्र जातियों के उत्थान के लिये अथक काम करने के कारण वे लोग उन्हें भगवान मानते थे ।' सरलादेवी यह भी मानती हैं कि वे पहले नोबल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की भांजी और ब्रह्मसमाज को गति और प्रतिष्ठा देने वाले महर्षि देवेंद्रनाथ ठाकुर की नातिन हैं । उनके पिता जानकीनाथ घोषाल कांग्रेस के संस्थापकों में से एक थे, उन्होंने टैगोर परिवार की परंपरा का निषेध करते हुये घर जमाई बनने से मना कर दिया था, उनके पिता ने टैगोर परिवार की लड़की से शादी करने के कारण उन्हें पैतृक संपत्ति से बेदखल कर दिया था । यानी सरलादेवी के पितृ पक्ष, ननिहाल पक्ष और ससुराल पक्ष तीनों इतने सशक्त थे कि उनकी निर्मिति में इन तीनों के वैदुष्य, विद्रोह और विदेह होने के गुणों का आना स्वाभाविक था । सरलादेवी स्वयं इतनी स्वाभिमानी और विद्रोही थीं कि 'तेरह साल की हुई तो बेथून कॉलेज की एंट्रेंस परीक्षा में इतिहास के पेपर में उसने मैकाले का प्रबल खंडन किया था कि लॉर्ड क्लाइब बंगाल को इसलिये जीत पाया क्योंकि बंगाली कमजोर और पिलपिले होते हैं', उन्होंने परिवार के निर्णय के विरोध में जाकर मैसूर के महाराजा के विद्यालय में नौकरी की, विवाह न करने की स्थिति में तलवार से विवाह करने का नानामौशाय का प्रस्ताव अस्वीकार किया । सरलादेवी चौधरानी को इन विपुल संदर्भों में पढ़ते हुये यह धारणा पुष्ट हो जाती है कि वे विद्रोही और स्वाभिमानी स्त्री थीं ।

बड़ा उपन्यास इकहरा नहीं होता, उसकी कई पर्तें होती हैं जो समय के साथ अपने अर्थ खोलती हैं । यह उपन्यास एक ऐसी संभ्रांत स्त्री के स्वाभिमान की कहानी है जो उस समय के सबसे चर्चित व्यक्ति गांधी से इतनी प्रभावित है कि उनके लिये कुछ भी करने को तैयार रहती है । उपन्यास की ताकत यह है कि वह ऐसे अवसर पर एक स्त्री को राष्ट्रीय आंदोलन की सशक्त कार्यकर्ता के रूप में खड़ा करता है, जब उनका पति जेल में है और बेटा छोटा है । गांधी उनकी ताकत को पहचानते हैं इसलिये पत्र में लिखते हैं 'सरला, तुमने मेरे हृदय में एक ऐसी शून्यता छोड़ दी है, जिसको मैं भर नहीं पाता । तुम्हारे अप्रतिम स्नेह का मुझे विश्लेषण करना होगा । हिंदुस्तान में सिर्फ मालवीयजी ऐसे बंदे हैं, जिनके सामने मैं अपनी आत्मा के द्वार खोल सकता हूं और उनकी बातों को वहां रख सकता हूं पर उनके व्यस्त जीवन में मेरे नये ख्यालों और प्रयोगों को सुनने का वक्त नहीं है । तुम मेरे विचारों को पूरे दिलोदिमाग से पूरी दिलचस्पी से सुनती हो । तुम्हारे पास एक साफ, सुलझा हुआ तेज दिमाग है । तुम्हारा संगीत मेरे लिये टॉनिक है । जैसा कि आश्रम के दो दिनों के अनुभव से तुमने जान लिया होगा कि तुम सेक्रेटरी के रूप में भी बुरी नहीं हो । तुम मेरे खाने पीने का इतना ख्याल रखती हो । मेरे शरीर की सुरक्षा की तुम्हें इतनी फिक्र है । अब तुम्हारे बिना मेरा काम नहीं चल सकता ।' जाहिर है कि इस प्रकार का विश्वास किसी भी स्त्री के लिये अमूल्य होता है । वह गांधी का पत्र पढ़कर 'कभी चकित होती, कभी हल्के से हंसती और कभी चिंता में डूब जाती । गांधी बच्चे की तरह सरल हैं और एक तपस्वी की तरह हठी भी ।' इस प्रकार के कई पत्र हैं, जो गांधी की भावुकता और सरलादेवी पर उनके प्रभाव को रेखांकित करते हैं । गांधी और सरलादेवी दोनों ही मनुष्य हैं इसलिये मानवीय संबंधों और संदर्भों में इन पत्रों को पढ़ा जाना चाहिये । पंजाब से चलते हुये गांधी यह भरोसा देते हैं कि सरलादेवी को रोज पत्र लिखेंगे और वे ऐसा करते भी हैं । इन पत्रों में वे अपने मन के भावों को छुपाते नहीं हैं इसलिये अपनी पत्नी कस्तूरबा से तुलना करने में भी उन्हें कोई ऐतराज नहीं है 'मैं भारत के अपने भ्रमण में सरलादेवी को साथ रखता हूं क्योंकि उन्होंने स्वदेशी के मेरे सिध्दांतों को कस्तूरबा से भी ज्यादा अच्छी तरह समझ लिया है ।' गांधी एक अन्य पत्र में उन्हें लिखते हैं 'मैं तुम्हारा हिमालय बनना चाहता हूं ।' इन पत्रों ने सरलादेवी की पूरी दिनचर्या के साथ मानसिकता को भी बदल दिया था, जिसका प्रभाव उनके अपने परिवार पर भी पड़ा था । उनके पति रामभजदत्त चौधरी सरलादेवी के इन परिवर्तनों को साफ-साफ देख रहे थे पर यह कहकर चुप थे कि तुम तो गांधीजी की तोता बन गई हो ।

गांधी और सरलादेवी के बीच हुये पत्र-व्यवहार से यह बात साफ होती है कि दोनों अपनी कमजोरियों को छुपाते नहीं हैं । मानवीय संबंधों की गरिमा और ऊर्जा का क्षय तब होता है, जब गांधी सरलादेवी के बारे में राजगोपालाचारी को



बताते हैं और वे सरलादेवी को एक सामान्य स्त्री मानकर उनके विरोध में गांधी को सतर्क करते हुये उससे अलग होने के लिये कहते हैं । राजगोपालाचारी के पत्र को गांधी सरलादेवी को भी पढ़वा देते हैं तब उन्हें लगता है 'सैतालीस साल की उम्र में, जब वानप्रस्थ में सिर्फ तीन साल बचे हैं, उसे कैसी औरत की भूमिका में देखा जा रहा है ?' यही नहीं सरलादेवी के प्रति अपनी भावुकता के बारे में गांधी अपने पुराने मित्र केलनबाख तक को लिख देते हैं । सरलादेवी जैसी स्वाभिमानी स्त्री के बारे में गांधी का यह व्यवहार मानवीय दृष्टि से खरा नहीं कहा जा सकता । जिस स्त्री ने उन पर विश्वास करके अपने परिवार के उत्तरदायित्वों तक को दूर रख दिया हो, वह व्यक्तिगत संबंधों को सार्वजनिक किये जाने से कैसे दुखी न होगी ? इस मानसिकता में वे गांधी को पत्र लिखते हुये कहती हैं 'यदि आपने मुझे मेरी गलती समझाकर मुझे चुनने की आजादी दी होती कि मैं अपने को सजा दूं तो यह मुझे ऊंचा उठने वाला और सुधारने वाला अनुभव होता । पर आपने तो अपने हाथ में कोड़ा ले लिया । यह तो प्रतिशोध है । यह मेरे टुकड़े-टुकड़े कर रहा है ।' सरलादेवी को ऐसे उचाट समय में अपना परिवार और उसकी गरिमा याद आती है तो दूसरे ही क्षण गांधी की जिद, जिसके सामने वे बार-बार खरी उतरने की कोशिश करती रहीं । गांधी अपने पत्रों में कभी उन्हें डियर, कभी डियरेस्ट तो कभी छोटी बहन का संबोधन करते हुये शिक्षा देते हैं लेकिन एक समय के बाद जब शिक्षा उपदेशों में बदलने लग जाती है तब सामने वाले के लिये वह हिंस्र हो जाती है । गांधी इस बात से परिचित हैं इसलिये वे लिखते हैं 'उनका रिश्ता भाई-बहन जैसा है । वे कानून बनाते हैं और सरला को इससे चिढ़ होती है । शायद उन्हें सरला के पिता, पति, मित्र और गुरु का काम इकट्ठे नहीं करना चाहिये । एक भाई अपनी बहन को समझाने के लिये जैसे नरमी से पेश आता है, वैसे ही उन्हें सही शब्दों को चुनना चाहिये ।'

गांधी और सरलादेवी के बीच का यह रिश्ता एक वर्ष चला, जिसमें गांधी अपने अधिकार का प्रयोग हमेशा करते रहे, जिसे सरला सहज रूप में स्वीकार करती रही । गांधी जैसा चाहते, वह वैसा करती रही लेकिन जब उसे लगा कि उसे गलत समझा जा रहा है तो उसके अंदर का जन्मजात विद्रोह और स्वामिमान जाग उठा । अलका सरावगी ने सरलादेवी के व्यक्तित्व को 'बंगाली भावुकता' से अलग हटकर रचा है, जिसमें उसके परिवार का स्वाभिमान उसके अपने स्वाभिमान के साथ मिलकर विद्रोह करता है । प्रेम में स्त्री कमजोर होती है तो विद्रोह में अपूर्व शक्तिशाली ।

**(आई 17, अक्षत मीडोज, हाथोज मोड़, सिरसी रोड, जयपुर 302041, मो. 8668898600)**

# 'हाशिये का देस' है 'देस देस परदेस'

## नयी किताब

**महेंद्र प्रसाद कुशवाहा**




हिंदी के प्रसिद्ध कवि-आलोचक और संपादक श्रीप्रकाश शुक्ल की सेतु प्रकाशन से सद्यः प्रकाशित कृति 'देस देस परदेस' हिंदी यात्रा-संस्मरण की अनोखी पुस्तक है जिसमें भाषा, भाव, संवेदना और शिल्प हर दृष्टि से इसमें बहुत कुछ नया है। श्रीप्रकाश शुक्ल हिंदी के उन बिरल यात्रा-संस्मरण लेखकों में से हैं जो यात्राओं में भी साहित्य की उर्वर भूमि की तलाश जरूरी समझते हैं और उसकी खोज में तल्लीन रहते हैं। जिज्ञासु और खोजी प्रवृत्ति उनकी यात्राओं को जहाँ रोमांचकारी बनाती है, वहीं अविस्मरणीय भी। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि महज घूमने के लिए यात्रा पर वे बहुत कम निकलते हैं, बल्कि जब वे निकलते हैं तो उनकी कोशिश देस-देस में व्याप्त परदेस को गहरे अर्थों में महसूस करना, समझना और फिर अभिव्यक्त करना होता है। वे किसी भी वस्तु या घटना को यूँ ही नहीं देखते। देखने की प्रक्रिया में जहाँ कहीं भी कुछ विशेष दिखा कि उनकी बौद्धिक सक्रियता जाग जाती है और उसमें अपने काम की चीजों की तलाश में वे लग जाते हैं। यह सब हमारे-आपके साथ रहते हुए भी वे लगातार करते रहते हैं, लेकिन पता आपको तब चलता है जब किसी रचना में वे खूबसूरती से इसका उपयोग कर चुके होते हैं । 'देस देस परदेस' उनकी ऐसी ही एक रचनात्मक कृति है। यात्राएँ हम में से प्रायः सभी को लुभाती हैं, लेकिन कम लोग हैं जो अपनी यात्रा को अविस्मरणीय बनाने का उद्यम कर पाते हैं-अपने लिए भी और समाज के लिए भी। उनके लिए यात्रा एक चुनौती पूर्ण प्रयास है।

'देस देस परदेस' श्रीप्रकाश जी द्वारा समय-समय पर लिखे गए आठ यात्रा-सस्मरणों का संकलन है जो विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होता रहा है` इसके अलावा 'डायरी से झांकती कुछ और यात्राएँ' शीर्षक से शामिल यात्रा-संस्मरण डायरी में दर्ज महत्त्वपूर्ण यात्राओं का लेखा-जोखा है। इस तरह से ध्यान से देखने पर कुल आठ यात्राओं का व्यवस्थित लेखन इस पुस्तक में हैं जिसकी समय सीमा 2015 से 2022 यानी आठ वर्षों का है। इन आठ वर्षों में की गई ज्यादातर यात्राएँ उत्तर-पूर्व की हैं, जिनमें उत्तर बंग, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, शिलांग, अंडमान आदि की है और शेष राजस्थान और मध्यप्रदेश की हैं। इन सभी यात्राओं में एक बात कॉमन है कि प्रायः सभी यात्राएँ प्रकृति की खुबसूरत वादियों की हैं जहाँ नदी, नाले, पठार, पर्वत, समुद्र, पेड़ पौधे और स्थापत्य कलाएं हैं। इन सभी जगहों में जब लेखक यात्रा पर होता है तो शुरूआत में तो उसे बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जल्दी ही उसे घर की याद सताने लगती है और उन खुबसूरत वादियों में वह लम्बे समय तक रह नहीं पाता। ध्यान से देखने पर पता चलेगा कि इन संस्मरणों के दायरे में लेखक जिन व्यक्तियों और उनके समाज को लाता है, वह हाशिये का समाज है। मुख्यधारा से कटा हुआ समाज !

इस तरह से देखा जाय तो इसमें 'हाशिये का देस' है , जो इस पुस्तक को महत्त्वपूर्ण बनाता है` इनमें से प्रायः सभी संस्मरण लंबे है। प्रायः सभी तीस से पचास पृष्ठों के बीच के हैं` एकमात्र 'भीम बैठका, जहाँ पुकारते हैं पुरखे' शीर्षक संस्मरण महज पाँच पृष्ठों में सिमट गया है। इनमें से प्रायः सभी यात्राएँ लेखक ने बड़े उत्साह और मनोयोग से किया है, मात्र दो यात्राएँ बेमन से शुरू की गयी अच्छी यात्राएँ हैं। पहला सिक्किम की यात्रा और दूसरा अरुणाचल की। नवाँ और पुस्तक का अंतिम संस्मरण 'डायरी से झाँकती कुछ यात्राएँ' इस लिहाज से महत्त्वपूर्ण है कि ये यात्राएँ लेखक की आरंभिक यात्राएँ हैं, जिनमें यात्रा-संस्मरण लिखने की कोई योजना उनके दिमाग में नहीं रही है। लेकिन जैसे-जैसे यात्राओं में गति आती है, लेखक का रचनात्मक मन जागरूक और सक्रिय होने लगता है और एक ऐसी स्थिति आती है जहाँ से अपनी हर यात्रा को रचनात्मक रूप प्रदान करने का मन लेखक बना लेता है। इस तरह यदि लेखक के यात्रा-संस्मरण लेखन की प्रक्रियाओं का अध्ययन करना हो तो यह आखिरी संस्मरण बहुत महत्त्वपूर्ण है` इसी में लेखक सुप्रसिद्ध इतिहासकार गिब्बन को उद्धृत करते हुए लिखता है कि 'दुनिया उन लोगों का इतिहास जानने में उत्सुक रहती है जो अपने मस्तिष्क की प्रतिकृति छोड़ जाते हैं।

'देस देस परदेस' के सभी यात्रा-संस्मरण महज यात्राओं को क्रमबद्ध रूप में प्रस्तुत नहीं करता, बल्कि उसे साहित्यिक लय और गति प्रदान करता है। श्रीप्रकाश जी हिंदी के महत्त्वपूर्ण कवि, आलोचक और गद्यकार हैं। इसकी छाप इन संस्मरणों में आसानी से देखी जा सकती है। उनके वर्णन और कहन की शैली अद्भुत है। किसी भी तथ्य को बड़े रोचक और प्रभावशाली तरीके से वह पाठकों के बीच प्रस्तुत करते हैं` इसे पढ़ते-पढ़ते पाठक कब लेखक का सहयात्री हो जाता है, पता ही नहीं चलता। इसके पीछे दो प्रमुख कारण मुझे दीखते हैं- एक, किसी भी यात्रा के पहले लेखक की यात्रा से संबंधित तैयारी, खासकर उससे जुड़ी जानकारियों को इकट्ठा करना, संबंधित पुस्तकों को पढ़कर ज्ञान अर्जित करना आदि आदि दूसरा, कथा के भीतर अंतर्कथा को शामिल करने की अनोखी शैली। आप जब इन संस्मरणों से गुजरेंगे तो एक बात जो आपको खूब भायेगी वह है किसी भी वर्णन के साथ आने वाली अनोखी अंतर्कथाएं। इन अंतर्कथाओं का स्रोत कई बार तो पुस्तकें होती हैं और कई बार यात्रा में मिलने वाले प्रमुख व्यक्ति। वह साथ का ड्राईवर हो सकता है, गाइड हो सकता है या फिर वहाँ का स्थानीय निवासी प्रो.कुमार पंकज उपन्यास पढ़ाते वक्त अपनी कक्षाओं में अक्सर कहा करते थे कि यदि किसी को पराधीन और आजाद भारत को हिंदी के उपन्यासों के माध्यम से जानना चाहता हो तो उसे हिंदी के चार उपन्यास पढ़ लेने चाहिए-गोदान, मैला आँचल, झूठा सच और राग-दरबारी` इसी तर्ज पर कहना चाहें तो कह सकते हैं कि किसी को सिक्किम, अंडमान, दमन एवं दीव,शिलोंग, अरुणाचल प्रदेश को जानना हो तो उसे एक बार 'देस देस परदेस' को पढ़ लेना चाहिए` भौगौलिक से लेकर साहित्यिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, धार्मिक यहाँ तक आर्थिक स्वरुप भी इन प्रदेशों को बड़े गाढ़े रंग में लेखक ने इसमें उकेरे हैं। यात्रा संस्मरणों के लेखन की जो आम शैली है, उससे हटकर श्रीप्रकाश जी ने इसे साहित्यिक स्वरूप प्रदान कर इसे विशिष्ट बना दिया है` पुस्तक के सारे संस्मरणों में से 'पत्थर नहीं, प्रियकर शीला' शीर्षक संस्मरण बेहद खास है` इस यात्रा के मूल में हिंदी के महत्त्वपूर्ण कवि निराला हैं। उन्होंने 1942 में एक कविता लिखी थी-'स्फटिक शिला' । इस कविता में निराला ने राम के जिस रूप का चित्रण किया है, उसे समझने के उद्देश्य से ही यह यात्रा श्रीप्रकाश जी ने की थी । इसे पढ़ते वक्त हिंदी के दो बड़े नाम मुझे बरबस याद आ रहे थे` पहला, फादर कामिल बुल्के और दूसरा काशीनाथ सिंह। हम सभी जानते हैं कि फादर कामिल बुल्के बेल्जियम के रहने वाले थे। एक पुस्तकालय में तुलसी के 'रामचरितमानस' को पढ़ते वक्त हिंदी से उन्हें इतना मोह हुआ कि बेल्जियम छोड़कर हिंदुस्तान आ गए और हिंदी सीखी` हिंदी सीख कर तुलसी की कविता के मर्म को न केवल उन्होंने समझा बल्कि राम कथा पर उन्होंने जो काम हिंदी में किया, वह आज भी मील का पत्थर माना



जाता है। यह ताकत होती है किसी बड़े रचनाकार की बड़ी रचना में। कुछ कुछ ऐसा ही संबंध श्रीप्रकाश जी का 'स्फटिक शिला' से है। इस एक मात्र कविता की यह ताकत है कि वह श्रीप्रकाश जी को चित्रकूट की यात्रा पर निकलने के लिए मजबूर कर देती है। यात्रा का जो हासिल है वह इस यात्रा-संस्मरण में वर्णित है` इसी क्रम में मुझे काशीनाथ सिंह की याद आ रही थी` काशीनाथ जी ने धूमिल और त्रिलोचन पर बेहतरीन संस्मरण लिखे हैं अपनी पुस्तक 'याद हो कि न याद हो' में इन संस्मरणों के बारे में मेरी राय है कि काशीनाथ सिंह ने जितने बेहतरीन तरीके से इसमें धूमिल और त्रिलोचन पर लिख दिया है, वैसा बाद में हिंदी के आलोचक भी नहीं लिख पाए। लगभग यही मान्यता 'स्फटिक शिला' कविता की व्याख्या के संदर्भ में श्रीप्रकाश जी के इस यात्रा-संस्मरण की है। कविता के जितने बारीक पक्षों को श्रीप्रकाश जी ने इसमें उद्घाटित किया है, वह इस यात्रा के बगैर संभव नहीं था। इस पुस्तक का यह एक मात्र संस्मरण है जिसमें भौगौलिक और प्राकृतिक सुषमाओं से हटकर यात्रा के केंद्र में निराला की कविता 'स्फटिक शिला' है।

इस तरह से देखें तो 'देस देस परदेस' हिंदी के यात्रा-संस्मरण की जरूरी पुस्तक है, जिसे पाठकों को अवश्य पढ़ना चाहिए। जब कोई साहित्यिक व्यक्तित्व यात्रा पर होता है तो कैसे वह उन यात्राओं से मुक्त और समृद्ध हो रहा होता है, और कैसे वह उसको ग्रहण कर रहा होता है, इसका सटीक उदाहरण यह पुस्तक है। जिस प्रकार अज्ञेय 'अरे यायावर रहेगा याद' में अपनी यात्राओं को महत्त्वपूर्ण तरीके से पाठकों के बीच उपस्थित करते हैं, कुछ वैसा ही इस कृति में श्रीप्रकाश जी करते नजर आते हैं। अज्ञेय की उस यात्रा में भी उत्तर-पूर्व मुख्य रूप से उभरकर आता है, इसमें भी उत्तर-पूर्व की प्रमुखता है` अज्ञेय भी उस यात्रा में कई कविताओं की रचना करते हैं, श्रीप्रकाश शुक्ल भी इन यात्राओं में कई कविताओं की रचना करते हैं।

**(युवा आलोचक महेंद्र प्रसाद कुशवाहा, बीएचयू के हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं )**

## हिटलर की पहली फोटो

**- विस्साव शिम्बोर्स्का**



और अपने चिलबिल से कपड़ों में यह
छुटकू भाई कौन है
अरे ! यह छोटा बच्चा अडोल्फ है,
हिटलर खानदान का नन्हा-मुन्ना
क्या यह ले पाएगा कानून की सबसे
ऊँची डिग्री
या बनेगा विएना के किसी ओपेरा हाउस का टेनोर गायक ?
यह छरहरा हाथ किसका है ?
किसकी है यह टुन्नी-सी नाक, चिया सी आँखें और नन्हें-नन्हें
कान ?
किसका पेट दूध से भरा है, हमें जरा सा भी इल्म नहीं
क्या यह प्रिण्टर है, डॉक्टर है, व्यापारी है या पादरी ?
आखिरकार ये टुइयाँ से उजबक पाँव मारे-मारे कहाँ फिरेंगें ?
फुलवारी जाएँगें, स्कूल जाएँगे, दफ़्तर जाएँगे, शादी करेंगें
शायद उसकी शादी नगर महापौर की बेटी से हो
अनमोल छोटा फरिश्ता । माँ का सूरज - मीठे गुलगुले सा
एक साल पहले जब वह पैदा हो रहा था
जमीन और आसमान में उसके आने के तमाम इशारे मिल रहे
थे
वसन्त की धूप थी, खिड़कियों पर ज़िरेनियम के फूल खिले थे
अहाते में बज रहा था ऑर्गन ग्राइण्डर का संगीत
गुलाबी कागज में लिपटा वह खुशबख़्त नसीब था
फिर जचगी के पहले उसकी माँ का भावी सपना
अगर सपने में दिखा फाख़्ता तो खुशखबरी मिलेगी
और अगर वह पकड़ा गया तो आएगा वह मेहमान
अरसे से हो रहा है जिसका इन्तजार
धक-धक कुछ सुनाई दे रहा है, यह चुन्नू-मुन्नू अडोल्फ का
दिल धड़क रहा है

एक छोटी सी चुसनी, लंगोटी, झुनझुना, बिब
कुलाँचे भरता लड़का, खुदा का शुक्र है कि लकड़ी पर गिरा
और ठीक-ठाक है
अपने खानदान-सा दिखता है जैसे टोकरी में बिल्ली का बच्चा
हो
हर एक परिवार के अलबम के नन्हें-मुन्नों की तरह
शी- शी- चुप रहिए, कहीं यह बिलखने न लगे, चुप कराने के
लिए चीनी है न !
काले कपड़े के नीचे से कैमरा फोटो खींचेगा


क्लिंगेर अतेलिए, ग्रबेनस्ट्रेस, ब्रौनाऊ
ब्रौनाऊ एक छोटा लेकिन उम्दा कस्बा
होता है ईमानदार कारोबार, रहते हैं परोपकारी पड़ोसी
वहाँ तिरती रहती है खमीर गूँथे आटे और कपड़ा धोने के साबुन
की गन्ध

कुत्तों का रिरियाकर रोने
या होनी की आहट को कोई नहीं सुनता
इतिहास का एक उस्ताद अपनी कॉलर ढीली करता है
और उबासीभरी उसाँस लेता है
होमवर्क की नोटबुक पर

**( अनुवाद : विनोद दास)**

## कोई रूसो, कोई हिटलर

**- अदम गोंडवी**



बजाहिर प्यार की दुनिया में जो नाकाम
होता है
कोई रूसो कोई हिटलर कोई खय्याम
होता है
जहर देते हैं उसको हम कि ले जाते हैं
सूली पर
यही हर दौर के मंसूर का अंजाम होता है
जुनूने-शौक में बेशक लिपटने को लिपट जाएँ
हवाओं में कहीं महबूब का पैगाम होता है
सियासी बज्म में अक्सर जुलेखा के इशारों पर
हकीकत ये है युसुफ आज भी नीलाम होता है

# तेज रफ्तार ट्रक से दबकर दो महिलाओं की मौत

**दो बच्चे घायल**

### दोनों सगी बहनों की मौत के बाद मचा कोहराम

जनसंदेश न्यूज

**अदलहाट।** वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर नरायनपुर रेलवे ओवर ब्रिज के पास शनिवार को लगभग साढे दस बजे पीछे की तरफ से आती हुई ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर ही दो महिलाओं की मौत हो गई तथा दो बच्चे घायल हो गए।

मोटर साइकिल चालक को हल्की चोट आयी। मौके पर नरायनपुर चौकी प्रभारी राकेश राय पहुंच कर घायलो को इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 मई को छोटी बहन प्रियंका की शादी होने वाली थी। उसी को लेकर बड़ा भाई धनेश प्रजापति 25 वर्ष अपने मोटरसाइकिल पर एक बहन को गोपपुर वाराणसी से बिदाई कराकर तथा दूसरी बहन को कटेसर रामनगर वाराणसी से बिदाई कराकर अपने घर बियरही भरतपुर थाना जमालपुर जा रहा था। तभी नरायनपुर ओवर ब्रिज पर पीछे से जाती हुई ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर पूजा आयु 28 वर्ष पति मुरारी प्रजापति गोपपुर वाराणसी तथा रीना प्रजापति आयु 32 वर्ष पति मुरारी प्रजापति निवासी कटेसर रामनगर वाराणसी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तथा धनेश मोटरसाइकिल चालक 25 वर्ष को मामूली चोटें आयी। दो भांजे घायल हो गये। जिसे चौकी प्रभारी नरायनपुर ने घायल बच्चों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया। मौके पर थानाध्यक्ष अदलहाट विजय चौरसिया भी मौके पर पहुंच गये थे। चौकी प्रभारी ने दोनों शव का आवश्यक कार्रवाई करके शव को मोर्चरी हाउस भेज दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजन पुलिस चौकी नरायनपुर पहुंच गये। घर में शादी का तैयारी के बीच दुखद घटना से सभी मर्माहत रहे। वहीं शादी का जश्न गम में बदल गया।


घटना के बाद चौकी पर पहुंचे ग्रामीण

# मैनेजर द्वारा फर्जी रिपोर्टिंग पर एफआईआर कराने की दी चेतावनी

### एडीएम की अध्यक्षता में जलजीवन मिशन की बैठक संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** विकास खण्ड सभागार में शनिवार को एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हर घर टोटी से जल योजना में लगी एजेंसी जीवीपीआर प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर द्वारा फर्जी रिपोर्टिंग पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए एफआईआर कराने की चेतावनी भी दिया। उन्होंने कहा एजेंसी की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में पानी कनेक्शन, वायरिंग, सड़क के गड्ढे ठीक कराने, शत प्रतिशत कनेक्शन कराने में प्रधान, ग्राम सचिव, कोटेदार आदि का सहयोग लेने, जल जीवन मिशन के तहत बाकी 68 कनेक्शन लेदुकी व 28 कनेक्शन सरसंवा को तीन दिवस के अंदर पूरा करने, दीपनगर व पटेहरा बाजारवासियों के पानी सप्लाई में लीकेज को अवर अभियंता जल निगम डीपी सिंह को तत्काल ठीक कराने, उन्होंने तीन दिवस के अंदर सड़क के गड्ढे बन्द कराने, छूटे कनेक्शन को जोड़ने तथा कनेक्शन में तेजी लाने के निर्देश दिया। एडीएम नमामि गंगे की कार्यवाही से जीवीपीआर कम्पनी में हड़कम्प रहा।

बैठक में एडीएम अमरेंद्र वर्मा के साथ बीडीओ शैलेन्द्र सिंह, एडीओ (प)श्रीकृष्ण उपाध्याय, अनुज कुमार पटेल, अनूप कुमार राव, सप्लाई इंस्पेक्टर विकास सोनकर, प्रदीप कुमार सिंह के साथ ग्राम सचिव, प्रधान, जीवीपीआर कम्पनी के साथ सम्बंधित जल निगम के कर्मचारी रहे।

## संक्षेप

### अधिकारियों की नाक के नीचे अधिक दामों पर हो रही सामानों की बिक्री

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों के नाक के नीचे दुकानों पर यात्रियों को मूल्य से अधिक दामों पर सामान की बिक्री की जा रही है। जहां एक तरफ रेलवे के उच्च अधिकारियों के सख्त निर्देश हैं कि यात्रियों को पानी का बोतल उनको उचित मूल्य पर दिया जाए वही रेलवे स्टेशन पर पानी की बोतल को अधिक दाम पर दुकानदारों द्वारा बिक्री कराई जा रही है ऐसे में मीरजापुर रेलवे अधिकारियों की कमजोरी कही जाए या सरपरस्ती कहीं जाए। आए दिन कई रेलवे स्टेशनों पर पानी के बोतल को अधिक दाम पर बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के बाद भी आखिर क्यों दुकानदारों द्वारा पानी की बोतल को अधिक दाम पर बेचने का खेल क्यों नहीं रुक रहा है। शनिवार की सुबह प्रयागराज मंडल से आए रेलवे अधिकारी दिनेश कुमार ने चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो और तीन पर स्थित एच के व्हीलर दुकान पर काम कर रहे दुकानदार द्वारा यात्री को पानी की बोतल अधिक दाम बेचते हुए पकड़े जाने पर रेलवे अधिकारी ने कार्रवाई करने का आदेश दिया। इस मौके पर सीआईटी परवेज अहमद सिद्धकी के साथ अन्य टीटीई मौके पर मौजूद रहे।

### ट्रेन में चढ़ते समय बोगी के नीचे आए बाप और बेटे

**मीरजापुर।** पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से बोगी के नीचे आ गए। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा करने के लिए मीरजापुर से गया जाने के लिए ट्रेन में चढ़ रहे थे कि काफी भीड़ की वजह से ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसल गया। जिससे युवक अपने मासूम बच्चे के साथ ट्रेन की बोगी की नीचे चला गया। गनीमत यह रही कि वहां मौके पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ महिला पुलिस और जीआरपी पुलिस की सूझबूझ से ट्रेन रुकवा कर बाप और बेटे को बचाया गया। जिसके बाद आरपीएफ और जीआरपी पुलिस ने उन्हें ट्रेन में चढ़ाया उसके बाद ट्रेन को यथाशीघ्र रवाना किया गया। युवक से पूछने पर पता चला कि वह मीरजापुर रेलवे स्टेशन से पुरूषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन से गया जाने के लिए आया था।

### ट्रक व बाइक की टक्कर में तीन घायल

**जिगना।** विन्ध्याचल थाना अंतर्गत मीरजापुर प्रयागराज मार्ग पर अकोढ़ी गांव के सामने बीती रात लगभग नौ बजे ट्रक और बाईक की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार विंध्याचल थाना क्षेत्र के कंतित निवासी बबलू पांडेय पैंतालीस वर्ष विभा पांडेय पैंतिस वर्ष और एक लगभग चार वर्षीय लड़की एक बाईक पर सवार होकर गैपुरा से मीरजापुर की तरफ जा रहे थे कि सामने आ रही ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। ट्रक चालक ट्रक लेकर प्रयागराज की तरफ फरार हो गया। मौके पर पहुंचे अष्टभुजा चौकी इंचार्ज अजय मिश्र ने अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से मंडलीय अस्पताल भेज दिया। दुर्घटना में घायल बबलू पांडेय और विभा पांडेय की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना बहुत ही भयानक था।

### सर्प दंश से बालिका मरी, स्वजनों में मचा हड़कंप

**लालगंज।** लालगंज थाना क्षेत्र के इमिरती गांव में सर्प दंश से सात वर्षीय बालिका की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत का समाचार मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार अर्चना 7 पुत्री शेष मणि इमिरती प्राथमिक विद्यालय धोंपापुर में कक्षा दो की छात्रा है। रोज की तरह खाना पीना खाकर वह स्कूल गई थी। लंच के दौरान स्कूल में बच्चे खेल कूद रहे थे। इसी बीच अर्चना को जहरीले सांप ने काट लिया। घटना की जानकारी होने पर स्वजनों दवा इलाज कराया। इस दौरान बालिका ने दम तोड दिया। पिता शेष मणि की तहरीर पर बरौंधा पुलिस पंचनामा करके पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा है।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा सकुशल हुई सम्पन्न

**मड़िहान।** विकास खण्ड क्षेत्र स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा वर्ष 2023 शनिवार को सकुशल सम्पन्न हुआ। कुल 4324 छात्रों को परीक्षा में भाग लेना था जिसमें 3389 छात्र ही परीक्षा में भाग लिया। 935 छात्र परीक्षा में भाग नही लिया। परीक्षा में भाग लेने वाले बच्चे 78.38 फीसद रहे। परीक्षा में जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डाक्टर एसपी त्रिपाठी, परीक्षा प्रभारी अजय त्रिपाठी, किशोरी लाल गुप्ता, अग्निवेश, वेद प्रकाश मिश्र, यूएन श्रीवास्तव, सपना, अनामिका, प्रकाश सिंह आदि ने सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने में सहयोग किया। प्राचार्य डाक्टर एसपी त्रिपाठी ने सकुशल परीक्षा सम्पन्न होने पर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### अपराधों की समीक्षा बैठक कर दिया निर्देश

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध एवं विवेचनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान लम्बित विवेचनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए गुण दोष एवं साक्ष्यों के आधार पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि शासन के निदेर्शानुसार महिला सम्बन्धित अपराध एवं साइबर अपराधों में यथाशीघ्र अभिलेखीय एवं अन्य ठोस साक्ष्यों का संकलन कर विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किया जायें। इस दौरान जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।
शादी का निमंत्रण खाना युवक को पड़ गया भारी

### शाम होते ही इलाके के चक्कर का फायदा उठाते हैं अपराधी

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली और शहर कोतवाली क्षेत्र के बॉर्डर वाले इलाके में शामिल जीआईसी के पीछे वाले हिस्से में आए दिन छिनैती व ठगी जैसी घटना को अंजाम दिया जा रहा है। बताया जाता है कि दो थानों के बीच में पड़ने की वजह से पुलिस पेट्रोलिंग नही हो पाता और जीआईसी मैदान शाम से लेकर देर रात तक नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। शुक्रवार को निमंत्रण में डंकीनगंज मोहल्ला निवासी राजू चौरसिया गए हुए थे। जब वे निमंत्रण खाने के लिए जीआईसी के पीछे सद्भावना चौराहे पर पहुंचे तो एक युवक ने उसके जेब में रखे 13500 रुपए और जरूरी कागजों पर अपना हाथ साफ कर दिया। जब युवक को मामले की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। बताया जाता है कि स्थानीय लोगों ने आशंका जताई बिन बुलाए नशेड़ी का राजू शिकार हो गया है। तहरीर के बाद पुलिस मामले में इलाके के बंटवारा में ही व्यस्त है।

### संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली थाना अंतर्गत बरकछा कलां गांव में एक अधेड़ की अचानक तबीयत खराब हो जाने से मौत हो गई। बताया जाता है कि बरकछा कलां गांव निवासी संतोष पासवान 45 वर्ष की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन संतोष पासवान को बीमार होता देखकर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### नारियल लदा ट्रक पलटा, चालक को आई मामूली चोटें

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रींवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ के पास शुक्रवार की देर रात दो बजे के करीब नारियल लादकर बिहार जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर ड्रमंडगंज घाटी में पलट गया जिससे ट्रक पर लदा नारियल राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिखर गया और वही ट्रक चालक को घटना में मामूली चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने चालक को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज भिजवाया और घटना की सूचना ट्रक मालिक को दिया। हरियाणा निवासी ट्रक चालक पैंतीस वर्षीय मुस्तकीम बैंगलूर से ट्रक पर नारियल लादकर सासाराम बिहार जा रहा था। जैसे ही मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर पंहुचा कि ट्रक अनियंत्रित होकर घाटी में पलट गया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज बीरेंद्र सिंह ने बताया कि नारियल लदा ट्रक ड्रमंडगंज घाटी में शुक्रवार देर रात अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोटें आई हैं। जिसका उपचार करवाया गया है। घटना की सूचना ट्रक मालिक को दे दी गई है।

### शहर को भी मात दे रही हैं ग्रामीण प्रतिभाएं : डॉ. नागेंद्र

**अदलहाट।** आईआईटी जेईई मेंस 2023 फेज-1 का शनिवार की दोपहर में घोषित हुए रिजल्ट में विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौड़ियाकला के पांच विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का परचम लहराया है। जेईई मेंस में अनुपम 95.22, सौरभ मौर्या 94.73, अरिजित त्रिपाठी 92.65, हिमांशु शेखर द्विवेदी 86.9, पवन कुमार 79.86 प्रेंसेंटाइल अंक प्राप्त कर ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में गौरव बढ़ाया है। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमैंन डा. नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण अंचल के छात्रों ने शहरों की तुलना में बहुत ही सराहनीय सफलता अर्जित की है। यह बच्चे आई.आई.टी. जेईई एडवांस में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कामयाब होंगे। इसके लिए मेरी शुभकामनाएं ढेरों हैं। ये बच्चे निश्चित ही आगे भी विद्यालय के साथ साथ जनपद का नाम रोशन करेंगे। इस विद्यालय के चार छात्रों ने पिछले वर्ष भी जेईई मेंस में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया था। इस सफलता पर विद्यालय की डायरेक्टर सौम्या द्विवेदी, प्रधानाचार्य शैल तिवारी, आलोक सिंह, प्रवीण सिंह, संजीव दुबे, राजा भूपेंद्र सिंह, अलंकृत मिश्र, राजेश तिवारी, जितेंद्र कुमार आदि शिक्षकों ने बधाई दी है।

# अचानक जिला कारागार पहुंचे पुलिस अधीक्षक


निरीक्षण कर वापस आते एसपी साथ में है एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला के साथ जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार कैदियों की बैरक, भोजनालय, चिकित्सालय, आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले में हो रहे उपचुनाव व निकाय चुनाव के मद्देनजर जेल में भी चौकसी बरती जा रही है। जिसके मद्देनजर शनिवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार, कैदियों की बैरक, भोजनालय, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जो भी कमी पाई गई उसको तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। वही जब कप्तान की टीम जिला कारागार पहुंची तो हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रसाद शुक्ला समेंत समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अज्ञात ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार तीन घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी तीन लोग एक ही बाइक से शुक्रवार को अपनी रिश्तेदारी मध्य प्रदेश के हनुमना किसी कार्यक्रम में शामिल होने गये हुए थे। देर रात घर वापस लौटते समय जैसे ही हलिया अदवा मार्ग स्थित अहुँगी कलां गांव पहुंचे कि सामने से तेज गति से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर बाइक में धक्का मार दिया। जिससे 20 वर्षीय बाइक चालक कल्लू निवासी उमरिया तथा पीछे बैठे 60 वर्षीय राम सजीवन व 62 वर्षीय रज्जू निवासी उमरिया सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एंबुलेंस सेवा पर फोनकर उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया भिजवाया। जहां गंभीर रूप से घायल रामसजीवन व रज्जू की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत पर भाई ने दी तहरीर

जनसंदेश न्यूज

**मुकदमा**

### तहरीर के आधार पर पति सहित सास, ससुर, जेठ पर दर्ज हुआ हत्या

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दलापट्टी गांव में 23 वर्षिय विवाहिता महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के भाई ने 5 लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दलापट्टी गांव में शुक्रवार की रात्रि लगभग 8:00 बजे लउधर निषाद की बहू श्रीदेवी पत्नी पंडित निषाद अपने जेठ राम आसरे के बेटी की शादी के एक दिन पहले भतवान में शामिल होकर घर वापस आई और बताया कि पेट में दर्द है। महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की घटना के पश्चात परिजनों ने विवाहिता को मंडलीय चिकित्सालय मिजार्पुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मायके पक्ष को होते ही शुक्रवार की रात्रि लगभग 10 लोग मंडलीय चिकित्सालय पहुंचकर शोरगुल मचाने लगे। पुलिस ने शव को शुक्रवार की रात्रि मोर्चरी में रखवा दिया।




शनिवार की सुबह मृतक विवाहिता श्रीदेवी का भाई श्रीराम ने चील्ह थाना में पति पंडित निषाद, जेठ राजू, संजय, सास बसंती देवी तथा ससुर लउधर के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया है। श्रीराम ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी बहन श्रीदेवी का विवाह लगभग 2 वर्ष पूर्व पंडित निषाद के साथ हिंदू रीति रिवाज से किया था। तथा उन्होंने दहेज में मोटरसाइकिल दिया था, किंतु इससे ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे। वह लोग 2 लाख रु नगद व कार की मांग कर रहे थे। न देने पर ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करने तथा जान से मारने की धमकी भी देते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित सास, ससुर, जेठ पर हत्या करने का चील्ह थाना में 498,304, 3/4 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस ने पति पंडित निषाद, जेठ राजू, सास बसंती देवी, ससुर लउधर को हिरासत में ले लिया है। घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। और प्रथम दृष्टया दहेज हत्या लग रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नहर पुलिया निर्माण गलत ढंग से करवाने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

### घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करने का लगाया आरोप

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के पटेहरा ग्राम पंचायत के छुलहा गांव के चौरसिया बस्ती में पटेहरा माइनर पर ग्राम पंचायत द्वारा बनाई जा रही नहर की पुलिया के निर्माण को गलत ढंग से और घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शनिवार को निमार्णाधीन नहर की पुलिया पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिया का निर्माण सही ढंग से करवाए जाने की मांग की है।

प्रदर्शन में शामिल संगीता चौरसिया, अनीता चौरसिया, सियाराम चौरसिया, राजेश कुमार चौरसिया, राजू चौरसिया, जयशंकर चौरसिया ने बताया कि पुलिया निर्माण नहर के बीचों-बीच नही कर एक किनारे से किया जा रहा है जिससे नहर के पानी का बहाव बीच में नही होने से नहर की पटरी टूट जाएगी और बस्ती के लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कहा कि निर्माण में घटिया सामग्री भस्सी आदि का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं बस्ती निवासी संगीता चौरसिया ने बताया कि नहर के बगल में घर है पुलिया नहर के एक किनारे से बनाई जा रही है पानी का बहाव पटरी पर होने से घर का रास्ता भी बंद हो जाएगा। आरोप लगाया कि वर्तमान प्रधान की जगह पूर्व प्रधान द्वारा नहर की पुलिया का निर्माण मनमानी ढंग से किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में सिंचाई विभाग के अवर अभियंता रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि नहर पर पुलिया बनाए जाने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा परमिशन नहीं लिया गया है मामले की जांच की जाएगी। ग्राम सचिव आलोक राव का कहना है कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिली है मौके की जांच कर पुलिया निर्माण कार्य को सही ढंग से करवाया जाएगा।


प्रदर्शन करते ग्रामीण

## प्रत्याशी ने लगाया मारपीट का आरोप

**चुनार।** सभासद भाजपा प्रत्याशी को चुनाव प्रचार के दौरान अपशब्दों व गाली गलौज बदतमीजी करने का सभासद प्रत्याशी सुशीला देवी पत्नी जुगल किशोर प्रजापति निवासी मोहल्ला दरगाह शरीफ वार्ड नंबर 16 ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि मुन्ना पुत्र अज्ञात निवासी दरगाह शरीफ प्राइमरी विद्यालय के पास मुझसे और मेरे पति से प्रचार के दौरान गाली गलौज बदतमीजी करता है। शनिवार को सुबह वार्ड में प्रचार के वक्त सुशीला देवी के पति से दस हजार की मांग कर रहा है। कहा कि तुम मुसलमानों के गढ़ में चुनाव लड़ रहे हो तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई। इस दौरान सुशीला वहां पहुंची तो मुझे भद्दी-भद्दी गाली गलौज करने लगा। उनके कपड़े पर चुनाव चिन्ह कमल का निशान फुल लगा हुआ था। उसे नोच लिया हाथ पकड़ कर मरोड़ दिया। सुशीला देवी ने चुनार थाने में तहरीर देकर मुन्ना के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# मनबढ़ों ने किया पिकअप चालक से छिनैती

जनसंदेश न्यूज

**हड़कंप**

### घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी, कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

### पीड़ित की तहरीर पर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत बीती शाम हुई छिनैती की घटना से हड़कंप मचा हुआ है। पीड़ित पीकप चालक ने राजगढ़ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। जानकारी के अनुसार पीकप चालक लालू बिन्द निवासी बिसहार रोजमर्रा की तरह सरंगा बाजार थाना करमा सोनभद्र से खोया विक्रेताओं को लेकर मीरजापुर पहुंचाता है और पुनः लौटते समय ले आता है।

इस दौरान बीते शाम मीरजापुर से लौटकर राजगढ़ पहुंचा और गाड़ी पर लदे माल दुकानदारों को देकर सरंगा के सवारियों को उतारने जा रहा था। इस दौरान नदिहार बाजार के आगे राजगढ़ घोरावल मार्ग पर बने पुल के पहले कुछ युवकों ने पीकप चालक को रोक लिया और मारपीट कर जेब में रखे पैसे व मोबाइल छीन लिए और फरार हो गए। इस घटना के बाद पीड़ित काफी सहम गया और डायल 112 पर फोन कर तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवक फरार हो गए। खबर लिखे जाने तक पुलिस की ओर से कुछ स्थानीय युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

छिनैती की घटना सुनकर लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने बताया कि पीक?प चालक व सवारियों के बीच कुछ विवाद की जानकारी मिली है जिसके संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# भारत मिशन निपुण में लालगंज को मिला पहला स्थान

**लालगंज।** भारत मिशन निपुण में पहला स्थान लाकर लालगंज विकास खंड के शिक्षकों ने गौरव व स्थान हासिल किया है। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिदिन आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षकों का उत्साह वर्धन किया है। लालगंज विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने स्वतंत्र सर्वे में निपुण मिशन में पहला स्थान लाकर जिले में मान बढ़ाने का काम किया। यह प्रयास प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों का सामूहिक दायित्व निर्वाहन की सफलता है।

प्राथमिक विद्यालय के 124 विद्यालय टीम के साथ काम की। इसके लिए निपुण भारत मिशन प्रत्येक परिस्थितियों में सफलता अर्जित करेंगे। शिक्षक मनोज तिवारी सुधीर तिवारी गिरीश सिंह ने बताया कि गाइड द्वारा सर्वे कराया गया था। इसमें जांच की गई थी कि कक्षा 1 से लेकर 5 तक के बच्चों हिंदी गणित के साथ उनके व्यक्तित्व का विकास किया जाना था। जिसमें ग्रामीण इलाके के बच्चों ने प्रतीक परीक्षाओं को गुणवत्ता के साथ शिक्षकों की दिशा निर्देश में आगे बढ़ने का काम किया है। खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव ने बताया कि निपुण मिशन की सफलता में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षामित्र तय किए गए मानक के आधार पर कर्तव्य का निर्वहन किया जिसका परिणाम यह रहा कि प्रत्येक बच्चों में गुणवत्ता का विकास हुआ और उनके व्यक्तित्व का विकास हुआ यह सामूहिक सोच ग्रामीण परिवेश में गुणवत्ता का विकास बढ़ाने वाला है।


छात्रों को पुरस्कृत करते शिक्षण व अधिकारी

## कपड़ों और गहनों की बोरी गायब

**हलिया।** हलिया थाना क्षेत्र के गोरगी गांव निवासी कलुई पत्नी ननकू ने बस में रखी गहने और कपड़े की बोरी गायब होने पर शनिवार सुबह थाने में बस कंडक्टर के विरुद्ध तहरीर देकर बोरी में रखे कपड़े और गहने वापस दिलाने की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि शुक्रवार साढ़े तीन बजे प्रयागराज जिले के कोरांव बाजार से बहू संगीता के साथ बस पर बैठी थी। गहना और कपड़ा खरीदकर बोरी में रखे थे कि कंडक्टर जबरन बस के ऊपर रखवा दिया। हलिया आने पर मेरी सफेद बोरी नही दिया। कहा कि गायब हो गई है। बोरी में चांदी का दो कड़ी की कमर पेटी, चांदी का चार लच्छा, चांदी का मुंदरी, मीना, लाकेट तथा कपड़े आदि रखा था। जिसे कंडक्टर ने गायब कर दिया। महिला ने कंडक्टर के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते हुए बोरी में रखे गहने और कपड़े वापस दिलाने की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि बस चालक व कंडक्टर से इस मामले में बात की गई तो उसने महिला की बोरी मिलने की बात कही है। बोरी मिलने पर महिला को सौंप दिया जाएगा।

# बाढ़ प्रबंधन के दृष्टिगत फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप का किया गठन

**तैयारी**

### तैयारियों व बाढ़ राहत सहित अन्य कार्यो के सम्बन्ध में की गयी समीक्षा

### जनपद में कुल 37 बाढ़ चौकियों की होगी स्थापना

**मीरजापुर।** जनपद में वर्षा के दिनों में सम्भावित बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण, सूचनाओं के आदान प्रदान, सुरक्षा हेतु बाढ़ चौकियों की स्थापना सहित राहत कार्य के तैयारियों से सम्बन्धित जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बाढ़ प्रबन्धन व राहत आदि के सम्बन्ध में शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप का गठन किया गया। स्टीयरिंग ग्रुप में पुलिस अधीक्षक, जिला बाढ़ राहत अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभिन्यता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता जल निगम को सदस्य एवं अधिशासी अभियन्ता एवं समन्वय अधिकारी बाढ़ को सदस्य/सचिव नामित किया गया हैं। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित स्टीयरिंग ग्रुप के सदस्यों व बाढ़ से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर जनपद में बाढ़ के समय स्थिति की समीक्षा, बाढ़ निरोधक कार्यो पर बाढ़ के समय आवश्यक सामाग्रियों की आपूर्ति एवं पहुंचाने हेतु शाधन, क्षतिग्रस्त स्थल पर मरम्मत, बाढ़ निरोधक कार्यो हेतु सुरक्षार्थ आवश्यकता पड़ने पर पी0ए0 सी0, पुलिस, होमगार्ड द्वारा पेट्रोलिंग प्रबन्ध, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में क्षतिग्रस्त स्थलों में बिजली का उचित प्रबन्ध, जल मग्न क्षेत्रो में वर्षा का पानी निकाले की समुचित व्यवस्था, राहत कार्यो से सम्बन्धित अन्य सभी कार्यो पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओम प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह सभी सम्बन्धित अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें।

### नीम के पेड़ में लुंगी के सहारे झूलता मिला अधेड़ का शव

**चुनार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सहसपुरा गांव निवासी मृतक अशोक कुमार मिश्रा पुत्र स्व सूर्यभान 47 वर्ष अविवाहित था। शनिवार सुबह मृतक का लटकता शव देख कर अगल- बगल के लोगों ने बड़े भाई हीरालाल मिश्रा को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे बड़े भाई ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। मृतक का बाउंड्री वॉल के अंदर लुंगी के सहारे नीम के पेड़ से लटकता शव को पुलिस मौके पर पहुंच कर नीचे उतरवाया। पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा। मृतक तीन भाइयों में छोटा था। पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। घटना को लेकर ग्रामीणों में चर्चायें व्याप्त है। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# स्पोर्ट्स

## पहलवानों को मिला पूर्व फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया का समर्थन, कहा- मैं उनके साथ हूं



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शुक्रवार रात को महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोपों के बाद दो केस दर्ज हो गए हैं। हालांकि बृजभूषण ने कहा है कि उन्हें न्यायपालिका और पुलिस प्रणाली पर भरोसा है। उन्होंने फिलहाल इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। वहीं पूर्व फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया ने जंतर-मंतर पर चल रहे पहलवानों के धरने को समर्थन दिया है। उन्होंने ट्वीट करके कहा, मैं अपनी बहनों विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व अन्य जो भी न्याय के लिए खड़े हैं, उनके साथ हूं।

# गुजरात टाइटंस ने केकेआर को सात विकेट से हराया

## कोलकाता ने 180 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे गुजरात ने 17.5 ओवरों में ही हासिल कर लिया, डेविड मिलर ने धमाकेदार पारी खेलते हुए 18 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्के के दम पर नाबाद 32 रन ठोके



**कोलकाता।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराया। कोलकाता नाईटराइडर्स के खिलाफ इस मैच में गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कोलकाता ने 180 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे गुजरात ने 17.5 ओवरों में ही हासिल कर लिया। उसके लिए डेविड मिलर ने धमाकेदार पारी खेलते हुए 18 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्के के दम पर नाबाद 32 रन ठोके, जबकि विजय शंकर ने 24 गेंदों में 2 चौके और 5 छक्के के दम पर नाबाद 51 रन ठोके। यह गुजरात की 8 मैचों छठी जीत है और इसके साथ ही वह पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में शनिवार को यहां सात विकेट पर 179 रन बनाए। केकेआर की तरफ से रहमानुल्लाह गुरबाज ने सर्वाधिक 81 रन बनाए। गुजरात की तरफ से मोहम्मद शमी ने तीन विकेट लिए। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में शनिवार को टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। मौसम विभाग ने हालांकि बारिश और तूफान की भविष्यवाणी की है और काले बादलों के कारण फ्लड लाइट खोल दिए गए हैं। टॉस के बाद तुरंत बूंदाबांदी होने लगी जिससे कवर बिछा दिए गए हैं। गुजरात की टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है जबकि केकेआर ने चोटिल सलामी बल्लेबाज जैसन रॉय की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज को और उमेश यादव की जगह हर्षित राणा को शामिल किया है।

## सीएसके और पीबीकेएस के बीच होगी रोमांचक भिड़ंत, इन खिलाड़ियों पर रहेंगी सबकी नजरें



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल में रविवार को होने वाले मुकाबले में स्पिनरों का दबदबा रहेगा और इसमें मेजबान टीम का पलड़ा भारी दिख रहा है। दोनों टीमों को पिछले मैच में पराजय का सामना करना पड़ा है ।चेन्नई को राजस्थान रॉयल्स ने 32 रन से हराया तो पंजाब किंग्स को लखनऊ सुपर जाइंट्स ने 56 रन से शिकस्त दी। चेन्नई हालांकि अब अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी जहां स्पिनरों की तूती बोलती है और महेंद्र सिंह धोनी जैसा चतुर कप्तान पंजाब को फिरकी के जाल में फंसाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। राजस्थान के खिलाफ जयपुर में 203 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई के बल्लेबाज दबाव में आ गए। फॉर्म में चल रहे डेवोन कोंवे भी कुछ नहीं कर पाये। कोंवे के अलावा चेन्नई के लिए इस सत्र में रूतुराज गायकवाड़, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे ने रन बनाये हैं। रविंद्र जडेजा के बल्ले की खामोशी चेन्नई की चिंता का सबब जरूर है लेकिन इस हरफनमौला ने शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से वह कमी पूरी कर दी है। शायद अपना आखिरी आईपीएल खेल रहे धोनी पर सभी की नजरें होंगी। पीली जर्सी में मैदान में मौजूद प्रशंसक उनकी बल्लेबाजी देखना चाहेंगे। चेन्नई इस मैच में भी जडेजा, महीष तीक्षणा और मोईन अली के रूप में तीन तरफा स्पिन आक्रमण उतार सकता है। तेज गेंदबाजी में दीपक चाहर की गैर मौजूदगी में तुषार देशपांडे ने 14 विकेट लिये हैं हालांकि उनका इकॉनामी रेट 12 . 57 रहा है । युवा आकाश सिंह और मतीषा पथिराना से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## 'अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं दूंगा, साजिश के पीछे कुछ उद्योगपति', डब्लूएफआई प्रमुख बृजभूषण सिंह का बयान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर मंतर पर देश के पहलवानों का धरना जारी है। इस बीच भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा कि अगर इन पहलवानों के पुराने बयानों को सुनेंगे तो जनवरी में इन्होंने मांग की थी कि बृजभूषण शरण सिंह अपने पद से इस्तीफा दें... इस्तीफा देना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन अपराधी बनकर के नहीं दूंगा। मैं अपराधी नहीं हूं। डब्लूएफआई प्रमुख ने कहा कि मैं शुरू से ही कह रहा हूं कि इसमें देश के कुछ उद्योगपतियों, जिनको मुझसे कष्ट है और कांग्रेस का हाथ है। आज दिख गया कि इसमें किसका हाथ है। भाजपा सांसद ने कहा कि मैं अपराधी नहीं हूं। हर जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं और सुप्रीम कोर्ट का फैसला मेरे लिए सर्वमान्य है। गोंडा में एक प्रेस वार्ता में ब्रजभूषण ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि सुप्रीम कोर्ट से मुझे और मेरे समर्थकों को न्याय मिलेगा। पिछले कई महीने से गाली पर गाली, आरोप पर आरोप से मुझे और परिवार को और समर्थकों को कष्ट होता है।

# रोहित शर्मा की शानदार पार्टी में रितिका ने लूटी महफिल

## नजर आए मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी...



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में मुंबई इंडियंस की शुरूआत कुछ खास नहीं रही है। 16वें सीजन में मुंबई की टीम अब तक कुल सात मैच खेल चुकी है जिसमें उसे सिर्फ तीन मुकाबले में जीत मिली है। टीम को अपना 8 मैच राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है। लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले अपने साथी खिलाड़ियों को शानदार पार्टी दी।

रोहित शर्मा ने यह पार्टी मुंबई के एक होटल में दी। रोहित के साथ उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने भी साथ नजर आईं और मेहमानों का स्वागत किया। रोहित की इस पार्टी में टीम के सभी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पार्टी होस्ट कर रहे रोहित शर्मा अपनी ब्लैक ड्रेस में नजर आए। वहीं रोहित की पत्नी रितिका सजदेह ग्रीन एंड ब्लैक वन पीस में कमाल की लग रहीं थी। बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड भी इस पार्टी में रंग जमाते नजर आए। वह हाफ शर्ट पहने हुए थे। इस पार्टी में मुंबई इंडियंस का पूरा कोचिंग स्टाफ मौजूद था।

## पहलवानों ने कहा- कुछ लोग हमारा आंदोलन दूसरी दिशा में ले जाना चाहते हैं



**नई दिल्ली।** प्रदर्शनकारी पहलवानों ने शनिवार को दावा किया कि कुछ लोग उनके आंदोलन को दूसरी दिशा में ले जाने के उद्देश्य से यहां आए हैं लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे लोग कौन हैं। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया ने कहा कि पहलवान उनके मंच का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए नहीं करने देंगे। बजरंग ने कहा,कुछ लोग हमारे आंदोलन को एक अलग दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं और हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। यह भारत की बेटियों के लिए न्याय की लड़ाई है। बजरंग संभवतः उन लोगों का जिक्र कर रहे थे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाते सुना गया था।

उन्होंने कहा, कई लोग प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गए हैं और इसे भड़काऊ आंदोलन के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह भारतीय कुश्ती को बचाने की लड़ाई है। जो लोग यहां आए हैं हैं, वे किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि हमारा समर्थन करने के लिए यहां पहुंचे हैं। बजरंग ने कहा,राजनीति और अन्य चीजें गौण हैं, महिलाओं की गरिमा और सम्मान पहले है, इसलिए कृपा करके इसमें राजनीति को शामिल ना करें। यह खिलाड़ियों का आंदोलन है और इसका किसी राजनीतिक पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। पहलवानों ने जब भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपना आंदोलन फिर से शुरू किया था तो राजनीतिज्ञों, किसानों और महिला संगठनों से समर्थन की अपील की थी। कांग्रेस पार्टी की प्रियंका गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी, जम्मू और कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्य पाल मलिक, दिल्ली सरकार के मंत्रियों आतिशी सिंह और सौरभ भारद्वाज जैसे राजनेताओं ने पिछले दिनों प्रदर्शन स्थल का दौरा करके खिलाड़ियों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया था। इस बीच विनेश फोगाट में कहा,मैं संवैधानिक पदों पर आसीन सभी लोगों से कहना चाहती हूं कि आम आदमी भी सम्मान का हकदार है। हम सभी का सम्मान करते हैं, हम ऐसा कुछ भी नहीं कहेंगे जो उनके सम्मान के खिलाफ हो, लेकिन हमें भी सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर हमने गलती से कुछ कह दिया हो तो उसके लिए हम माफी चाहते हैं। हमारा ऐसा इरादा नहीं था। हम एक सभ्य समाज से आते हैं, हमें सिखाया गया है कि बड़ों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। बजरंग और विनेश ने हालांकि इस पर चुप्पी साधे रखी कि आखिर कौन उनके आंदोलन को राजनीतिक रंग देना चाहता है।

# रिंकू सिंह-यशस्वी जायसवाल ने सिद्ध किया कठिन परिश्रम में उनके जैसा और कोई नहीं



**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 लीग स्टेज के दूसरे चरण में प्रवेश कर चुका है और लीग मैच के प्रथम चरण में खेल प्रशंसकों ने कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों का जोरदार प्रदर्शन देखा। जिसमें रिंकू सिंह और यशस्वी की पारियां शामिल हैं। आईपीएल 2023 के पहले चरण के 35 मैचों में कुछ टीमें में कांटे की टक्कर का जमकर लुत्फ लिया। लीग में यहां कुछ ऐसे खिलाड़ियों ने जिन्होंने आईपीएल 2023 के बीच में लगातार और विस्फोटक पारियां खेलकर अपने प्रशंसकों को दांतु तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया। आईपीएल 2023 में विदेशी खिलाड़ियों में रॉयल चैलेंजर बैंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसिस सबसे सफल विदेशी बल्लेबाज रहे हैं। लीग के पहले चरण की समाप्ति पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर आईपीएल 2023 में सात मैचों में 407 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस संस्करण में 165.3 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए यह साबित कर दिया है कि इस बल्लेबाज के लिए उम्र कोई मायने नहीं रखता है। भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने क्षेत्र में पूर्व प्रोटिया कप्तान की एथलेटिक्स और विकेटों के बीच तेजी से दौड़ने के लिए प्रशंसा की है जो दूसरे छोर पर उनके सलामी जोड़ीदार विराट कोहली की मददगार साबित हो रहे हैं। पूर्व क्रिकेटर कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से बातचीत में कहा, फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली विकेट के बीच में सबसे अच्छे धावक हैं। एबी डिविलियर्स अकेले नहीं हैं, लेकिन अब फाफ, कोहली ऐसे साथी हैं जो लम्बी पारी खेलकर अच्छी साझेदारी को अंजाम देने में सक्षम हैं। कैफ ने कहा कि गुजरात टाइटन्स के लिए अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान पहले सात मैचों में 14 विकेट लेकर मौजूदा प्रतियोगिता में सबसे सफल विदेशी गेंदबाजों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि हर 12 गेंदों पर एक विकेट लेने वाले राशिद आईपीएल 2023 में डिफेंडिंग चैंपियन थे। यहां कुछ खिलाड़ी ऐसे है जिनके सिर पर कैप (टोपी) सुशोभित नहीं हो पायी है। जिन्होंने आईपीएल 2023 में अपनी जबरदस्त छाप छोड़ी है, जिनमें कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह सबसे अच्छे बल्लेबाज में शुमार हैं। उत्तर प्रदेश के इस बल्लेबाज ने मिडल ऑर्डर में लीग के पहले हाफ में 233 रन बनाए हैं। केकेआर के लिए चल रही प्रतियोगिता में रिंकू के प्रदर्शन के बारे में बोलते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हसी ने उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलने की वकालत की है। हसी ने कहा, रिंकू सिंह में जबरदस्त प्रतिभा है। उसने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया और केकेआर फेंचाइज के लिए खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। उसमें आत्मविश्वास बढ़ा है और अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने पर काम किया है। उम्मीद करता हूं कि वह शीघ्र भारतीय टीम में जगह बनाएंगे। होनहार युवा राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी आईपीएल 2023 में अपने खेल को अगले स्तर पर ले गए हैं और मुंबई के बाएं हाथ के बल्लेबाज ने पहले सात मैचों में 227 रन बनाए हैं। जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने भी गेंदबाजी में लोहा मनवाया है और उसने सात मैच में 12 विकेट अपने नाम किए हैं। देशपांडे हालांकि रन देने में थोड़े से महंगे साबित हुए है लेकिन देशपांडे ने हर 12.7 गेद में एक विकेट चटकाई है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा कि तुषार देशपांडे ने चुनौती से पार पाने और चेन्नई सुपरकिंग्स के लिये दबाव के समय सटीक गेंदबाजी की है। उन्होंने डेथ और दबाव के समय सात विकेट लेकर गेंदबाजी करने की चुनौती का सामना किया है। वह मुश्किल समय में विकेट निकालने में सफल रहा है और उसकी गेंद में छक्का लगने पर भी उसकी टीम ने उस पर भरोसा जताया है।

# अब दुनिया देखेगी मलिहाबाद की बेटियों के पंच का दम, बागों में प्रैक्टिस कर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचीं



लखनऊ। मलिहाबाद की बेटियों के पंच का दम अब दुनिया देखेगी। इनके लिए रिंग तैयार है, जिसे समारोह के दौरान बॉक्सिंग करने वाली स्थानीय बेटियों को समर्पित कर दिया जाएगा। लड़कियां का अपने क्षेत्र में बॉक्सिंग रिंग का सपना पूरा करने में मददगार बनी हैं हम संस्था की संस्थापक डॉ. संगीता शर्मा। इन्होंने यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अफसरों को बॉक्सिंग रिंग का महत्व बताते हुए इसके निर्माण के लिए तैयार किया। संस्था के अध्यक्ष अंशुमालि शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस बॉक्सिंग रिंग का लोकार्पण अपर सचिव खेल नवनीत सहगल करेंगे।

***बिना संसाधन के ये बच्चियां इतना बेहतर कर रही हैं***

डॉ. संगीता शर्मा ने बताया कि आउटरीच प्रोग्राम के तहत हम लोग मलिहाबाद पहुंचे थे। यहां देखा कि कुछ लड़कियां बागों में बॉक्सिंग की प्रैक्टिस कर रही हैं। इनमें से कई डिस्ट्रिक्ट खेल चुकी थीं तो कुछ स्टेट और एक नेशनल कैंप से होकर आई थी। आश्चर्य हुआ कि बिना संसाधन के ये बच्चियां इतना बेहतर कर रही हैं। इन लड़कियों ने आग्रह किया कि हमारे लिए एक बॉक्सिंग रिंग बनवा दीजिए। इसके बाद से इस प्रयास में जुट गए। हम लोगों ने यूटीआई के अफसरों से बात की और उन्हें इलाके का निरीक्षण भी करवाया। आज बॉक्सिंग रिंग बनकर तैयार है।

***आत्मरक्षा के लिए शुरू की थी बॉक्सिंग***

कोच सैफी बताते हैं इलाके में छेड़छाड़ जैसी घटनाएं होती रहती थीं। ऐसे में लगा कि यदि बच्चियों को आत्मरक्षा के लिहाज से तैयार कर दिया जाए तो अच्छा होगा। कोशिश शुरू कर दी और देखते-देखते ये लड़कियां इतना बेहतर करने लगीं कि इनकी मेहनत देख मैंने प्रतियोगिता में भेजने का फैसला लिया। अनामिका नेशनल खेलकर लौटी है। नूर इस वक्त नेशनल कैंप में है। वहीं, कामना, परविंदर कौर, अस्मिता ने खेलो इंडिया ओपन में हिस्सा लिया था। इसके अलावा शिवानी, अनामिका कुमारी और बीनू रावत ने स्टेट खेला। करीब 20 लड़कियां डिस्ट्रिक्ट में मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं। बताया कि यहां निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।

***अब नहीं लगेगी चोट, नहीं रुकेगी प्रैक्टिस***

स्टेट चैंपियन अनामिका कहती हैं कि कई बार गड्ढों में पैर पड़ने से मोच आ जाती और कई दिनों तक प्रैक्टिस रुक जाती थी। अब रिंग बन गई है तो चोट नहीं लगेगी और हम खेल पर फोकस कर पाएंगे। अब लग रहा है कि देश के लिए मेडल जीतने का सपना पूरा होगा।

## रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में डब्लूटीसी फाइनल जैसे बड़े मैचों में विराट करें कप्तानी, कोच रवि शास्त्री ने दिया बयान



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा अगर किन्हीं कारणों से उपलब्ध नहीं रहते हैं तो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जैसे बड़े मैचों में विराट कोहली को कप्तानी सौंपी जानी चाहिये । शास्त्री ने आगे कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को पिछले साल इंग्लैंड दौरे पर स्थगित हुए आखिरी टेस्ट में कप्तानी के लिये कोहली को कहना चाहिये था चूंकि रोहित उस मैच के लिये उपलब्ध नहीं थे। शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, ऐसे बड़े मैच के लिये मैं चाहूंगा कि रोहित फिट रहें क्योंकि वह कप्तान हैं । लेकिन अगर किन्हीं कारणों से वह नहीं खेल पाते हैं तो भारतीय टीम को उस दिशा में सोचना चाहिए। उनसे पूछा गया था कि रोहित के नहीं खेलने पर क्या कोहली को टीम की कप्तानी करनी चाहिये । शास्त्री ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिये भी ऐसा ही किया जाना चाहिये था। उन्होंने कहा, रोहित के चोटिल होने पर मुझे लगा था कि विराट कप्तान होंगे। उन्होंने कहा,अगर मैं कोच होता तो यही सुझाव देता। मुझे यकीन है कि राहुल (द्रविड़) ने भी यही किया होगा । मेरी उससे बात नहीं हुई है। विराट की कप्तानी में भारत ने श्रृंखला में 2 . 1 की बढत बनाई थी। फाफ डु प्लेसी के चोटिल होने के कारण कोहली इस समय आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की कप्तानी भी कर रहे हैं । डु प्लेसी इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर खेल रहे हैं। शास्त्री ने कहा,वह अपने खेल का पूरा मजा ले रहा है। पिछले साल जब हम बात कर रहे थे कि क्या उसे ब्रेक की जरूरत है या नहीं है। उसके कंधों पर मानों पूरी दुनिया का बोझ था लेकिन अब वह ऊर्जा, आनंद और उत्साह फिर लौट आया है जिसे देखकर अच्छा लग रहा है।

# पहलवानों को केजरीवाल और प्रियंका का साथ

## धरने में शामिल हुए अरविंद केजरीवाल, सुबह प्रियंका गांधी भी पहुंची, रोने लगी म1हिला पहलवान, प्रियंका का पीएम मोदी पर वार, बोलीं- मुझे पीएम से कोई उम्मीद नहीं, उन्होंने अभी तक उनसे बात क्यों नहीं की

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर देश के शीर्ष पहलवानों का धरना-प्रदर्शन जारी है। बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे ओलंपिक पदक विजेता पहलवान इस प्रदर्शन की अगुआई कर रहे हैं। पहलवानों ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। उनकी शिकायत पर दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज किया है, लेकिन पहलवान धरना खत्म करने के लिए तैयार नहीं हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी पहलवानों के धरने में शामिल हुए हैं। उन्होंने सभी पहलवानों से मुलाकात की। इससे पहले प्रियंका गांधी भी इस धरने का हिस्सा बनी थीं। केजरीवाल ने धरने में कहा कि देश की पहलवान बहनों के साथ गलत हुआ है। उन्हें न्याय



मिलना चाहिए। पूरा तंत्र आरोपी को बचाने में लगा हुआ है। गलत काम करने वाले को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

प्रियंका ने पहलवानों से मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "मुझे पीएम से कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि अगर उन्हें उनकी (पहलवानों) की चिंता है, तो उन्होंने अभी तक उनसे बात क्यों नहीं की? देश उनके (खिलाड़ियों) साथ खड़ा है। मुझे गर्व है कि पहलवान ऐसी चीज के लिए खड़े हैं और आवाज उठा रहे हैं।"

पहलवानों से मिलने के बाद प्रियंका गांधी ने कहा, "जो एफआईआर दर्ज कराई गई है, उसमें क्या है, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। वे इसे क्यों नहीं दिखा रहे हैं? जब ये पहलवान पदक जीतते हैं तो हम सभी ट्वीट करते हैं और गर्व महसूस करते हैं लेकिन आज ये सड़क पर बैठे हैं और इन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। ये सभी महिला पहलवान इस मुकाम तक आने के लिए काफी संघर्ष करती हैं और मैं यह नहीं समझ पा रही हूं कि सरकार उन्हें (बृजभूषण शरण सिंह) क्यों बचा रही है?"

प्रियंका के सामने धरने पर बैठीं महिला पहलवान रोने लगीं। प्रियंका ने उन्हें चुप कराने का प्रयास किया। इस दौरान कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने पुरुष पहलवानों से बात की। फिर सभी एक जगह बैठ गए। प्रियंका ने महिला पहलवानों के बाद पुरुष खिलाड़ियों से भी मामले की पूरी जानकारी दी।

***दिल्ली पुलिस ने एफआईआर की एक कॉपी पहलवानों को दी***

दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर की एक कॉपी पहलवानों को दे दी है। यह एफआईआर महिला पहलवानों की शिकायत पर दर्ज की गई है। वहीं, नाबालिग लड़की की शिकायत पर दर्ज की गई एफआईआर की कॉपी पहलवानों को नहीं दी गई। वह सिर्फ पीड़िता के परिजनों को सौंपी जाएगी। इससे पहले प्रियंका गांधी ने पहलवानों से मिलने के बाद पूछा था कि एफआईआर की कॉपी किसी को क्यों नहीं दी जा रही है। *एजेंसी*

### राहुल गांधी को राहत, झारखंड हाईकोर्ट ने पेशी पर लगी रोक बढ़ाई

**झारखण्ड।** झारखंड हाईकोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्री व भाजपा नेता अमित शाह पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में पेशी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को स्थानीय न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से जारी नोटिस पर लगी रोक शुक्रवार को बढ़ा दी।

राहुल गांधी ने रांची में मजिस्ट्रेट अदालत की ओर से उनके खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने का अनुरोध करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया है। जस्टिस अंबुज नाथ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि इस संबंध में अदालत के अगले आदेश तक गांधी के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाए।

हाईकोर्ट ने तीन फरवरी को रांची में मजिस्ट्रेट कोर्ट में राहुल गांधी की पेशी के नोटिस पर रोक लगा दी थी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को भाजपा नेता नवीन झा द्वारा दायर मामले में रांची के मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने का आदेश दिया गया था।

## कैमरे के सामने बोल्ड हुई नोरा फतेही, फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही अपनी कड़ी मेहनत और टैलेंट के दम पर दुनियाभर में एक खास मुकाम हासिल किया है। आज उनके चाहने वाले देश-विदेशों में मौजूद हैं। लोग उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं। अब नोरा ने बोल्ड लुक में तस्वीरें शेयर कर अपनी अदाओं से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि नोरा फतेही हॉल्टर नेक बॉडीकॉन शीर गाउन में नजर आ रही हैं, जिसमें सिल्वर ड्रेस में वह बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। खुले बाल और न्यूड मेकअप से नोरा फतेही ने अपने लुक को कम्प्लीट किया है। एक्ट्रेस ने अपने कर्वी फिगर को फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने हॉट पोज दिए हैं। एक्ट्रेस का यह लुक फैंस को खूब पसंद आ रहा है। और कमेंट सेक्शन में उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

## खास खबर

### सिसोदिया को नहीं मिली राहत, ईडी मामले में बढ़ाई न्यायिक हिरासत

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में ईडी मामले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ा दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट से निकलते हुए आप नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा, 'मोदी जी चाहे जितनी कोशिश कर लें, लेकिन दिल्ली में केजरीवाल का काम नहीं रोक पाएंगे, मोदी जी जितना चाहें साजिश रच सकते हैं।'

### केजरीवाल के बंगला विवाद में उपराज्यपाल की कार्रवाई


दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के रेनोवेशन में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ी मीडियो रिपोर्ट्स का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव से 15 दिनों में रिपोर्ट मांगी है। दिल्ली एलजी ने मुख्यमंत्री के आवास के नवीनीकरण के दौरान की गई कथित घोर अनियमितताओं से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट्स का संज्ञान लेकर मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, मुख्य सचिव को मामले से संबंधित सभी रिकॉर्ड को तुरंत सुरक्षित करने और सुरक्षात्मक हिरासत में लेने का निर्देश दिया। इसके बाद अभिलेखों की जांच के बाद 15 दिनों के भीतर मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### केरी सेक्टर में खाई में गिरा सैन्य वाहन, दो जवानों के मारे जाने की खबर

जम्मू संभाग के जिला राजोरी के केरी सेक्टर में एक सैन्य वाहन दुर्घटना का शिकार होकर गहरी खाई में जा गिरा। बताया जा रहा है कि इस हादसे में दो जवानों की जान चली गई है, जबकि कुछ घायल भी हुए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही सेना, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा है।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि अभी तय नहीं

### तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी



**अयोध्या।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त अभी तय नहीं है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने काशी के विद्वानों से प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त मांगा था। इस पर विद्वानों ने 22 जनवरी 2024 और फरवरी में दो तिथियां दी हैं। इसमें से सर्वोत्तम मुहूर्त 22 जनवरी बताया गया है। ऐसे में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अगले साल 22 जनवरी को हो सकती है। काशी के विद्वान गणेश्वर शास्त्री ने मुहूर्त निकाला है। उन्हीं के द्वारा राममंदिर के भूमिपूजन की तारीख निकाली गई थी। इसके चलते इस संभावना को और बल मिल जाता है। वहीं शुक्रवार को वित्त मंत्री ने भी ट्विट कर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी दी थी। इसके बाद हलचल और बढ़ गई। हालांकि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने साफ कहा है कि अभी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कोई मुहूर्त व तिथि तय नहीं है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने साफ कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कब होगी इसको लेकर मंथन चल रहा है। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने कहा कि तिथियां मांगी हैं, लेकिन अभी किस तिथि पर प्राण प्रतिष्ठा होगी इसको लेकर सहमति नहीं बनी है। ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों, रामनगरी के संत-धमार्चार्यों की सहमति के बाद ही प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त तय किया जाएगा। मुहूर्त तय होते ही, इसकी घोषणा की जाएगी।

### श्रद्धा वालकर हत्या में नौ मई को आदेश करेगी पारित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला नौ मई के लिए निर्धारित किया। पूनावाला पर अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की गला घोंटकर हत्या करने और उसके शव के टुकड़े करने का आरोप है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल पाहुजा ने यह कहते हुए मामले को स्थगित कर दिया कि संबंधित न्यायाधीश छुट्टी पर हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ ने 15 अप्रैल को अभियोजन पक्ष के साथ-साथ आरोपी के वकीलों की ओर से आरोप तय करने पर दलीलें सुनने के बाद आदेश शनिवार के लिए सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने वालकर के पिता की उस अर्जी पर सुनवाई भी 9 मई तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें न्यायाधीश से आग्रह किया गया था कि परंपरा और संस्कृति के अनुसार महिला के अवशेषों को अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया जाए। दिल्ली पुलिस द्वारा अर्जी पर जवाब अगली तारीख को दाखिल किये जाने की उम्मीद है। जांच एजेंसी ने 15 अप्रैल को वालकर के पिता की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला किया

## पूरे दाम पर खरीदा जाएगा मौसम से खराब गेहूं, खाद्य आयुक्त ने जारी किया आदेश

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला किया है। बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान से खराब हुआ गेहूं भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाएगा। केंद्र ने हाल ही में टूटे-सिकुड़े और कम चमक वाले गेहूं को सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीदने की सहमति तो दे दी थी, पर समर्थन मूल्य में कटौती की शर्त के साथ। दाम में इस अंतर की भरपाई राज्य सरकार करेगी।

प्रदेश में विभिन्न खरीद एजेंसियों के 5674 क्रय केंद्रों पर 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से गेहूं खरीदा जा रहा है। मार्च में हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से बड़े पैमाने पर गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित हुई थी। इसलिए यूपी सरकार ने केंद्र से खराब गुणवत्ता के गेहूं को बिना किसी कटौती के एमएसपी पर खरीदने का अनुरोध किया था। केंद्र के मानक के अनुसार अधिकतम 6 फीसदी सिकुड़े-टूटे दाने वाला गेहूं की एमएसपी पर खरीदा जा सकता है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने यूपी के अनुरोध पर 13 अप्रैल को कमतर क्वालिटी का गेहूं भी खरीदने की सहमति दे दी। साथ ही कहा कि सिकुड़न व टूटन अधिकतम 18 प्रतिशत ही स्वीकार की जाएगी। 6 फीसदी की सीमा से ज्यादा सिकुड़न व टूटन होने पर हर दो फीसदी पर 5.31 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कटौती होगी। केंद्रीय मंत्रालय ने अपने आदेश में यह भी कहा कि गेहूं के दानों की चमक 10 प्रतिशत तक कम होने पर कोई कटौती नहीं होगी। 10-80



प्रतिशत तक चमक कम होने पर दाम में प्रति क्विंटल 5.31 रुपये की दर से कटौती होगी। इस मुद्दे को अमर उजाला ने ही 15 अप्रैल को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसमें किसानों की उस मांग को उठाया गया था कि खराब क्वालिटी के दाम में अंतर की भरपाई प्रदेश सरकार करे। यूपी के खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त सौरभ बाबू ने शुक्रवार को जारी आदेश में कहा है कि शासन ने मौसम से खराब गेहूं के गुणवत्ता मानकों में छूट दे दी है। 80 प्रतिशत की सीमा तक चमकविहीन और 18 प्रतिशत तक की सीमा तक सिकुड़े व टूटे हुए दाने वाले गेहूं की खरीद बिना किसी कटौती के समर्थन मूल्य पर की जाएगी। मानक पूरे करने वाले गेहूं की खरीद भी यथावत जारी रहेगी।

***अब तक 25531 किसानों से 1.15 लाख मीट्रिक टन खरीद***

खाद्य एवं रसद विभाग के अनुसार, प्रदेश में अब तक 25531 किसानों से 1.15 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। किसानों के खातों में 187.52 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

***अधिकतम 37.18 रुपये प्रति क्विंटल की होगी भरपाई***

केंद्रीय मंत्रालय ने गेहूं के दाने 6-8 प्रतिशत तक टूटे व सिकुड़े होने पर 5.31 रुपये प्रति क्विंटल, 8-10 प्रतिशत तक टूटे व सिकुड़े होने पर 10.62 रुपये प्रति क्विंटल, 10-12 प्रतिशत पर 15.93 रुपये, 12-14 प्रतिशत पर 21.25 रुपये प्रति क्विंटल, 14-16 प्रतिशत पर 26.56 रुपये प्रति क्विंटल और 16-18 प्रतिशत तक दाने टूटे व सिकुड़े होने पर 31.87 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कटौती करने का निर्णय लिया था।

## समाजवादी पार्टी ने बनाई रणनीति

### यूपी निकाय चुनाव: सपा सरकार के काम बताकर वोट मांगेंगे अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मेट्रो से सफर और रिवर फ्रंट पर सैर करके आम जनता को सपा सरकार के समय की उपलब्धियां बताएंगे। इसके माध्यम से वह निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट देने की अपील करेंगे। इस बारे में प्रदेश सपा मुख्यालय पर हुई बैठक में अखिलेश ने अपनी रणनीति के बारे में बताया।

भाजपा और उसकी सरकार पर असली मुद्दों पर चर्चा न करने का आरोप भी लगाया। साथ ही शासन-प्रशासन पर सरकार के इशारे पर काम करने की बात भी कही। निकाय चुनाव के मद्देनजर अखिलेश यादव 1 या 2 मई को लखनऊ मेट्रो में सफर और रिवर फ्रंट की सैर करेंगे। अखिलेश ने लखनऊ नगर निगम के 110 वार्ड के प्रभारियों संग बैठक की।

उन्होंने कहा कि लखनऊ में सपा सरकार में बनी मेट्रो के बाद इसका कोई विस्तार नहीं किया गया। निकाय चुनाव में शासन-प्रशासन भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। खुद मुख्यमंत्री भी नगर निकाय चुनावों में बुनियादी मुद्दों पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा नगरीय विकास के बारे में भाजपा चर्चा क्यों नहीं करती है।

## गहलोत ने शहीदों की प्रतिमाओं का किया अनावरण

### सीएम ने कहा- इससे युवाओं का जज्बा बढ़ेगा

**बीकानेर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को बीकानेर में शहीदों की शहादत को नमन किया। उन्होंने श्रीडूंगरगढ़ के धीरदेसर चोटियान में शहीद नायक राकेश चोटिया और सोनियासर शिवदान सिंह में शहीद हेतराम गोदारा की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने शहीदों के परिजनों से मुलाकात की और शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिमा अनावरण समारोह में कहा कि राजस्थान के सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। यहां के घर-घर में राष्ट्रीयता और देश प्रेम का जज्बा है। ऐसे सपूतों के बलिदान के प्रति राष्ट्र कृतज्ञ रहेगा। गांव में शहीद की प्रतिमा स्थापित करना अनुकरणीय कार्य है। प्रतिमाओं से भावी पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से शहीदों के आश्रितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए विशेष पैकेज बनाया गया है, जिसमें शहीद के बच्चों को नौकरी देने का



प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही देश के विभिन्न राज्यों में शहीदों के आश्रितों को दिए जाने वाले पैकेज का अध्ययन किया जाएगा। राज्य सरकार का प्रयास रहेगा कि मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले जवानों के सम्मान में आश्रितों को सर्वश्रेष्ठ पैकेज मिले।

***स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार***

मुख्यमंत्री ने समारोह में धीरदेसर चोटियान के उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में और सोनियासर शिवदान सिंह के उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में क्रमोन्नत करने के लिए घोषणा की। घोषणा पर चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुरंत प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

## आनंद मोहन को फिर से जेल भेजने की मांग

### दिवंगत आइएएस कृष्णैय्या की पत्नी सुप्रीम कोर्ट गईं



**पटना।** दिवंगत आइएएस जी कृष्णैय्या की पत्नी उमा कृष्णैय्या ने बाहुबली और पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की। उन्होंने आनंद मोहन को फिर से जेल भेजने की मांग की है। उनका कहना है कि दिवंगत क्अर अधिकारी और गोपालगंज के तत्कालीन डीएम की हत्या में आनंद मोहन को पहले फांसी की सजा हुई थी। बाद में इसे आजीवन कारावास कर दिया गया लेकिन नीतीश सरकार ने राजपूत वोट बैंक के लिए आनंद मोहन को रिहा कर दिया। उमा कृष्णैय्या का मानना है कि आजीवन कारावास का मतलब अंतिम सांस तक जेल होता है लेकिन आनंद मोहन को रिहा कर दिया गया।

***नियम में संशोधन कर बाहर लाना, अच्छा डिसीजन नहीं***

इससे पहले भी दिवंगत क्अर जी कृष्णैय्या की पत्नी उमा कृष्णैय्या की पत्नी ने कहा था कि आनंद मोहन को नियम में संशोधन कर बाहर लाना, अच्छा डिसीजन नहीं है। अच्छा नहीं लग रहा है। बिहार में कास्ट पॉलिटिक्स है ही। आनंद मोहन राजपूत है और उसके बाहर आने से उसको राजपूत वोट मिलेगा। इसलिए उसे बाहर लाया है। क्रिमिनल को बाहर लाने की क्या जरूरत है। वह भी मुख्यमंत्री इसमें इनवॉल्व हुए। इलेक्शन में राजपूतों का वोट मिलेगा।

# नीतीश ने ममता का अनुरोध स्वीकार किया, कर्नाटक चुनाव के बाद पटना में ताकत दिखाएगा विपक्ष

## पत्रकारों से बोले सीएम नीतीश कुमार बिहार में सभी पार्टियों के साथ मीटिंग होगी तो यह खुशी की बात होगी

**पटना।** बिहार में विपक्षी एकता को लेकर बैठक जल्द ही होने वाली है। सीएम नीतीश कुमार ने सीएम ममता बनर्जी का अनुरोध स्वीकार कर लिया है। शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान नीतीश कुमार ने ऐसे संकेत दिए। संभवना ही कर्नाटक चुनाव के बाद पटना में विपक्ष की ताकत दिखे। विपक्ष एकता को लेकर पटना में बैठक करने की बात को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग सभी नेताओं के साथ मिलकर बातचीत कर रहे हैं। अभी कुछ और लोगों से बातचीत होनी है। इसके बाद तय हो जायेगा कि कहां पर बैठक होगी। बहुत लोगों की राय है कि बैठक पटना में होनी चाहिए। सभी लोगों की राय से



यह सब तय होगा। सीएम नीतीश ने कहा कि सभी लोग अगर चाहेंगे तो बिहार में जरुर बैठक होगी। अभी एक राज्य में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। कई दल उस चुनाव में लगे हैं चुनाव के बाद यह सब होगा। बिहार में सभी पार्टियों के साथ मीटिंग होगी तो यह खुशी की बात होगी। जो भी होगा वह सभी लोगों की राय से ही होगा। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से हुई मुलाकात के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी तबीयत खराब थी। दिल्ली में भी हमने उनसे मुलाकात की थी। अब यहां आये हैं तो हमारी उनसे मुलाकात हुई है।

***जानिए, कोलकाता ने ममता बनर्जी ने नीतीश कुमार से क्या रिक्वेस्ट किया था***

दरअसल, 24 अप्रैल को जब सीएम नीतीश कुमार विपक्षी एकता को लेकर कोलकाता गए थे तो ममता बनर्जी उनसे रिक्वेस्ट किया था। ममता बनर्जी ने कहा कि हम लोगों ने नीतीश जी से रिक्वेस्ट किया है कि जिस तरह से जेपी मूवमेंट की शुरूआत बिहार से हुई थी। अगर हमलोग बिहार में सभी पार्टी मिलकर मीटिंग करें। कहां जाना है? क्या करना है? क्या मेनिफेस्टो बनाना है? यह सब बाद में तय करेंगे। लेकिन पहले एक मैसेज देना है कि हमलोग सब एक साथ हैं। मेरा इसमें कोई एतराज नहीं है।

***अगले लोकसभा के चुनाव से पहले पूरी तैयारी करनी है***

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था विपक्ष एकता पर हमलोगों की जो बातचीत हुई, वह मुख्य रूप से यह है कि हमलोगों को ज्यादा से ज्यादा सभी पार्टियों के साथ मिलकर कर अगले लोकसभा के चुनाव से पहले पूरी तैयारी करनी है। नीतीश कुमार ने कहा कि सभी लोग आपस में बैठकर बातचीत करें और आगे का सब कुछ तय करें।


### गलवान झड़प में शहीद हुए जवान की पत्नी सेना में शामिल, लद्दाख में तैनात

**नई दिल्ली।** गलवान घाटी में 2020 में हुई झड़पों में शहीद हुए नायक दीपक सिंह की पत्नी रेखा सिंह को लेफ्टिनेंट के तौर पर भारतीय सेना में शामिल किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि उन्हें पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक अग्रिम अड्डे पर तैनात किया गया है। लेफ्टिनेंट सिंह ने चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) में एक साल का अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया। नायक दीपक सिंह बिहार रेजीमेंट की 16वीं बटालियन से थे और उन्हें 2021 में मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया। सेना ने ट्वीट किया, शहीद नायक (नर्सिंग सहायक) दीपक सिंह की पत्नी महिला कैडेट रेखा सिंह ओटीए से अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भारतीय सेना में शामिल हुईं। उसने बताया कि नायक दीपक सिंह ने गलवान घाटी में हुई झड़पों में सर्वोच्च बलिदान दिया था।



**बदरीनाथ धाम में शनिवार को दोपहर में करीब दो बजे नीलकंठ पर्वत की तलहटी में अचानक हिमस्खलन की घटना सामने आई है। हिमस्खलन ऋषि गंगा में हुआ है। इन दिनों बदरीनाथ धाम की चोटियां बर्फ से लकदक हैं। दूसरी तरफ यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में तेज आंधी तूफान और गर्जना के साथ रुक रुककर बारिश हो रही है।**


**सेंसेक्स**
463.06 अंक यानी 0.76 फीसदी मजबूत होकर 61,112.44 अंक पर


**सोना**
80 रुपये की तेजी के साथ 60,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो

# भारत को 2047 तक 470 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखना चाहिए: पीयूष गोयल

## गोयल यहां इंडियन मर्चेंट्स चैंबर द्वारा आयोजित 'इंडिया कॉलिंग कॉन्फ्रेंस 2023' में उद्घाटन भाषण दे रहे थे




**मुंबई।** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत को 2047 तक 470 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। गोयल यहां इंडियन मर्चेंट्स चैंबर द्वारा आयोजित 'इंडिया कॉलिंग कॉन्फ्रेंस 2023' में उद्घाटन भाषण दे रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में दुनिया भर की बड़ी कंपनियों की आपूर्ति श्रृंखला में चेक गणराज्य और पोलैंड जैसे छोटे देशों की कंपनियों के योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने भारत के 2047 तक पहुंचने तक सभी से 470 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत ने अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने की कोशिश की है और उसे बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि टीम भावना, प्रतिस्पर्धा और सकारात्मकता सफलता के लिए जरूरी है और इस तरह की भावना मुंबई में देखी जा सकती है, जो न केवल वित्तीय राजधानी है, बल्कि आनंद की राजधानी भी है। गोयल ने कहा कि दुनिया के हर हिस्से को भारत से बहुत उम्मीदें हैं, और हालांकि यह कभी-कभी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन यह भारत के भविष्य में दुनिया के भरोसे को दशार्ता है।

उन्होंने कहा कि भारत एक अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया के दृष्टिकोण को दशार्ता है। इस समय जब वाणिज्य उद्योग की टीमें भारत के हितों की रक्षा पर गहन ध्यान देने के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रही हैं, भारत का मानना है कि सच्ची समृद्धि तब होती है जब पूरी दुनिया समृद्ध होती है। भारत वैक्सीन मैत्री में विश्वास करता है जिसके तहत उसने गरीब देशों को 27.8 करोड़ डोज की आपूर्ति की, जिनमें से ज्यादातर मुफ्त थी क्योंकि दुनिया के सुरक्षित होने पर भारत भी सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 'पंच प्रण' को तभी साकार किया जा सकेगा, जब यह पूरे देश की प्रतिबद्धता बन जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकसित भारत का सपनाह्यनारी शक्तिह्न और भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र के बिना संभव नहीं होगा। उन्होंने समाज कल्याण के प्रति उद्योग की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी भारत के बेहतर भविष्य के लिए कटिबद्ध हैं। आईएमसी इंटरनेशनल बिजनेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश जोशी ने सम्मेलन में 'मेक इन इंडिया' पहल की सफलता की कहानी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का स्मार्टफोन निर्यात शून्य से बढ़कर 90,000 करोड़ रुपये हो गया है और इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, कपड़ा और सौर विनिर्माण के निर्माण के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने रक्षा, अंतरिक्ष, हाइड्रोजन ऊर्जा और फिनटेक जैसे क्षेत्रों में काफी प्रगति की है। गोयल ने उपस्थित लोगों को 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाले मन की बात के 100वें एपिसोड को सुनने के लिए आमंत्रित किया।

## 9 मई को आ रहा है नेक्सस का आईपीओ, निवेश करने का अच्छा मौका





**नई दिल्ली।** ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म ब्लैकस्टोन की कंपनी नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट का आरंभिक सार्वजानिक निर्गम 9 मई को आ रहा है। कंपनी का लक्ष्य अपनी रिटेल आरईआईटी आईपीओ के जरिए 3,200 करोड़ रुपये जुटाने का है। यह भारत का पहला आरइआइटी आईपीओ होगा जो किराए पर देने वाली रिटेल रियल एस्टेट एसेट्स द्वारा समर्थित होगा। वर्तमान में, स्टॉक एक्सचेंजों पर 3 लिस्टेड आरइआइटी हैं लेकिन सभी ऑफिस एसेट्स द्वारा समर्थित हैं। वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकस्टोन प्रायोजित नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट ने अपने आइपीओ के लिए भारतीय सिक्योरिटीज एवं विनिमय बोर्ड के समक्ष अपने दस्तावेज कमा कर दिए है। पिछले साल नवंबर में नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट ने सेबी के साथ अपना रिटेल फएक्ळ पब्लिक इश्यू लॉन्च करने के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दायर किया। दस्तावेजों के तहत, कंपनी के इश्यू का कुल आकार 3,200 करोड़ रुपये का है। इसमें 1,400 करोड़ रुपये तक की यूनिट्स का फ्रेश इश्यू है जबकि 1,800 करोड़ रुपये तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। इससे पहले कंपनी ने अपने प्रस्तावित आरईआईटी पब्लिक इश्यू से 4,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई थी। इस कंपनी के देश में 14 बड़े शहरों में करीब 17 मॉल हैं। यह सभी शॉपिंग मॉल 1 करोड़ वर्ग फुट में फैला हुआ है जिसका मार्केट 24,400 करोड़ रुपये है।

## टाइम्सप्रो ने नौकरी पाने के इच्छुक लोगों के लिए बैंकिंग-प्रो लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** भारत में हायर एडटेक के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म झ्र टाइम्सप्रो ने अपने प्रमुख बीएफएसआई कार्यक्रम, बैंकिंग-प्रोझ्र बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एवं इंश्योरेंस में सर्टिफिकेट प्रोग्राम के लॉन्च की घोषणा की। बैंकिंग-प्रो ग्रेजुएट युवाओं को नए जमाने की कार्यक्षमता से लैस करता है, ताकि उन्हें इस इंडस्ट्री में सबसे अधिक मांग वाले प्रोफेशनल के रूप में तैयार किया जा सके। यह कार्यक्रम उन्हें बीएफएसआई क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में अलग-अलग पदों पर सुनिश्चित नौकरी के अवसर भी उपलब्ध कराएगा। 10 हफ़्ते के इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत मंजूरी दी गई है, जिसमें छात्रों को 250 घंटे से ज्यादा का शिक्षण दिया जाएगा। बैंकिंग-प्रो को इस तरह डिजाइन किया गया है ताकि ग्रेजुएट युवाओं को बीएफएसआई क्षेत्र अलग-अलग पदों पर नौकरी के अवसर मिल सके। इस कार्यक्रम में शिक्षार्थियों को इस क्षेत्र की पूरी जानकारी देने के साथ-साथ जीवन कौशल सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे अपने करियर को बेहतर बना सकें और तरक्की की राह पर लगातार आगे बढ़ते रहें।

## दिल्ली में अब महिलाएं नाइट शिफ्ट में भी कर सकेंगी काम



**नई दिल्ली।** दिल्ली में अब महिलाएं नाइट शिफ्ट में भी काम कर सकेगी। इसके लिए तैयार ड्राफ्ट को दिल्ली के श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने अपनी मंजूरी दे दी है। अब श्रम विभाग जनता से इस ड्राफ्ट पर सुझाव और आपत्तियां मांगेगा और उसके बाद ड्राफ्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा।

श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने शुक्रवार को श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिल्ली व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति नियम 2023 के मानकों पर बने ड्राफ्ट पर चर्चा की। इसमें कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए उन्हें नाइट शिफ्ट में काम करने का फैसला लिया गया है। अब महिलाएं रात 7 बजे से सुबह 6 बजे काम कर सकती हैं। हालांकि इसके लिए महिलाओं की सहमति होना बेहद आवश्यक है। नाइट शिफ्ट में काम करने वाली महिलाओं के लिए नियोक्ताओं को उनके लिए घर से दफ्तर तक यातायात की व्यवस्था करनी होगी।

कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए शौचालय, पीने के पानी और उनके आवागमन के लिए उचित व्यवस्था होनी चाहिए और वह उनके कार्यस्थल के पास होना चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए नियोक्ताओं को अलग नंबर जारी करना होगा। जिसे कार्यस्थल के साथ ही वाहन पर लिखा होना चाहिए ताकि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में महिला कर्मचारी इसका इस्तेमाल कर मदद मांग सकें। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के रोकथाम के लिए सेक्शुअल हैरेसमेंट ऑफ वुमन एट वर्कप्लेस (प्रिवेंशन, प्रोहिबिशन एंड रिड्रेसल ) एक्ट 2013 का पालन करते हुए उचित इंतजाम किए जाने चाहिए। कार्यस्थल में महिलाओं के लिए सुरक्षित और स्वस्थ माहौल होना चाहिए ताकि उन्हें कार्य करते समय परेशानी का सामना न करना पड़े। श्रम विभाग के पोर्टल पर जल्द ही दिल्ली व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति नियम 2023 के ड्राफ्ट को साझा किया जाएगा। जहां आम जनता के साथ ही संस्थाएं और नियोक्ता भी सरकार को अपने सुझाव और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे।

इसके लिए श्रम विभाग की ओर से 30 दिन का समय तय किया गया है। जिसके बाद विभाग जनता के सुझावों और आपत्तियों को ड्राफ्ट में शामिल करेगा और इसके कानूनी रूप से विश्लेषण के लिए कानून विभाग को भेजेगा। यहां से ड्राफ्ट पास होने के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। जिसके बाद इसे दिल्ली में लागू किया जाएगा और महिलाएं नाइट शिफ्ट में काम कर पाएंगी।

## सोना 60 हजार रुपये ने नीचे

**मुंबई।** सोने के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले, जबकि चांदी के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले, लेकिन यह तेजी बरकरार नहीं रह सकी। सोने के वायदा भाव फिर 60 हजार रुपए के नीचे चले गए हैं। चांदी के वायदा भाव 74 हजार रुपये से नीचे आ गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर शुक्रवार को सोने का जून कॉन्ट्रैक्ट 48 रुपये की गिरावट के साथ 59,853 रुपये के भाव पर खुला, जबकि पिछला क्लोजिंग प्राइस 59,901 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय सोने का यह कॉन्ट्रैक्ट 126 रुपये की गिरावट के साथ 59,775 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 59,721 रुपये के भाव पर दिन का निचला और 59,905 रुपये के भाव पर ऊपरी स्तर छू लिया। इस महीने सोने के वायदा भाव ने 61,371 रुपये प्रति 10 ग्राम का सर्वोच्च स्तर छू लिया था। सोने के उलट आज चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले, लेकिन यह तेजी बरकरार नहीं रह सकी। खबर लिखे जाने के समय शुक्रवार को चांदी का मई कॉन्ट्रैक्ट 57 रुपये की गिरावट के साथ 73,902 रुपये किलो के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों की चाल में आएगा बदलाव



**नई दिल्ली।** मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने वित्त वर्ष 2024 में अब तक अपने लार्जकैप प्रतिस्प?र्धियों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है।

जहां बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक वित्त वर्ष 2024 में अब तक करीब 6.3 प्रतिशत मजबूत हुआ है, वहीं बीएसई मिडकैप सूचकांक में इस अवधि के दौरान 4.6 प्रतिशत की तेजी आई है। तुलनात्मक तौर पर बीएसई का सेंसेक्स करीब 2.6 प्रतिशत चढ़ा है। शेयर बाजारों पर मिडकैप और स्मॉलकैप के प्रदर्शन में बदलाव वित्त वर्ष 2023 की कमजोरी के बाद आया है। वित्त वर्ष 2023 में इन दोनों सेगमेंटों ने बीएसई पर अपने लार्जकैप प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले कमजोर प्रदर्शन किया था। वित्त वर्ष 2023 का समापन बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक के लिए 4.5 प्रतिशत नुकसान के साथ हुआ, जबकि बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.2 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई। तुलनात्मक तौर पर, सेंसेक्स में वित्त वर्ष 2023 के दौरान 0.7 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इक्विनोमिक्स रिसर्च ऐंड एडवायजरी के संस्थापक एवं शोध प्रमुख जी चोकालिंगम के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 में मिडकैप और स्मॉलकैप में भारी गिरावट आई और अब इन सेगमेंटों में ज्यादातर शेयरों का मूल्यांकन आकर्षक हो गया है। इसकी वजह से निवेशक लार्जकैप की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप को पसंद कर रहे हैं।

## ईडी ने बायजूस के सीईओ रवींद्रन के दफ्तर, आवास पर मारे छापे

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु स्थित कार्यालय और आवासीय परिसर पर छापे मारे तथा वहां से आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजीटल डेटा जब्त किया। ईडी ने एक बयान में बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत हाल में कुल तीन परिसरों-दो कारोबारी और एक रिहायशी परिसर पर छापे मारे गए।

जांच एजेंसी ने बताया कि उसने विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजीटल डेटा जब्त किए हैं। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई कुछ लोगों से मिली विभिन्न शिकायतों के आधार पर की गई।

जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि रवींद्रन बायजू को कई समन भेजे गए, लेकिन वह बचते रहे और कभी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। तलाशी के दौरान पाया गया कि रवींद्रन बायजू की कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड को 2011 से 2023 के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के तहत करीब 28,000 करोड़ रुपये मिले।

## आईडीबीआई बैंक ने 3,645 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया




**चेन्नई।** आईडीबीआई बैंक ने शनिवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2023 में लगभग 3,645 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ कमाया है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने प्रति इक्विटी शेयर 1 रुपये के लाभांश की सिफारिश की है।आईडीबीआई बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की चुकता शेयर पूंजी के 0.01 प्रतिशत की अतिरिक्त हिस्सेदारी के विनिवेश को मंजूरी दे दी है। इसके साथ एनएसडीएल की चुकता शेयर पूंजी के 11.11 प्रतिशत तक बैंक की हिस्सेदारी का कुल विनिवेश है।

पिछले वित्त वर्ष में आईडीबीआई बैंक ने लगभग 24,941.76 करोड़ रुपये की कुल अर्जित की है, जबकि वित्त वर्ष 2022 में 22,981.80 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023 में कुल लाभ 3,645 करोड़ रुपये अर्जित किया गया। जबकि पिछले वित्त वर्ष में 2,439.27 करोड़ रुपये था।

समीक्षा अवधि के दौरान टैक्स को छोड़कर अन्य मदों में किया गया प्रावधान 3,497.86 करोड़ रुपये रहा था। जो पिछले वित्त वर्ष में 3,886.54 करोड़ रुपये था।

31 मार्च 2023 को बैंक का ग्रोस एनपीए लगभग 10,969.29 करोड़ रुपये रहा, जबकि 31 मार्च 2022 तक यह 34,114.83 करोड़ रुपये था और शुद्ध एनपीए लगभग 1,494.74 करोड़ रुपये हो गया है जो एक साल पहले 1,863.51 करोड़ रुपये था।

## टेस्ला पावर यूएसए और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का हुआ गठजोड़, अब मिलकर करेंगे व्यापार



**लखनऊ।** टेस्ला पावर यूएसए और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने समझौते के तहत राष्ट्रीय रणनीतिक गठबंधन की घोषणा की है। गुरुवार को हुए व्यापारिक गठजोड़ में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए जिससे व्यापार मैं पंख लगेंगे। गठजोड़ के तहत बैटरी वितरण और बिक्री में एक महत्वपूर्ण नवाचार किया गया है। साझेदारी टेस्ला पावर यूएसए बैटरी को भारत भर में 36,000 से अधिक आईओसीएल पेट्रोल पंपों पर संभावित रूप से अपनी बैटरी बेचने और सर्विस करने में सक्षम बनाएगी, ऑटोमोटिव बैटरी खरीदने और सर्विस करने के लिए बेजोड़ उपलब्धता और सुविधा प्रदान करेगी। बैटरी वितरण के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ यह पहला राष्ट्रीय स्तर का समझौता होगा। शुरूआत में, टेस्ला पावर यूएसए बैटरी दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में चुनिंदा आईओसीएल ईंधन पंपों पर उपलब्ध होगी, जिसे बाद में अन्य राज्यों में विस्तारित किया जाएगा। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटे देश की ऊर्जा प्रमुख, वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत सरकार के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से संरेखित है। गठजोड़ के दौरान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड आई/सी(आरएस-एनई) के कार्यकारी निदेशक विज्ञान कुमार ने टीबीए (टायर बैटरी एक्सेसरीज) अवधारणा के तहत आरओ पर बैटरी लगाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि अब ग्राहक की मानसिकता पर जोर दिया जाना चाहिए उन्हें बताना चाहिए कि आईओसीएल फ्यूल स्टेशन किसी भी जरूरी या नियमित बैटरी बदलने/नई खरीद आवश्यकता के लिए सही जगह है। पेट्रोल स्टेशनों पर बैटरी रखने की टीबीए अवधारणा में ग्राहकों को महत्वपूर्ण लाभ देने की क्षमता है, जिसमें उनकी कार को ईंधन भरने के साथ-साथ बैटरी बदलने या नई खरीद की सुविधा शामिल है, जिससे उनका समय और मेहनत बचती है। इसके अतिरिक्त, बैटरी विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला की उपलब्धता से ग्राहकों को अपनी कार के लिए सही बैटरी मॉडल खोजने में आसानी हो सकती है, जिससे सही बैटरी मॉडल को कहीं और खोजने की परेशानी कम हो सकती है। इस अवसर पर बोलते हुए, टेस्ला पावर यूएसए के एमडी, श्री कविंदर खुराना ने कहा, हम टेस्ला पावर बैटरी के वितरण के लिए आईओसीएल के साथ साझेदारी करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह पहली बार है कि ऑटोमोटिव बैटरी पश्चिमी बाजारों की तरह बड़े पैमाने पर पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध होंगी। टेस्ला पावर के वर्तमान में भारत में 5000 से अधिक वितरण बिंदु हैं जिन्हें हम 2023 में दोगुना करने का लक्ष्य रखते हैं। आईओसीएल पेट्रोल पंपों के जुड़ने से संभावित रूप से टेस्ला पावर यूएसए वितरण की पहुंच 40,000 से अधिक हो सकती है।

## मारुति सुजुकी इस नाम से लॉन्च कर सकती है नई 7 सीटर कार, होगी सबसे महंगी



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी अपनी प्रीमियम एमपीवी या 7-सीटर एसयूवी को एंगेज नाम से पेश कर सकती है। बीते मार्च में मारुति सुजुकी ने एंगेज नाम ट्रेडमार्क कराने के लिए आवेदन किया था। मारुति सुजुकी की अपकमिंग 7 सीटर को टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस का रीबैज वर्जन माना जा रहा है और यह सुजुकी ग्रैंड विटारा पर बेस्ड होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो मारुति सुजुकी की नई प्रीमियम एमपीवी जुलाई 2023 तक बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। मारुति एंगेज (संभावित नाम) देश में इंडो-जापानी कार निमार्ता का प्रमुख मॉडल होगा।

लुक और फीचर्स की बात करें तो मारुति सुजुकी की नई एमपीवी की डिजाइन और स्टाइलिंग टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस से थोड़ी अलग होगी। इसमें ब्रैंड की सिग्नेचर ग्रिल के साथ-साथ नए डिजाइन वाले हेडलैंप, टेललैंप और फ्रंट बंपर होंगे। यह इनोवा हाइक्रॉस की तरह ही फ्रंट-व्हील ड्राइव सिस्टम के साथ मोनोकॉक टीएनजीए-सी प्लैटफॉर्म पर बेस्ड होगी। इसका कार का इंटीरियर जबरदस्त होगा और फीचर्स इनोवा हाइक्रॉस की तरह ही होंगे। मारुति सुजुकी एंगेज में अडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम के साथ ही वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ल सपोर्ट वाला 10 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, 360 डिग्री कैमरा, ओटोमन फंक्शन के साथ सेकेंड रो सीट्स, डुअल पेन पैनोरमिक सनरूफ, मल्टीपल एयरबैग्स समेत कई खास खूबियां देखने को मिलेंगी। इंजन और पावर की बात करें तो मारुति सुजुकी एंगेज एमपीवी में हाइब्रिड टेक्नॉलजी से लैस 2.0 लीटर पेट्रोल इंजन लगा होगा। यह इंजन 186 पीएस की मैक्सिमम पावर और 206ठे का पिक टार्क जेनरेट करेगा। इस इंजन को ई-सीवीटी गियरबॉक्स के साथ रखा जा सकता है। वहीं, 2.0 लीटर पेट्रोल इंजन 174 पीएस की मैक्सिमम पावर और 205एनएम का पिक टार्क जेनरेट करेगा। इसमें सीवीटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन देखने को मिल सकते हैं। मारुति सुजुकी की अपकमिंग 7 सीटर एमपीवी की कीमत 18 लाख रुपये से 30 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच हो सकती है। ***एजेंसी***

## संक्षेप

### बैंक ऑफ इंडिया की शुभआरंभ एफडी की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत में बुर्जुग लोग बेहतर देखभाल और ध्यान देने के लायक हैं, खासकर जब वित्तीय मामलों की बात आती है। इसे ध्यान में रखते हुए, बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी ह्यशुभआरंभ डिपॉजिटह्न योजना के तहत, 80 और उससे अधिक आयु के अति वरिष्ठ नागरिकों सहित वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष सावधि जमा प्लान तैयार किया है। यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.50 प्रतिशत की अतिरिक्त ब्याज दर और अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.65 फीसदी की अतिरिक्त ब्याज दर के साथ उन्हें अधिक पैसा अर्जित करने की सुविधा प्रदान करती है। 1 अप्रैल, 2023 से प्रभावी शुभआरंभ डिपॉजिट के तहत अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए 501-दिवसीय सावधि जमा के लिए 7.80 प्रतिशत की उच्च ब्याज दर प्रदान की जाती है। यह स्कीम 7.65 प्रतिशत की दर से 60-80 आयु वर्ग के अन्य वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी उपलब्ध है। इस जमा योजना का उद्देश्य एक सुरक्षित निवेश विकल्प प्रदान करना है। इसके अलावा, बैंक ऑफ इंडिया 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की अन्य अवधि के लिए आकर्षक ब्याज दरों की पेशकश कर रहा है। 7 दिन से 10 साल तक की अवधि की जमा राशि पर अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.40 फीसदी तक और नियमित ग्राहकों को 6.75 फीसदी तक की ब्याज दर मिलेगी। संशोधित ब्याज दरें घरेलू, एनआरओ और एनआरई जमा पर लागू होती हैं। तीन साल और उससे अधिक की जमा राशि के लिए, सामान्य ब्याज दर से ऊपर वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.75 फीसदी और अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.90 फीसदी की कुल अतिरिक्त ब्याज दर है। बैंक ऑफ इंडिया की एफडी योजनाओं का एक प्रमुख लाभ उनके साथ आने वाले अनेक विकल्प हैं, जिनके साथ बिना अतिरिक्त शुल्क या जुमार्ना के लंबी अवधि के लिए नवीनीकरण कराने की सुविधा मिलती है। इस तरह ग्राहक बेहतर तरीके से बचत प्रबंधन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्राहक अपनी जमा राशि पर सावधि जमा की बकाया राशि का 90 प्रतिशत तक ऋण प्राप्त कर सकते हैं। 60 वर्ष से कम आयु वाले ग्राहक सावधि जमा पर 7.15 प्रतिशत तक ब्याज अर्जित कर सकते हैं।

### एनएक्सटीडिजिटल लिमिटेड अब एनडीएल वेंचर्स लिमिटेड है, नाम परिवर्तन के लिए अंतिम मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** एनएक्सटीडिजिटल लिमिटेड ने घोषणा की कि कंपनी के शेयरधारकों ने ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से, जो 20 मार्च, 2023 को शुरू हुई और 19 अप्रैल, 2023 को समाप्त हुई, श्री सचिन पिल्लई की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में। श्री सचिन पिल्लै के पास वित्तीय सेवा क्षेत्र और विशेष रूप से एनबीएफसी क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुभव है। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि उसे कंपनी का नाम एनएक्सटीडिजिटल लिमिटेड से बदलकर एनडीएल वेंचर्स लिमिटेड करने के लिए सभी आवश्यक अनुमोदन प्राप्त हो गए हैं। उपरोक्त दोनों कार्य कंपनी के वित्तीय सेवा कंपनी बनने के उद्देश्य के अनुरूप हैं और प्रस्तावित विलय के पूरक भी हैं। निदेशक मंडल ने आज 10 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर पर 20 प्रतिशत के अंतिम लाभांश की सिफारिश की कंपनी के साथ हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड (एचएलएफएल) के प्रस्तावित विलय के संबंध में, कंपनी के निदेशक मंडल ने 25 नवंबर, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में एचएलएफएल के साथ कंपनी की व्यवस्था की मसौदा योजना को मंजूरी दी थी। व्यवस्था की योजना नियामक प्राधिकरणों, अर्थात, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और अन्य प्राधिकरणों के पास दायर किया गया है। अनुमोदन प्राप्त होते ही, आवश्यक आवेदन माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के पास दायर किए जाएंगे।

### अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद: जांच की समय सीमा बढ़ाने के लिए सेबी ने न्यायालय का किया रुख

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने अडाणी समूह द्वारा शेयरों की कीमत में हेराफेरी और नियामक प्रकटीकरण में चूक के आरोपों की जांच पूरी करने की समयसीमा बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। सेबी ने जांच की समयसीमा छह महीने बढ़ाने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने दो मार्च को सेबी से कहा था कि वह दो महीने के भीतर मामले की जांच पूरी करे। इसके साथ ही न्यायालय ने भारतीय निवेशकों की सुरक्षा के लिए एक समिति का गठन भी किया था। अमेरिकी शॉर्टसेलर ने अपनी रिपोर्ट में अडाणी समूह पर हेराफेरी से शेयरों की कीमत बढ़ाने का आरोप लगाया था। समूह ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। न्यायालय के समक्ष दायर एक आवेदन में सेबी ने कहा, 'वित्तीय गलत बयानी, विनियमों की धोखाधड़ी और / या लेनदेन की धोखाधड़ी से संबंधित संभावित उल्लंघनों का पता लगाने की कार्रवाई को पूरा करने में छह और महीने लगेंगे।

### मुंबई में संपत्ति पंजीकरण 10 प्रतिशत गिरकर अप्रैल में 10,514 इकाई पर

**मुंबई।** मुंबई महानगर क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण अप्रैल में 10 प्रतिशत गिरकर 10,514 इकाई रह गया। परामर्श एजेंसी नाइट फ्रैंक इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। मुंबई शहर में अप्रैल, 2022 में 11,743 संपत्तियों का पंजीकरण हुआ था। यह क्षेत्र बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में आता है। नाइट फ्रैंक ने एक बयान में कहा, मुंबई शहर (बीएमसी के अधिकार क्षेत्र में) में अप्रैल, 2023 में 10,514 इकाइयों का संपत्ति बिक्री का पंजीकरण हुआ, जिससे राज्य के राजस्व में 900 करोड़ रुपये बढ़े। यह पिछले 10 वर्ष में अप्रैल में हुआ सर्वाधिक राजस्व संग्रह है। फर्म ने बताया कि राजस्व वृद्धि स्टांप ड्यूटी की दर बढ़ने और महंगी संपत्ति के सौदों के कारण हुई। कुल पंजीकृत संपत्तियों में से 83 प्रतिशत आवासीय जबकि 17 प्रतिशत गैर-आवासीय थीं।

### एफपीआई ने अप्रैल में 9,752 करोड़ के शेयर खरीदे

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल महीने के आखिरी कुछ दिनों में बहुत ज्यादा खरीदारी की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एफपीआई ने 29 अप्रैल तक 9,752 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज में मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई ने हाल के दिनों में भारत में अपनी निवेश रणनीति में बदलाव किया है। जबकि वह इस साल के शुरूआत की तीन महीनों में विक्रेता थे, लेकिन वह अप्रैल में खरीदार बन गए हैं। अप्रैल महीने के आखिरी दिनों में एफपीआई ने बहुत ज्यादा खरीदारी की। एफपीआई ने 29 अप्रैल तक 9,752 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वी.के. विजयकुमार ने कहा एक महत्वपूर्ण माइक्रो फेक्टर जिसने एफपीआई के रुख को झुकाया है, वह रुपये में मजबूती है। इस वर्ष फरवरी के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.94 (आईएनआर) के निचले स्तर को छू गया था, अब डॉलर के मुकाबले 81.75 रुपये हो गया है। भारत का चालू खाता घाटा कम हो रहा है और यदि यह ट्रेंड जारी रहती है तो रुपये में और मजबूती आ सकती है। आने वाले समय में देश में एफपीआई के और पैसा लगाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि एफपीआई द्वारा वित्तीय सेवाओं और ऑटो और ऑटो कॉम्पोनेंट्स में खरीदारी की जा रही है।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 584.24 बिलियन डॉलर रह गया

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 21 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.164 बिलियन डॉलर घटकर 584.248 बिलियन डॉलर रह गया।पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में कुल कोष 1.657 अरब डॉलर बढ़कर 586.412 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। समीक्षाधीन अवधि में, मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा संपत्ति (एफसीए) के 2.146 बिलियन डॉलर घटकर 514.489 बिलियन डॉलर होने के कारण भंडार गिर गया। रिजर्व में गिरावट आ रही है, जैसा कि मुख्य रूप से वैश्विक विकास के कारण दबाव के बीच आरबीआई ने रुपये की रक्षा के लिए धन का उपयोग किया है।

# डीएम और एसपी ने किया जेल का औचक निरीक्षण



जेल का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त करते डीएम और एसपी

**सलाह**

**निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरकों की गहनता से ली गई तलाशी**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल द्वारा जिला जेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरकों की गहनता से तलाशी ली गई, जिसमें कुछ भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला, साफ-सफाई अच्छी पायी गयी। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि बंदियों को भोजन अच्छी गुणवत्ता का दिया जाए, भोजन संतुलित हो और स्वच्छ हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जेल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि मरीजों से अच्छे से इलाज किया जाए। जेल में साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों से पूछने पर कोई समस्या नहीं बताई गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एसके पांडेय, जेल के सभी स्टाफ एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बार संघ के अध्यक्ष समेत 60 लोगों के खिलाफ मुकदमा

**जनसंदेश न्यूज**




**कार्रवाई**

**तहसील में कार्यरत नाजिर की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई**

**केराकत।** तहसील में कार्यरत नायब नाजिर फतेह बहादुर यादव द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात को बार संघ के अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव समेत 60 लोगों पर बेवजह बंधक बनाने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।

वहीं अधिवक्ताओं ने विरोध दर्ज कराते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने की बात कह रहे है। नाजिर फतेह बहादुर यादव द्वारा अधिवक्ता भवन का फोटो खींचने व वीडियो बनाने को लेकर बार संघ व बेंच के बीच टकराव हुआ था। अधिवक्ताओं ने पूछताछ के बहाने नाजिर और उनके मुंशी को बैठा लिया था। पुलिस के पहुंचने पर नाजिर व मुंशी छूटे। उसके बाद नाजिर और अधिवक्ता संघ ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी के संज्ञान में आते ही नाजिर की तहरीर के आधार पर मुकदमा तो दर्ज हो गया लेकिन अधिवक्ता पक्ष का मुकदमा दर्ज ही नहीं हुआ। अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज होते ही बार संघ में खलबली मच गयी। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह द्वेष पूर्ण कार्रवाई है।

# नशे में धुत चालक ट्रैक्टर सहित खाई में पलटा, हालत गंभीर

**हादसा**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अतरही गांव का मामला**

**जनसंदेश न्यूज**



खाई में पलटा ट्रैक्टर

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अतरही गांव में नशे में धुत एक ट्रैक्टर चालक खाई में पलट गया जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर काफी प्रयास के बाद किसी तरह दोनों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने डायल 100 को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला चिकित्सालय भेजवाया।

जानकारी के अनुसार मोजीपुर गांव निवासी श्यामप्रीत बिंद, संदीप बिंद ट्रैक्टर ट्राली लेकर समदहा गांव में भूसा लादने के लिए आए थे। श्यामप्रीत बिंद ट्रैक्टर ट्राली से अलग करके अपनी ससुराल अतरही जा रहा था कि गांव में पहुंचते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया जिससे दोनों दब गए। स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास के बाद दोनों को बाहर निकालकर घरवालों को सूचना दी। घरवाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को जिला चिकित्सालय भेजवाया जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# बाल लीला और गोवर्धन पूजा की हुई कथा, मोहा श्रोताओं का मन

**जनसंदेश न्यूज**

**धर्म कर्म**

**भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की मनोरम व्याख्या सभी श्रोताओं का मोह लिया मन**

**सुइथाकला।** क्षेत्र के अरसिया धाम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कार्यक्रम स्थल पर भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला और गोवर्धन पूजा की कथा हुई। कथा व्यास की गद्दी से कथावाचक स्वामी चिन्मयानन्द बापू द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की मनोरम व्याख्या सभी श्रोताओं के मन को मोह लिया।

श्री बापू ने अपने कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, पूतना मोक्ष, काली निग्रह, चीर हरण और गोवर्धन पूजा की कथा सुनाकर लोगों को परम सुख की प्राप्ति कराया। उन्होंने कहा कि जहाँ बाल लीलाओं के माध्यम से उन्होंने मैया यशोदा संग ग्वाल बालों और गोपिकाओं को परम सुख का स्वाद चखाया, वहीं गोवर्धन पूजा की कथा के द्वारा उन्होंने भगवान इन्द्र के अभिमान को कैसे चूर किया उसका सम्पूर्ण वृतांत श्रोताओं को सुनाया। इसके पूर्व मुख्य यजमान परिवार संग पत्रकारों के द्वारा भागवत पुराण का पूजन अर्चन और पुष्पाहार किया गया। कथा के सार के रूप में उन्होंने कहा कि जो मनुष्य भगवान के प्रति समर्पित हो जाता है उसे परम सुख के साथ ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दौरान यजमान परिवार के अलावा अति विशिष्ट सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश दिव्यकांत शुक्ल, देवराज मिश्र, विधायक हरेन्द्र सिंह, पंकज सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कथा में विशिष्ट अतिथियों को श्री बापू द्वारा स्मृति चिन्ह देकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। अन्त में आरती और प्रसाद वितरण का कार्य किया गया। आयोजक विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र ने आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हो रही तैयारी



कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**आगमन**

**तैयारियां तेज, मुख्यमंत्री का आगमन कल, डीएम, एसपी समेत कई अधिकारी व भारी पुलिस बल ने स्थल का किया निरीक्षण**

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के मद्देनजर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। शनिवार को कार्यक्रम स्थल पर बीआरपी इण्टर कालेज के मैदान का डीएम एसपी समेत सरकारी महकमे ने पहुंचकर निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया गया। एक मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगर के बीआरपी इण्टर कालेज में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने के लिए आ रहे है।

सीएम के कार्यक्रम को देखते हुए डीएम, एसपी समेत कई अधिकारी व भारी पुलिस बल कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने का आवश्यक निर्देश दिया गया।

उधर पुलिस लाइन के मैदान में अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार गौतम, एएसपी देहात शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता ने पुलिस कर्मियों को वीआईपी सुरक्षा से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# पोर्टल पर ब्यौरा न दर्ज करने पर रद्द होगी विद्यालयों की मान्यता

**जनसंदेश न्यूज**



बीईओ आशीष कुमार मिश्रा

**भदोही।** ब्लाक संसाधन केंद्र सभागार नगर क्षेत्र भदोही में आयोजित गोष्ठी में नगर के खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा ने मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालकों को शीघ्र ही यू डायस पोर्टल पर ब्यौरा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

एबीएसए ने चेतावनी देते हुए कहा कि इसमें लापरवाही करने वाले विद्यालयों की मान्यता रद्द कर दी जाएगी शासन की ओर से कक्षा 1 से 12 तक भारत के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पंजीकृत छात्रों तैनात शिक्षकों और विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का विवरण पोर्टल पर दर्ज करने का निर्देश जारी किया गया है। 30 अप्रैल तक कार्य पूर्ण करा कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। एबीएसए, ने बताया कि नगर क्षेत्र भदोही में आने वाले विद्यालयों बी एम पी पब्लिक जी एच एस रुद्रपुर, चिल्ड्रन नर्सरी स्कूल चक दीवानगान, घनश्यामदास, यू पी एस चकमीरा शाह, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल चौरी रोड भदोही, मदरसा हयतुल उलूम काशीपुर, न्यू एरा पब्लिक स्कूल जमुन्द आदि स्कूलों को हिदायत दिया गया है। आदेश का अनुपालन न करने की स्थिति में कार्यवाही तय है। इस लिये समय से पोर्टल पर ब्यौरा दर्ज करें।

# सपा जिला उपाध्यक्ष हसनैन अंसारी ने थामा कांग्रेस का हाथ

**जनसंदेश न्यूज**



मो. हसनैन अंसारी को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय

**भदोही।** सपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मो. हसनैन अंसारी शनिवार को साइकिल की सवारी छोड़ कर कांग्रेस के हाथ का पंजा थाम लिया। नगर के स्टेशन रोड स्थित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने उनको पार्टी की सदस्यता दिलाई। कांग्रेस में शामिल होते समय मो. हसनैन अंसारी रो दिए और उनके आंखों से आंसू निकल पड़े तो मंत्री अजय राय ने अपने गमछे से उनके आंसू को पोछा।

इस अवसर पर कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मो. हसनैन अंसारी के निकले यह आंसू भाजपाइयों की तरह ग्लीसरीन लगाकर नहीं निकली है। यह इनकी भावनाओं का असली आंसू हैं। एक षड्यंत्र के तहत सपा ने उनको टिकट देने के बाद काट दिया। कहीं न कहीं उनके साथ गलत किया गया। जबकि टिकट काटने से पहले 30 वर्षों से समाजवादी राजनीति करने वाले मो. हसनैन से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष को उनसे बात करना चाहिए था। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मो.हसनैन अंसारी की पत्नी तरन्नुम आरा को अपना प्रत्याशी बनाया है और मजबूती के साथ चुनाव लड़ा रही है। वहीं मो.हसनैन अंसारी ने भी अपनी बातों को मीडिया के सामने रखा और कहा कि समाजवादी पार्टी ने मेरी पत्नी का टिकट काटकर भदोही के आवाम का कत्ल करने का काम किया है। जनता उन्हें सबक सिखाते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को जिताएगी। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी तरन्नुम आरा, प्रांतीय उपाध्यक्ष मकसूद खां, प्रदेश सचिव राजेश राकेश, करमचंद बिंद, वसीम अंसारी, जिलाध्यक्ष डॉ.राजेंद्र दुबे राजन, काशीनाथ, मुशीर इकबाल, स्वालेह अंसारी, परवेज अंसारी, इद्रीश खां, खालिद अंसारी, नन्हें अंसारी, इलियास खां, अभिमन्यु यादव, मनोज गौतम आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# घर में अवैध पटाखा भंडारण व निर्माण का पर्दाफाश

**कार्रवाई**

**अवैध रूप से पटाखा भंडारण व निर्माण करने का आरोपी गिरफ्तार**

**दो बोरियों में अवैध पटाखा बारूद व पटाखा बनाने के सामान व उपकरण बरामद**

**जनसंदेश न्यूज**



अवैध रूप से पटाखा भंडारण व निर्माण करने का आरोपी को गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

**भदोही।** डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में अवैध रुप से पटाखा बनाने व विस्फोटक पदार्थ भण्डारण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिये गए हैं।

उक्त आदेश के अनुपालन में थाना चौरी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर शनिवार को अवैध पटाखा भंडारण व निर्माण करने के आरोपी हैदर अली पुत्र शकील अहमद निवासी चौरी दानूपुरी थाना चौरी जनपद भदोही को गिरफ्तार कर कब्जे से दो बोरियों में अवैध पटाखा, बारूद व अवैध पटाखा बनाने का सामान व उपकरण बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है।

बरामद अवैध पटाखा व विस्फोटक पदार्थ रखने के सम्बन्ध में कोई वैध सहिता प्रस्तुत न करने पर आरोपी के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं.-35/2023 धारा-9इ विस्फोटक अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया। पुलिस का दावा है कि दो बोरियों में विभिन्न प्रकार का अवैध पटाखा, एक बोरी व एक पालीथीन में 300 ग्राम बारूद, कागज कैप, प्लास्टिक के डिब्बे, पतीला आदि पटाखा बनाने का सामान बरामद किया गया है।

# यात्रियों का सामान चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

**कब्जे से चोरी के कुल 9 मोबाइल फोन व नाजायज तमंचा मय जिंदा कारतूस बरामद**

**भदोही।** आगामी नगर निकाय निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार पूर्ण सतर्कता के साथ संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग सुनिश्चित की जा रही है।

थाना औराई पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान यात्रियों के सामानों की चोरी करने वाले शातिर चोर श्यामू सरोज पुत्र श्यामबाबू उर्फ डुग्गन निवासी सरोई थाना व जिला भदोही उम्र करीब 19 वर्ष को उपरोक्त नहर पुलिया के पास से चोरी की कुल-09 अदद मोबाइल फोन व अवैध तमंचा मय जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त गिरफ्तारी, बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं.-71/2023 धारा-414 भा.द.वि. व मु.अ.सं.-72/2023 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के अन्य अपराधिक घटनाओं में संलिप्तता बरामद मोबाइलों के संबंध में जांच सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. रामध्यान यादव, हे.का. अवरार खां व कां. गोपाल गुलशन थाना औराई जनपद भदोही रहे।

# विद्यार्थियों को निपुण बनाने के लिए बीएसए ने दिया संदेश

**जनसंदेश न्यूज**



बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

**भदोही।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा एक से तीन तक के सभी छात्रों को निपुण बनाया जाना है, जिसके लिए विद्यालय के प्रत्येक सदस्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण इसलिए हो जाती है कि प्रत्येक सदस्य द्वारा किये गए कार्य ही उस विद्यालय की दिशा तय करता है। विद्यार्थियों को निपुण बनाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने जनपद के समस्त शिक्षा कर्मियों को सकारात्मक रूप से पूरी ऊर्जा के साथ काम करने का संदेश दिया है।

बीएसए ने बताया कि संस्था प्रमुख संस्था के सदस्यों को न सिर्फ नेतृत्व प्रदान करता है बल्कि उनकी हर समस्या में उनके साथ खड़ा भी रहता है। विद्यालय की सकारात्मक टीम भावना से कार्य विभाजन के संतुलित मार्ग पर चलकर निपुण लक्ष्य की प्राप्ति को सुगम बना सकती है। आधारभूत साक्षरता एवं बुनियादी गणितीय दक्षता से हर एक बच्चा संतृप्त हो तथा पूर्व प्राथमिक से कक्षा आठ तक बच्चे क्रमानुरूप अधिगम स्तर प्राप्त करें यह शिक्षा विभाग का दायित्व और नैतिक कर्तव्य भी है। एकाकी प्रयासों से हम खेल में बने रह सकते है लेकिन विजेता बनने के लिए टीम वर्क की आवश्यकता होती है।

विद्यालय का एक-एक शिक्षक प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में एक एक बच्चे को ट्रैक करें, मैप करें निपुण तालिका की दक्षता से संतृप्त करें।

**निपुण न बन पाने की दशा में दी चेतावनी**

**भदोही।** प्रथम चरण में जुलाई 2023 में शिक्षक संकुल विद्यालयों का निपुण आकलन प्रस्तावित है प्रेस नोट के माध्यम से बीएसए ने बताया कि कतिपय विद्यालयों से संज्ञान में आया है कि शिक्षक संकुल को विद्यालय के अन्य स्टाफ एवं प्रधानाध्यापक प्रभारी प्रधानाध्यापक से अपेक्षित सहयोग नही मिल रहा है जो निपुण विद्यालय बनने की राह में बाधक है। निपुण न बन पाने की दशा में सम्बन्धित कक्षाओं के कक्षाध्यापक समेत प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

शिक्षा हमारे समाज की नींव है और आप सभी इस नींव को मजबूत करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गुरुजन अपने छात्रों को अपने स्कूलों में अधिक सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित करें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28/121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा** पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू/एसपी - 78/2011-13।

# बैठक एक को

**जौनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी द्वारा अवगत कराया गया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 में प्रतीक आवंटन के पश्चात निर्वाचन में भाग लेने वाले समस्त प्रत्याशियों की एक बैठक 1 मई को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। जिसमें अध्यक्ष व सदस्य पद के सभी उम्मीदवार तहसील ज्ञानपुर के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गोपीगंज व नगर पंचायत ज्ञानपुर के सभी उम्मीदवार अपराहन 12 से 1 तक, तहसील औराई के अंतर्गत नगर पंचायत खमरिया व घोसिया के सभी उम्मीदवार अपराहन 1.30 से 2.30 तक एवं तहसील भदोही के अंतर्गत नगर पालिका परिषद भदोही नगर पंचायत सुरियावा व नई बाजार के सभी उम्मीदवार अपराहन 3.30 से 4.30 तक कलेक्ट्रेट सभागार सरपतहां में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्हें आदर्श आचार संहिता तथा निर्वाचन में किए जाने वाले व्यय सीमा के संबंध में जानकारी दी जाएगी। निर्वाचन में भाग लेने वाले समस्त प्रत्याशियों से अपील है की बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# नपा परिषद अध्यक्ष के लिए नौ लाख सदस्य को 2 लाख की सीमा निर्धारित

**नगरीय निकाय**

**आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण विषयक की डीएम ने ली बैठक**



कलेक्ट्रेट सभागार में चुनाव सम्बंधित निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी


**ज्ञानपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में अध्यक्ष, मंत्री, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनीतिक दल के पदाधिकारियों के साथ आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण संबंधी कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि नगरीय निकाय निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित हो। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा जारी नगरीय निकाय निर्वाचन से संबंधित आदर्श आचार संहिता दिशा निर्देश पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों को अवगत कराया कि वे अपने पार्टी के नगरीय निकाय के अध्यक्ष,सदस्य उम्मीदवारों को सूचित करें कि यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है तो उसका यह कृत्य भादसं. की धारा-171-एच के अंतर्गत दण्डनीय होगा। मुख्य कोषाधिकारी/प्रभारी जिला स्तरीय व्यय अनुश्रवण कमेटी धर्मेंद्र प्रति त्रिपाठी ने नगरीय निकाय निर्वाचन में प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु व्यय की जाने वाली धनराशि के संदर्भ में अवगत कराया कि सदस्य नगर पंचायत के लिए अधिकतम व्यय सीमा रु. 50 हजार, अध्यक्ष नगर पंचायत के लिए ढाई लाख, सदस्य न.पा.प. के लिए दो लाख एवं अध्यक्ष, न.पा.प. के लिए नौ लाख की सीमा निर्धारित की गयी है। चुनाव से सम्बन्धित व्यय किए जाने हेतु प्रत्याशी द्वारा एक अलग से बैंक खाता खोला जाएगा। उक्त खाता की सूचना रिटर्निंग आफिसर के साथ-साथ जनपद स्तरीय व्यय अनुश्रवण कमेटी को दी जाएगी। निर्वाचन में व्यय की गई धनराशि के भुगतान की कार्यवाही उक्त खाता से प्रत्याशियों द्वारा की जाएगी।

**1959** में बनारस पालिका विस्तार के बाद पहली बार 1968 में चुनाव लड़ पार्षद बने थे डॉ. बैजनाथ प्रसाद

चार बार चुनाव लड़े, जिसमें विधान सभा का भी चुनाव शामिल था लेकिन एक रुपया भी खर्च नहीं हुआ

आज पैसे व रुतबे के लिए लड़ा जाता है चुनाव, अखबारों में नाम की सुर्खियां बनें, इसलिए सदन में करते हैं हो-हल्ला

तब चुनाव जनता के विकास के लिए लड़ा जाता था, आज वह बात नहीं



# ...तब परहित की सोच थी आज अपना स्वार्थ निहित है

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

चुनाव लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके द्वारा जनता (लोग) अपने प्रतिनिधियों को चुनती है। चुनाव के द्वारा ही आधुनिक लोकतंत्रों के लोग न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के विभिन्न पदों पर आसीन होने के लिये व्यक्तियों को चुनते हैं। चुनाव के द्वारा ही क्षेत्रीय एवं स्थानीय निकायों के लिये भी व्यक्तियों का चुनाव होता है। 60 और 70 की दशक में पालिका का चुनाव किसी खास मकसद से नहीं बल्कि क्षेत्र व जनता के विकास के लिए लड़ा जाता था क्योंकि उस जमाने में चुनाव महत्वपूर्ण नहीं था, व्यक्तित्व मायने रखता था, और इसी व्यक्तित्व से क्षेत्र की भी पहचान होती थी। दशकों बीत गये, अब ना तो वह व्यक्तित्व वाला चुनाव रह गया और ना ही वह जनता रह गयी। देखते ही देखते आंख के सामने प्रतिशोध वाले चुनाव ने अपनी जड़ें जमा ली है। प्रत्याशी से ज्याद कार्यकर्ता उत्साहित होते हैं, चुनाव जीतने के बाद नेता से ज्यादा उनके प्रतिनिधि लोगों को डील करते हैं, इतना ही नहीं अब तो अब तो साफ तौर पर कह दिया जाता है कि आप के क्षेत्र से वोट का प्रतिशत कम था तो जिधर वोट दिया उधर जाकर अपने कार्य के प्रति गुहार लगायी। चुनाव में अब परहित की बात नहीं होती।

**खास मुलाकात**



## 16 साल तक नहीं हुआ चुनाव

डॉ.बैजनाथ बताते हैं कि वाराणसी नगर निगम के इतिहास में पहली बाजर ऐसा हुआ जब 16 साल तक चुनाव नहीं हुआ था, स्मृति को बताते हुए कहते हैं कि सन 1968 के चुनाव के पांच साल पूरे होने के बाद 1973 से 16 साल तक चुनाव नहीं हुआ, इसके बाद 1989 में चुनाव हुआ, इस दौरान ना तो कोई पार्षद था और ना ही कोई मेयर, प्रशासनिक हाथों में नगर पालिका की कमान थी और बिना किसी हो हल्ला के काम भी होता था।

## 500 बिजली व सड़क के लिए 5000

डॉ.बैजनाथ जी बताते हैं कि उस समय में क्षेत्र में बिजली के काम के लिए एक साल के लिए पांच सौ रुपये मिला करता था, सड़क निर्माण के लिए पांच हजार रुपये, इतने में पूरे क्षेत्र का विकास हुआ करता था बस नहीं था तो सिर्फ भ्रष्टाचार। आज तो लाख नहीं करोड़ों रुपये का बजट हो गया फिर भी क्षेत्र में पांच साल बीत जाने के बाद कार्य नहीं हो पाता है।

सन्1968 में पहली बार शिवपुर से पार्षदी का चुनाव जीतने वाले 94 वर्षीय डॉ.बैजनाथ प्रसाद से जनसंदेश टाइम्स से खास मुलाकात में बताया कि चुनाव में थोड़ा नहीं बल्कि कह सकते हैं कि जमीन आसमान का अंतर आ गया है। एक मुद्दा होता था, जुनून होता था, लोगों के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा होता था इसके साथ ही होता था क्षेत्र को नये आकार देने की चाहत होती थी लेकिन अब यह सब बीते दिनों की बात हो गयी है। आज के प्रत्याशियों से ज्यादा उनके कार्यकर्ता और उनके प्रतिनिधि उनकी पूरी भूमिका तय करते हैं। व्यवस्थाएं बदलती जा रही हैं, और लोग भी उसी रंग में रंगते जा रहें हैं। नेताओं के चलते लोगों (जनता) का व्यवहार व दिल दोनों ही बदल गया है, पहले जो कहते थे वहीं करते थे। कम पढ़े लिखे थे लेकिन उस दौर में वोट का प्रतिशत ज्यादा था, आज तो शत-प्रतिशत साक्षरता है बावजूद इसके वोट का प्रतिशत न के बराबर है इस पर भी सिर्फ हम लोगों को ही मंथन करना होगा, कारण खोजना होगा, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती वोट पर ही निर्भर करता है।



## उस समय जुबान की कीमत होती थी

1968 का किस्सा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में भोला दादा रहा करते थे, उनके पास गये और कहा कि वोट इस बार हमें ही दिजिएगा, तो उन्होंने कहा कि ए बार वोट तोहीं के देब बेटवा (डॉ. बैजनाथ), दो दिन बाद कुछ लोग वहां आये, दोपहर का समय था, प्यास लगी थी तो भोला दादा से पानी पीने की बात कही पानी पिलाने के लिए लोटा भर भोला दादा ने जब उनके समक्ष पहुंचे तो पन्ना लाल जी भाई बाबू रघुनाथ जी वहीं थे, डन्होंने कह दिया कि अरे आप पानी पी रहे हैं, लेकिन भोला दादा तो वोट डॉक्टर (बैजनाथ जी) उन्होंने पानी पीने से मना कर दिया, और कहा कि पानी तभी पियेंगे जब आप (भोला दादा) देंगे, अब दरवाजे से प्यासे कैसे जाने देते तो उन्होंने कहा दिया कि पानी पी लिजिए अब वोट आपको ही देंगे। बाद में भोला दादा मेरे (डॉ.बैजनाथ) पास आये और पूरा वाक्या बताते हुए कहा कि उस दिन (वोट वाले दिन ) हम घर से बाहर न निकलब और वोट भी ना देब ऐसे हमार वादा भी ना कटी, रहल बात घरे का कुल छह वोट क त कोई के भेज के सब के बोला लिहा और वोट डलवा दिहा। ऐसे थे उस समय लोग।

## जनता में भी बदलाव देखने को मिल रहा है

डॉ.बैजनाथ बताते हैं कि अब जनता में भी बदलाव देखने को मिल रहा है, कहतें कुछ है करते कुछ हैं, सभी की जय जयकार करते हैं और सभी को वोट देने की बात करते हैं लेकिन वो दौर था जब एक के सामने ही दूसरे को कह देते थे कि तोके वोट देब।

## अखबार में छपने के लिए ही हो हल्ला

डॉ.बैजनाथ बताते हैं कि आज के सदन में हो हल्ला करने वाले पार्षद काम के लिए हल्ला नहीं करते बल्कि अखबार की सुर्खिया बटोरने के लिए हल्ला करते हैं, कि अखबार में छप जाए कि फला ने कुर्सी मेज फेंक कर इस बात को कहा, इससे आप अपने क्षेत्र के लिए बजट मागेंगे। उस समय ऐसा नहीं था।

## 16 साल तक नहीं हुआ चुनाव

डॉ.बैजनाथ बताते हैं कि वाराणसी नगर निगम के इतिहास में पहली बाजर ऐसा हुआ जब 16 साल तक चुनाव नहीं हुआ था, स्मृति को बताते हुए कहते हैं कि सन 1968 के चुनाव के पांच साल पूरे होने के बाद 1973 से 16 साल तक चुनाव नहीं हुआ, इसके बाद 1989 में चुनाव हुआ, इस दौरान ना तो कोई पार्षद था और ना ही कोई मेयर, प्रशासनिक हाथों में नगर पालिका की कमान थी और बिना किसी हो हल्ला के काम भी होता था।

## नेता शब्द शर्म का द्योतक था

डॉ.बैजनाथ जी बताते हैं कि उस समय नेता कहने पर शर्म लगती थी लगता था कि किसी ने तुच्छ समझ कर बोधन किया है, लेकिन आज तो नेता का मतलब धनबल, बाहुबल है, नेता शब्द से ही उसके व्यक्तित्व की पहचान होती है। धर्म कर्म की भावना खत्म हो गयी है, देश सर्वोपरि खत्म हो गयी है।

## जब अटल जी आ गये क्लीनिक पर

उस समय की स्मृतियों को बताते हुए डॉ.बैजनाथ जी ने बताया कि आज के दौर में नेताओं के साथ फोटो खिंचवाने की होड़ लग जाती है, उस समय अटल बिहारी वाजपेयी आए थे लोगों ने हमें बुलाया फोटो के लिए हमने फोटो के लिए मना कर दिया, कुछ देर बाद अटल जी तरना मेरे क्लीनिक पर आ गये, ऐसा वह दौर था। इसके साथ कई ऐसी स्मृतियों को जीवंत कर उन्होंने बताया कि अब समय पूरी तरह से बदल गया है।

# दलों के लिए सिरदर्द बनते निर्दलीय

**निर्दल प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर जाते हैं दलों से नाराज कार्यकर्ता**

**ऐसे निर्दलीय प्रत्याशियों से दलों के उम्मीदवारों को होता है बड़ा खतरा**

**वर्ष 2017 के चुनाव में सपा-बसपा से अधिक जीते थे निर्दल पार्षद**






जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** नगर निकाय चुनाव के पहले चरण का प्रचार पूरे शबाब पर है। यह अलग बात है कि चुनाव आयोग के चाबुक के डर से लोग उस तरह से प्रचार नहीं कर पा रहे हैं, जिस तरह से पहले हुआ करता था। बावजूद इसके मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में करने के लिए कोई भी दल कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रहा है। हालांकि, इन सबके सामने एक बड़ी चुनौती भी है। ये चुनौती है निर्दलीय उम्मीदवारों की। दल बड़े हो या फिर छोटे, सभी दलों के लिए निर्दलीय हर बार की तरह इस बार भी सिरदर्द बन चुके हैं।

उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव दो चरणों में होना है। पहले चरण में नौ मंडलों के 37 जिलों में चार मई को मतदान होगा, जबकि बाकी नौ मंडलों के 38 जिलों में दूसरे चरण में 11 मई को मतदान होगा। इसके बाद सभी 75 जिलों में एक साथ 13 मई को मतगणना होगी। पहले और दूसरे चरण के चुनाव के लिए लगभग सभी दलों के प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है। राष्ट्रीय से लेकर क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रत्याशी तक चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। हर बार की तरह इस बार भी निकाय चुनावों में कई नेता पार्टी से टिकट न मिलने पर नाराज होकर निर्दलीय मैदान में उतर चुके हैं तो कई खुद की राजनीति चमकाने के इरादे से चुनावी अखाड़े में भाग्य आजमा रहे हैं। कई ऐसे भी हैं, जो सामाजिक कार्यों में जुटे रहते हैं और फिर पार्षद, नगर पंचायत, नगर पालिका जैसे चुनावों के जरिए राजनीतिक मैदान में उतर जाते हैं। इस बार भी ऐसे कई चेहरे मैदान में हैं। ऐसे निर्दलीय प्रत्याशियों से दलों के उम्मीदवारों को बड़ा खतरा होता है, क्योंकि वे वोट कटवा जो साबित होते हैं। वर्ष 2017 का निकाय चुनाव इसका एक उदाहरण है, जब सपा और बसपा से भी अधिक निर्दल पार्षद वाराणसी नगर निगम के मिनी सदन में पहुंचे थे।

राजनीति पर गहरी नजर रखने वालों की मानें तो स्थानीय निकाय के चुनावों में मतदाता पार्टी से ज्यादा महत्व अपने जान-पहचान और जाति के प्रत्याशी को तवज्जों देते हैं। इन चुनावों में जाति, धर्म और उम्मीदवार का चेहरा देखा जाता है। यही वजह है कि इन चुनावों में बड़ी संख्या में निर्दलीयों को जीत मिलती है। इसके साथ ही धनबल का जोर भी इन चुनावों में खूब चलता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि निकाय चुनाव में पार्षदी पद पर ताल ठोकने वाले ज्यादातर निर्दलीय प्रत्याशी ऐसे होते हैं, जो अपने क्षेत्र के लोगों के साथ रहते हैं। ये क्षेत्र के लोगों के हर सुख-दुख में उनका साथ देते हैं। बड़े मुद्दों पर उनके लिए आवाज उठाते हैं। जरूरत पड़ने पर हर तरह से मदद करने की कोशिश भी करते हैं। वहीं, राजनीतिक दलों के कई ऐसे प्रत्याशी होते हैं, जो क्षेत्र के लोगों के लिए एकदम नए होते हैं। यही कारण है कि चुनाव के वक्त लोग भी पार्टी और वैचारिक सोच को अलग रखते हुए अपने काम आने वाले निर्दलीय प्रत्याशी को वोट करते हैं। इसके बीच जिस निर्दलीय प्रत्याशी का भाग्य साथ देता है, वह चुनाव जीत कर अपने क्षेत्र की रहनुमाई भी करता है और मिनी सदन में जनता की आवाज उठाता है।

## अबकी 235 निर्दलीय चुनावी मैदान में

वाराणसी नगर निगम के 100 वार्डों के लिए 637 पार्षद प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इसमें 82 वार्डों में करीब 235 निर्दलीय प्रत्याशी पार्षद पदों के लिए ताल ठोक रहे हैं। इनमें कई पूर्व पार्षद भी है, जो निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि 18 वार्ड ऐसे हैं, जहां एक भी निर्दलीय प्रत्याशी नहीं है। घसियारी टोला वार्ड एक मात्र ऐसा वार्ड है, जहां महज दो प्रत्याशी ही मैदान में हैं। यहां भाजपा प्रत्याशी का मुकाबला निर्दलीय उम्मीदवार से हैं। ऐसे में निर्दलीयों प्रत्याशियों की बड़े और क्षेत्रीय दलों का समीकरण बदल सकते हैं, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। बात महापौर पद की करें तो इस पद के लिए कुल 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से पांच निर्दलीय है।

## आंकड़ों की जुबानी, यूपी निकाय चुनाव की कहानी

यूपी के स्तर पर निकाय चुनाव की बात करें तो नगर पालिका, नगर पंचायत में तो निर्दलीय प्रत्याशियों के जीत का आंकड़ा दलों वाले उम्मीदवारों से कहीं अधिक है। पिछला नगरीय निकाय चुनाव नवम्बर 2017 में तीन चरणों में हुए थे। 75 जिलों के कुल 652 नगरीय निकायों के नतीजे एक दिसम्बर 2017 को आए थे। इसमें राज्य की सत्ताधारी भाजपा ने एकतरफा जीत दर्ज की थी। उसने 16 महापौर पद में से 14 पर कब्जा जमाया था जबकि दो पद बसपा के खाते में गए थे। नगर निगम के करीब 1300 पार्षद पद की बात करें तो भाजपा ने सबसे ज्यादा 596 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा के बाद दूसरे नंबर पर जीत हासिल करने वाले निर्दलीय प्रत्याशी ही थे। 225 निर्दलीय प्रत्याशियों को इसमें सफलता मिली थी। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने 202, बहुजन समाज पार्टी ने 147, कांग्रेस ने 110 और बाकी पर अन्य ने जीत दर्ज की थी। जबकि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के 198 सीटों पर चुनाव हुए थे। इनमें से भाजपा के खाते में 70, सपा ने 45, बसपा ने 29, कांग्रेस ने नौ और एक सीट भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जीती थी। भाजपा और सपा के बाद तीसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी ही थे। चुनाव में कुल 43 निर्दलीय उम्मीदवार जीत हासिल कर नगर पालिका अध्यक्ष बने थे। अब नगर पालिका परिषद सदस्य के चुनाव पर नजर डालते हैं। इसमें निर्दलीय प्रत्याशियों के आगे बड़े-बड़े राजनीतिक दल के उम्मीदवार फेल हो गए। चुनाव में सबसे ज्यादा 3379 सदस्य निर्दलीय निर्वाचित हुए। इसके बाद भाजपा के 923, सपा के 477, बसपा के 262, कांग्रेस के 158 प्रत्याशी चुनाव जीते थे। कुछ यही हाल नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भी देखने को मिला। 2017 में सबसे ज्यादा 182 नगर पंचायत अध्यक्ष निर्दलीय ही निर्वाचित हुए थे। इसके बाद भाजपा के 100 प्रत्याशी चुनाव जीतकर नगर पंचायत अध्यक्ष बने। सपा के 83, बसपा के 45 और कांग्रेस के 17 नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी चुनाव जीते थे। नगर पंचायत सदस्य में भी बड़े दलों के उम्मीदवारों पर निर्दलीय भारी पड़े थे। इस चुनाव में भाजपा के 664 नगर पंचायत सदस्य बने थे। इसके बाद सपा के 453, बसपा के 218 और कांग्रेस के 126 थे। जबकि सबसे ज्यादा 3,876 निर्दलीय प्रत्याशी नगर पंचायत के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

## मन की बात के 100वें संस्करण पर विशेष डाक टिकट जारी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण के मौके पर डाक विभाग ने एक डाक टिकट जारी किया है। उक्त जानकारी वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि डाक और रेडियो का अभिन्न संबंध रहा है। कभी रेडियो के हर कार्यक्रम श्रोताओं के पत्रों के बिना अधूरे होते थे। पोस्टकार्ड से लेकर लिफाफों पर लिखे इन पत्रों को डाकिया बाबू बड़े जतन से रेडियो स्टेशन पहुंचाते थे, कई बार तो इन्हें काफी बड़े मेल बैगों में भरकर वितरित करना पड़ता था। पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि 'मन की बात' के 100 वें संस्करण को यादगार बनाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने इस पर 26 अप्रैल, 2023 को एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया है। 5 रुपए वाला यह डाक टिकट शीघ्र ही वाराणसी प्रधान डाकघर के फिलेटली ब्यूरो में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

## फिटजी की छात्रा ने किया वाराणसी में जेईई टॉप



**वाराणसी।** जी मेन के परिणाम घोषित होते ही फिटजी वाराणसी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इतिहास को दोहराते हुए संस्था ने इस बार फिर शहर की न सिर्फ टॉप रैंक पर कब्जा जमाया बल्कि सर्वाधिक चयन के साथ अपना रिकार्ड कायम रखा। प्रेस कॉन्फेन्स में संस्था प्रमुख अंबुज पाण्डेय ने बताया कि (काजल यादव) ने एआईआर 644 प्राप्त कर पूरे वाराणसी शहर में पहला स्थान हासिल कर संस्था को गौरवान्वित किया। साथ ही अन्य सफल छात्रों (वंश अग्रवाल) एआईआर 876, (उदय एम श्रीवास्तव) एआईआर 4576, (पवित्रो भट्टाचार्या) एआईआर 5677 आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का मान बढ़ाया। इस बार संस्था से जी मेन में 65% छात्रों ने सफलता अर्जित की जो कि प्रतिशत चयन में पूरे शहर में किसी संस्था द्वारा सर्वाधिक प्रतिशत चयन है। सिटी टॉपर काजल यादव ने बताया कि आईआईटी में जाना उनका सपना रहा है। जिसके लिए उन्होंने दिन-रात मेहनत की है। संस्था प्रमुख अंबुज पाण्डेय ने सभी सफल छात्रों एवं उनके अभिभावकों तथा फिटजी फैसिलिटीज फीटजी को धन्यवाद देते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।

## जी मेन (फाइनल) प्रवेश परीक्षा में जेआरएस के आयुष फर्स्ट सिटी टॉपर



वाराणसी। 2023 की अखिल भारतीय परीक्षा में जेआरएस. ट्यूटोरियल्स के छात्रों ने शानदार सफलता अर्जित की है। संस्था के 75 छात्रों ने प्रथम 25000 के अन्दर रैंक प्राप्त किया हैं। इन सफल छात्रों में आयुष प्रियदर्शी फर्स्ट सिटी टॉपर (685 रैंक सामान्य श्रेणी एवं 115 रैंक ओबीसी.) की सफलता विशेष रूप से उल्लेखनीय है । संस्था के 4 छात्र, प्रतीक गुप्ता, अभय कुमार, अभिनन्दन पाण्डेय एवं अयान अंसारी ने सेकेण्ड फेज में फिजिक्स में 100 प्रसेन्टटाइल प्राप्त करके विशेष उपलब्धि हासिल की। अन्य सफल छात्रों में सिद्धान्त बरनवाल (827 रैंक सामान्य श्रेणी एवं 80 रैंक एहर), इशान सिंह ( 914 रैंक सामान्य श्रेणी), प्रतीक गुप्ता (2128 रैंक सामान्य श्रेणी एवं 373 रैंक ओ.बी.सी.), आदित्य कुशवाहा (2926 रैंक सामान्य श्रेणी), हिमांशु पटेल (3267 रैंक सामान्य श्रेणी एवं 632 रैंक ओ.बी.सी.), आयुष राय (4140 रैंक सामान्य श्रेणी एवं 502 रैंक एहर). अमन जायसवाल (4274 रैंक सामान्य श्रेणी एवं 839 रैंक ओ.बी.सी.), राज मौर्या (4428 रैंक सामान्य श्रेणी एवं 867 रैंक ओबीसी.), दीपांक सिंह (4759 रैंक सामान्य श्रेणी एवं 952 रैंक ओबीसी.) एवं अभिषेक वर्मा (4826 रैंक सामान्य श्रेणी एवं 966 रैंक ओ.बी.सी.) की सफलता उल्लेखनीय है। जे०आर०एस० ट्यूटोरियल्स के निदेशक एके. झा ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी। कहा कि संस्था से प्रतिवर्ष हजारों छात्र मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा में लगातार सफल होते रहे है। इस वर्ष भी संस्था ने अपनी लगन एवं परिश्रम के द्वारा अपनी परम्परा को कायम रखा है।

## प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान



**चिरईगांव।** यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाले के.डी.इण्टर कालेज सीवों बरियासनपुर की छात्रा छात्राओं को शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन की तरफ से सम्मानित कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। विद्यालय के संस्थापक पन्ना लाल मौर्या ने मेधावी छात्र छात्राओं का हौसला बढाते हुए कहा कि मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने वाले को सफलता अवश्य मिलती है। प्रधानाचार्य परमानंद मौर्या ने कक्षा 10 और कक्षा 12 की 26 छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाई सम्मान समारोह में ग्रामप्रधान शंकरपुर मुन्ना यादव, छेदी लाल, मंगरु राजभर, सियाराम, मुकेश कुमार सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं, शिक्षक, अभिभावक उपस्थित थे।

## कैटजी के अंसल की सामान्य वर्ग में ऑल इंडिया रैंक 680

**वाराणसी।** शनिवार सुबह घोषित जे.ई.ई मेन 2023 परीक्षा के रिजल्ट में महमूरगंज स्थित आई.आई.टी/मेडिकल की कोचिंग कैटजी के अंसल ने सामान्य वर्ग में ऑल इंडिया रैंक 680 प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। असल मूल रूप से बिहार का रहने वाला बच्चा है और कैटजी संस्थान में ऑनलाइन क्लासेज में पंजीकृत छात्र है। निदेशक एस के अग्रवाल ने सफल विद्यार्थिओं को बधाई दी और बताया की वर्ष दर वर्ष कैटजी के विद्यार्थिओं का प्रदर्शन दर बेहतर होता जा रहा है।



कैंपस में पढ़ रहे ऑफलाइन बच्चे तो अपना बढ़िया प्रदर्शन कर ही रहे हैं और इसी के साथ साथ कैटजी ऑनलाइन क्लासेज हर बदलते साल के साथ अपने सफलता के पैर पसार रहा है। उपनिदेशक अनुराग मोहंती ने बताया की संस्था से 15 छात्रों ने सामान्य वर्ग में ऑल इंडिया रैंक 10000 के अन्दर और 25 छात्रों ने सामान्य वर्ग में ऑल इंडिया रैंक 20000 के अन्दर जगह बनायीं है और जो एक अति सम्मान जनक प्रदर्शन है। टारगेट वैच के विद्यार्थिओं के लिए एक स्पेशल प्रवेश परीक्षा जीनियस-20 मई के 15 तारीख को आयोजित की जा रही है।

## 19 लाख से कैंट डिपो कार्यशाला की बदलेगी सूरत

**वाराणसी।** रोडवेज कैंट बस अड्डा के क्षेत्रीय कार्यशाला की सूरत बदलने पर 19 लाख रुपये खर्च होंगे। परिसर में जलजमाव की समस्या का समाधान करने के साथ ही यहां बसों को खड़ा करने के लिए स्टैंड के अलावा शेड और महिला शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। बसों का प्लेटफार्म ऊंचा होने पर जलभराव की समस्या दूर होगी तथा पानी में डूबने की वजह से बसों में होने वाली खामियां भी कम होंगी। सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय कार्यालय ने इस बाबत प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेज दिया है। इन कार्यों पर 19 लाख रुपये खर्च की संभावना जताई गई है। रोडवेज कार्यशाला में प्रतिदिन 90 बसों के मेंटेनेंस की क्षमता है। वर्कशॉप का परिसर मुख्य मार्ग से नीचे है। इसके चलते बरसात में पानी लग जाता है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक (वाराणसी परिक्षेत्र) गौरव वर्मा के मुताबिक मुख्यालय से मंजूरी मिलते ही काम शुरू करा दियाजाएगा।